आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 27 जून 2024
वर्ष 34, अंक 150, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया 2

पिता की पुण्यतिथि पर याद कर भावुक हुए करण जौहर 14


## सड़कें अच्छी हालत में न हों तो टोल न वसूलें

नई दिल्ली, एजेंसी



- राजमार्ग एजेंसियों से बोले सड़क परिवहन मंत्री गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि अगर सड़कें अच्छी हालत में नहीं हैं तो राजमार्ग का संचालन करने वाली एजेंसियों को उपयोगकर्ताओं से टोल नहीं वसूलना चाहिए।

गडकरी उपग्रह-आधारित टोल संग्रह प्रणाली पर आयोजित एक वैश्विक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस प्रणाली को चालू वित्त वर्ष में ही 5,000 किलोमीटर से अधिक लंबे राजमार्गों पर लागू किया जाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपको उसी जगह पर उपयोगकर्ता शुल्क वसूलना चाहिए, जहां आप सबसे अच्छी गुणवत्ता वाली सड़क मुहैया करा रहे हैं। अगर आप गड्ढों और कीचड़ वाली सड़कों पर भी टोल वसूलते हैं, तो आपको लोगों की प्रतिक्रिया का भी सामना करना होगा। एनएचएआई मौजूदा फास्टैग व्यवस्था के भीतर ही जीएनएसएस पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह व्यवस्था लागू करने की योजना बना रहा है।

### शासन की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर गांव तक पहुंचाने की योजना, संबंधित जिलों के डीएम और सीएमओ से शासन ने मांगा प्रस्ताव

## बरेली, कानपुर, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में बनेंगे 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार को तलाश है ऐसी जगहों की जहां बढ़ी जनसंख्या की जरुरतों को देखते हुए स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोले जा सकें। शुरुआत में ऐसे नए हेल्थ सबसेंटर किराए के भवन में संचालित किए जा सकते हैं लेकिन बाद में जमीन लेकर इसके लिए सरकार भवन भी बनवाएगी।

बरेली, कानपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित करने के लिए शासन ने प्रस्ताव मांगे हैं। शासन की ओर से इन जिलों के डीएम और सीएमओ को पत्र भेज दिया गया है। इसमें उनसे स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। जगह तय होने के बाद जल्द ही उपकेंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शर्त यह रखी गई है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए जगह का निर्धारण वहां की जनसंख्या के अनुसार किया जाए। दरअसल, जिस इलाके में जनसंख्या बढ़ी है, वहां जरूरत को देखते हुए ही ऐसे केन्द्र खोलने का प्रस्ताव किया जाए।

### इन जिलों में बनेंगे स्वास्थ्य उपकेंद्र

बरेली के साथ ही पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, प्रतापगढ़, फतेहपुर, प्रयागराज, ललितपुर, चित्रकूट, बाराबंकी, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बलिया, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर बस्ती, सन्त कबीरनगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, सोनुरुद्र, भदोही, वाराणासी, चन्दौली एवं गाजीपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनेंगे।

### 12 अस्पतालों को अल्ट्रासाउंड मशीन

पेट संबंधी जांच व गर्भवती महिलाओं के इलाज में उपयोगी अल्ट्रासाउंड मशीनों की उपलब्धता आठ जिलों के 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कराई जा रही है। करीब 10 लाख रुपये प्रति मशीन के आधार पर राज्य सरकार ने एक करोड़ 20 लाख रुपये भेजे हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एमबीबीएस चिकित्सकों को अल्ट्रासाउंड जांच की ट्रेनिंग भी करा दी गई है। राजधानी में गुडंबा व नगराम सीएचसी में, फिरोजाबाद में तीन, गाजियाबाद में दो, इसके अलावा कानपुर देहात, अंबेडकरनगर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ व रायबरेली में एक-एक मशीन भेजी जा रही हैं।

### 48 जिलों में 150 सीएचसी को देंगे डेंटल चेयर

ग्रामीण क्षेत्रों में दांतों की समस्या के लिए मरीजों को शहर के अस्पतालों में नहीं आना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार 48 जिलों में 150 सीएचसी पर दंत चिकित्सा सेवाएं दुरुस्त कराने के लिए डेंटल चेयर भेजेगी। इसके लिए 2.8 लाख की प्रति डेंटल चेयर के आधार पर कुल चार करोड़ 20 लाख रुपये स्वास्थ्य विभाग को स्वीकृत कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने बताया कि नौ चेयर अयोध्या के विभिन्न सीएचसी के लिए मिलेंगी। जौनपुर व प्रयागराज में आठ-आठ, मेरठ में सात, आगरा को छह, अमरोहा, कन्नौज, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, बिजनौर, आजमगढ़ में पांच-पांच, बुलंदशहर, भदोही, कानपुर नगर को चार-चार, शामली, बदायूं, बहराइच, मिर्जापुर, कौशांबी, बरेली और सुल्तानपुर में तीन-तीन, उन्नाव, बांदा, झांसी, रायबरेली, फतेहपुर, बलिया, संभल, चंदौली व गोंडा में दो-दो, ललितपुर, अमेठी, औरैया, इटावा, हापुड़, चित्रकूट, मुरादाबाद, बागपत, देवरिया, मऊ, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, कासगंज व गोरखपुर में एक-एक डेंटल चेयर उपलब्ध कराई जाएगी।

## एक नजर

### हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका खारिज

**मुंबई।** बम्बई हाईकोर्ट ने बुधवार को छात्राओं के एक समूह की ओर से दायर वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें मुंबई के एक कॉलेज के निर्धारित ड्रेस कोड को चुनौती दी गयी थी। न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हम हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। गौरतलब है कि छात्राओं के एक समूह ने कॉलेज के अधिकारियों की ओर से निर्धारित ड्रेस कोड को न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसमें छात्राओं को परिसर में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी आदि पहनने से प्रतिबंधित किया गया था।

### सेंसेक्स और निफ्टी फिर नई ऊंचाई पर पहुंचे

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से बुधवार को शेयर बाजार को पंख लग गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक अर्थात 0.80 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,674.25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 147.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत मजबूत होकर 23,868.80 अंक के सार्वकालिक स्तर पर रहा।

# ओम बिरला फिर बने लोस अध्यक्ष

## दूसरी बार दायित्व : ध्वनिमत से सदन का फैसला, विपक्ष ने नहीं की मत विभाजन की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार यह उत्तरदायित्व संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को कार्यवाहक अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सांसद कोडिकुन्नील सुरेश को अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन मत-विभाजन कराने पर जोर नहीं दिया। इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरला के पास जाकर उन्हें बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई दी और प्रधानमंत्री मोदी से भी हाथ मिलाया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्ष के कई नेताओं ने बिरला को बधाई दी। विपक्ष के नेताओं ने उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा देश के नागरिकों के सपनों को सफलतापूर्वक पूरा करेगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपके दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आपको बधाई देना चाहता हूं।



ओम बिरला को बधाई देते नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, साथ में प्रधानमंत्री मोदी और रीजीजू।

- प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री रीजीजू अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए
- विपक्ष के नेताओं ने बिरला से सदन में अपनी आवाज भी सुने जाने की उम्मीद जताई

### जनअपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम करें : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिरला (61) ने कहा कि सभी सदस्यों को संसदीय परंपराओं के अनुरूप सामूहिक रूप से राष्ट्रहित के लिए काम करना चाहिए तथा सड़क और संसद में विरोध के अंतर को समझते हुए सहमति-असहमति व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पुन: इस महान सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में दायित्व निर्वहन करने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिपरिषद, सभी दलों के नेताओं और सभी सदस्यों का हार्दिक आभार। बिरला ने कहा कि हम सबका दायित्व हो जाता है कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

### आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव, विपक्ष ने किया हंगामा

बिरला ने अध्यक्ष के रूप में कामकाज संभालने के बाद 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की लोकसभा में निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि वह कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज है जब देश में तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था। इस दौरान सदन में कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया और नारेबाजी की। आपातकाल के खिलाफ आज जहां भाजपा के सांसदों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया, वहीं सदन में आपातकाल पर प्रस्ताव रखे जाने के विरुद्ध विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

### कांग्रेस का चरित्र आज भी अधिनायकवादी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से पढ़े गए निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गए हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है।

## केजरीवाल को कोर्ट ने दी तीन दिन की सीबीआई रिमांड

नई दिल्ली, एजेंसी



- औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कोर्ट से मांगी थी 5 दिन की हिरासत
- मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अपनी अंतरिम जमानत याचिका

आबकारी नीति कथित घोटाला से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यहां की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी।

सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ के बाद बुधवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। इससे पहले केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली हाईकोर्ट की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी और उन्होंने अपनी याचिका (बुधवार को) वापस ले ली।

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें अपनी यह याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने हालांकि उन्हें जमानत आदेश के क्रियान्वयन को निलंबित करने वाले उच्च न्यायालय के 25 जून के आदेश को चुनौती देने वाली नई याचिका दायर करने की छूट दे दी।

### नीट प्रश्न-पत्र लीक मामला

## दो अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड

पटना, एजेंसी

- केंद्रीय जांच एजेंसी 4 जुलाई तक करेगी पूछताछ

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो अभियुक्तों को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए बुधवार को सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश को हिरासती पूछताछ के लिए 27 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर के अधीक्षक को दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर 04 जुलाई को दिन के 11 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है। सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 23 जून को अपनी प्राथमिकी दर्ज की है और जांच अपने हाथ में ले लिया है।

### सीट दिलाने के लिए वसूले 12 लाख रुपये

**कोलकाता।** कोलकाता के एक शिक्षण संस्थान से जुड़े एक व्यक्ति को एक छात्र के माता-पिता से पैसे लेकर नीट परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान दिलाने का वादा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपी ने छात्र को 12 लाख में कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में सीट दिलाने का भी आश्वासन दिया था। जिसमें से 5 लाख रुपये ले भी लिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेक्सपियर सरानी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया गया था।

### महाराष्ट्र के लातूर से एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुम्बई।** नीट-यूजी पेपर लीक घोटाला मामले के तीसरे आरोपी संजय जाधव को महाराष्ट्र के लातूर से पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जाधव से पूछताछ में इस घोटाले में शिक्षा क्षेत्र के कई लोग, छात्र और अभिभावकों के भी शामिल होने का पता चला है। पुलिल ने बताया कि एक निजी स्कूल में विज्ञान शिक्षक जाधव ने दिल्ली के मास्टरमाइंड गंगाधर मुंडे और महाराष्ट्र के दो आरोपियों- हेडमास्टर पठान और इरन्ना कोंगलवार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई है।

## अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण और समायोजन का आदेश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- शिक्षकों की ग्रामीण से ग्रामीण और नगर से नगर में होगी तैनाती

**अमृत विचार** : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन के संबंध में शासन ने अनुमति दे दी है। शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं समायोजन निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 के मानकों के आधार पर होगा। ऐसे में अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन की कार्रवाई ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्ग व नगरीय सेवा संवर्ग से नगरीय सेवा संवर्ग में ही की जाएगी। इसके साथ ही शैक्षिक सत्र 2023-24 की यू-डायस पोर्टल पर 31 मार्च, 2024 को उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर अधिक अध्यापक संख्या वाले विद्यालयों एवं अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा। अधिक अध्यापक संख्या वाले चिन्हित विद्यालयों में मानक से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिका को उनकी जनपद में सेवावधि के आधार पर क्रमानुसार चिन्हित किया जाएगा।

## पूर्व विदेश सचिव मुचकुंद दुबे का निधन



**नई दिल्ली।** वर्ष 1990 से 1991 के तक भारत के विदेश सचिव रहे मुचकुंद दुबे (90) का बुधवार को अपरान्ह दिल्ली स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। वह कुछ हफ्तों से बीमार चल रहे थे। उन्हें हृदय संबंधी बीमारी थी। गुरुवार शाम लोधी रोड श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया जाएगा। मुचकुंद दुबे ने बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त और संयुक्त राष्ट्र संगठन जेनेवा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि की भी भूमिका निभाई थी। पूर्व विदेश सचिव को निःशस्त्रीकरण मामलों का विशेषज्ञ माना जाता था।

## वज्रपात से 11 की मौत, कई झुलसे

समाचार डेस्क, लखनऊ

- पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4, संभल में 3, जालौन व बहराइच में एक-एक व लखीमपुर में 2 की गई जान

**अमृत विचार** : प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश के बीच हुए वज्रपात में 11 लोगों की जान चली गई है। पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4, लखीमपुर खीरी में 2, जालौन व बहराइच में एक-एक व संभल में 3 लोगों की मौत हुई है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से कई लोग झुलस भी गए हैं।

पीलीभीत के सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम खजुराह के खूबचंद का 17 वर्षीय पुत्र अर्जुन बुधवार सुबह खेत पर गया था। उसके साथ गांव का विपिन, धर्मेंद्र, जितेंद्र भी थे। चारों आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इलाज के दौरान अर्जुन की मौत हो गई। घुंघचिहाई के मटेहना कॉलोनी के सरवन कुमार (50) धान की रोपाई कर रहे थे। बिजली गिरने से वह अचेत हो गए। उन्हें सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर में जलालाबाद के नयागांव गुलरिया के नीलेश (17) की जान भी आकाशीय बिजली गिरने से चली गई।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के बरेंग गांव में बीए की छात्रा राजकुमारी (19) बुधवार दोपहर बारिश में छत पर नहा रही थी। तेज चमक के साथ बिजली गिरी इससे छत में गड्ढा हो गया और राजकुमारी की झुलसकर मौत हो गई।

लखीमपुर खीरी जिले के गांव पड़री निवासी तेजपाल के दो बेटे आनंद (10) अपने छोटे भाई अभय राज (6) और परिवार के ही प्रेमपाल के पुत्र विनीत (6) व नीरज (11) के साथ घर के बाहर खेल रहे थे। वज्रपात से चारों झुलस गए। इलाज के दौरान आनंद व अभय की मौत हो गई। जालौन के कालपी तहसील के करमचंदपुर में पुत्तूलाल यादव व बहराइच के गांव फकीरपुरी में रामनिवास(12) पुत्र अजीत कुमार की मौत भी वज्रपात से हो गई। संभल में नखासा थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर संदल निवासी मालती देवी बिजली गिरने से झुलस गई, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। जबकि तीन से चार आतंकवादियों के फंसे होने की खबर है। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन, डोडा के पुलिस उपनिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुठभेड़ स्थल पर मौजूद हैं। सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों के जवान जब संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो छिपे आतंकवादियों ने पुलिस और सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई जो अभी भी जारी है।

## उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी में पावर कॉरपोरेशन

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली कनेक्शन कटने व जुड़ने पर वसूलेगा 50 रुपये शुल्क

- मैसेज अलर्ट के लिए 10 रुपये शुल्क, यूपीपीसीएल ने भेजा नियामक आयोग में प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश के उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी शुरू कर दी है। कॉरपोरेशन के नए फैसले के तहत अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को बकाए पर बिजली कनेक्शन कटने या दोबारा जोड़े जाने पर 50 रुपये शुल्क देना होगा। मोबाइल पर अलर्ट मैसेज का भी 10 रुपये शुल्क वसूल किया जाएगा। नई बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया के बीच कॉरपोरेशन ने इस सिलसिले में प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग में दिया है। प्रदेश में नई बिजली दरें लागू करने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। नियामक आयोग उपभोक्ताओं का पक्ष जानने के लिए जनसुनवाई की तारीख घोषित कर चुका है। पहली सुनवाई आठ जुलाई को कानपुर में होगी। इसके बाद मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत बाकी निगम क्षेत्रों में जनसुनवाई होगी। सूत्रों के अनुसार इसी बीच बीती देर रात कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में एक प्रस्ताव दाखिल किया है, जिसमें नया शुल्क लिए जाने का उल्लेख है। वर्तमान में अभी इस तरह का कोई शुल्क लेने की व्यवस्था नहीं है। वजह यह है कि बिल बकाया होने पर मीटर से स्वतः कनेक्शन कटने व बिल जमा करने पर दोबारा बिजली जुड़ने की व्यवस्था है।

### कॉरपोरेशन का फैसला नियमों के विपरीत-अवधेश वर्मा

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि कॉरपोरेशन की ओर से उपभोक्ताओं से इस तरह का शुल्क लेने का फैसला नियमों के विपरीत है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर सभी व्यवस्था 'सिस्टम जेनरेटेड' होती है। पूरे देश में कहीं भी एसएमएस अलर्ट का 10 रुपये चार्ज नहीं किया जाता। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 के तहत कनेक्शन काटने के पहले उपभोक्ता को 15 दिन की नोटिस देने का प्रावधान है। जब बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया चालू हो चुकी है, तो नियमत: कॉरपोरेशन ऐसा प्रस्ताव दाखिल नहीं कर सकता है।

### व्यवस्था वैकल्पिक

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि वर्तमान में पोस्टपेड व्यवस्था के तहत पावर कॉरपोरेशन ने पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं से लगभग 5000 करोड़ के बीच सिक्योरिटी जमा कर रखी है। ऐसे में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का अधिकार वैकल्पिक है।

### रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप

**लखनऊ।** भीषण उमस के कारण प्रदेश में बिजली की मांग फिर बढ़ गई है। भारी लोड के कारण रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं, जबकि पहले से बंद चल रही दो इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। एक साथ पांच इकाइयों के बंद होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई हैं।



# टी20 विश्वकप फाइनल में जगह बनाने उतरेंगे दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान



तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था।

अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन के कई नायक हैं- कप्तान राशिद खान ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है, तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाई, गुलबदिन नायब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चमत्कारिक स्पेल डाला जबकि मोहम्मद नबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 281 रन के साथ टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज जबकि फारूकी 16 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं।

दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक अपना धैर्य बरकार रखते हुए कुछ बेहद करीबी मुकाबले जीते हैं। टीम ने टूर्नामेंट में एक रन (नेपाल के खिलाफ), चार रन (बांग्लादेश के खिलाफ) और तीन विकेट (वेस्टइंडीज के खिलाफ) की करीबी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की अतीत की टीमें इन परिस्थितियों में विफल हो सकती थी लेकिन एडेन मार्कराम की टीम ने उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई है। टूर्नामेंट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में केवल एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी है। क्विंटन डिकॉक सात मैच में 199 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं जबकि उनका कोई भी गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। लेकिन वे यहां सेमीफाइनल में खेल रहे हैं।

### द. अफ्रीका का सफर

- श्रीलंका को 6 विकेट से हराया
- नीदरलैंड को 4 विकेट से हराया
- बांग्लादेश को 4 रन से हराया
- नेपाल को 1 रन से हराया
- अमेरिका को 18 रन से हराया
- इंग्लैंड को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया

### टीम इस प्रकार हैं

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदिन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी और फरीद अहमद मलिक।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**समय :** मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

### अफगानिस्तान का सफर

- युगांडा को 125 रन से हराया
- न्यूजीलैंड को 84 रन से हराया
- पीएनजी को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज से 104 रन से हारे
- भारत से 47 रन से हारे
- ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया
- बांग्लादेश को 8 रन से हराया



# अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया

## भारत-इंग्लैंड के बीच मैच में बारिश होने की स्थिति में अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली थी मात
- गुयाना में आज होगा भारत और इंग्लैंड का आमना-सामना

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को गुयाना में पिछले टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार का बदला लेकर इस बार फाइनल में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का विश्वकप में अब बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इसी के बलबूते पर वह दक्षिण अफ्रीका के बाद एकमात्र ऐसी टीम है, जिसे अब तक इस संस्करण में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा लगा रहा कि भारतीय टीम इतिहास रचने के करीब है और उसे इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकाना है।

मौसम को देखते हुए माना जा रहा है कि भारत-इंग्लैंड मैच में बारिश हो सकती है। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं है। अगर बारिश के कारण मैच धुल जाता है तो अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद है। हालांकि उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित से सेमीफाइनल में अधिक उम्मीदें है। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार रिकार्ड रहा है और इस विश्व कप में वह लय में हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजो के खिलाफ वह और भी अधिक घातक रहे हैं। टी-20 में जॉस बटलर ने अब तक बुमराह का 12 पारियों में सामना किया है और उसमें केवल 5.19 की रनरेट से रन बनाते हुए चार बार आउट हुए हैं। वहीं सैम करन तो पांच पारियों में चार बार बुमराह का शिकार बने हैं। इसी तरह लियम लिविंगस्टन और मोईन अली जैसे खिलाड़ियों भी नाम हैं, जिनका बल्ला बुमराह के खिलाफ शांत रहा है। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की गेंदबाजी में धार गेंदबाजी कर तथा हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी से भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है।

जॉस बटलर टी-20 विश्व कप में 900 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की अगर लिस्ट निकाली जाए तो सबसे अधिक स्ट्राइक रेट के मामले में वह बहुत आगे हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में अब तक 45 की औसत और 147.1 के स्ट्राइक रेट से 990 रन बनाए हैं। 2016 के बाद से बटलर ने हर टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है। बटलर ने इंग्लैंड के अंतिम सुपर आठ मैच में रन बनाए और भारतीय आक्रमण से अच्छी तरह परिचित हैं। उनके सलामी जोड़ीदार सॉल्ट बहुत जल्दी खेल को विरोधी टीम से दूर ले जा सकते हैं और भारत को उन्हें पावरप्ले में आउट करना होगा। जॉनी बेयरस्टो और मोईन अली से इंग्लैंड अधिक रन की उम्मीद है। मोईन ऑफ स्पिन गेंदबाज है तथा लियाम लिविंगस्टोन लेग और ऑफ स्पिन दोनों में माहिर हैं।

### इंग्लैंड को असाधारण करने की जरूरत होगी: पॉल कॉलिंगवुड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑलराउंडर पॉल कोलिंगवुड के अनुसार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रहे भारत को हराने के लिए इंग्लैंड को असाधारण प्रदर्शन करना होगा और उन्हें लगता है कि रोहित शर्मा की टीम के गत चैंपियन के खिलाफ हारने की संभावना नहीं है। भारत और इंग्लैंड एडीलेड में 2022 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच की पुनरावृत्ति में गुरुवार को भिड़ने के लिए तैयार हैं। तब जोस बटलर की टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। कोलिंगवुड ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' कार्यक्रम में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी। जसप्रीत बुमराह शानदार फॉर्म में हैं। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान जैसी टीमों को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए जूझना पड़ा।



## खेल डायरी

### इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने महंगा ओवर फेंका



**ब्राइटन (इंग्लैंड)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने बुधवार को काउंटी चैम्पियनशिप मैच में 43 रन लुटाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दायें हाथ के गेंदबाज रॉबिन्सन (30 वर्ष) ने इंग्लैंड के लिए 2021 में पदार्पण के बाद 20 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने होव में यहां ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशर के खिलाफ डिवीजन दो मैच में अपना ओवर पूरा करने के लिए कुल नौ गेंद फेंकी जिन पर 43 रन बने। लीसेस्टरशर के लुईस किम्बर ने रॉबिन्सन पर पांच छक्के (तीन नोबॉल पर लगे), तीन चौके और एक रन से 43 रन बनाये। उन्होंने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज एलेक्स ट्यूडर के 38 रन देने के ओवर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

### ग्रैंड शतरंज टूर: गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश गुरुवार से यहां शुरू होने वाले सबसे बड़े इनामी टूर्नामेंट ग्रैंड शतरंज टूर में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे जबकि आर प्रज्ञाननंदा की निगाह भी सफलता हासिल करने पर होगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो अपनी बादशाहत साबित करने और मोटी धनराशि हासिल करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेंगे। बुखारेस्ट का इस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले होने की पूरी संभावना है।

### रिलायंस फाउंडेशन ने बनाया इंडिया हाउस

**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन ने भारतीय ओलंपिक संघ के साथ साझेदारी के तहत पेरिस ओलंपिक खेलों में देश का पहला कंट्री हाउस यानी इंडिया हाउस बनाया है। इंडिया हाउस पेरिस के प्रतिष्ठित पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। इंडिया हाउस के दरवाजे दुनिया भर के एथलीटों, गणमान्य व्यक्तियों और खेल प्रेमियों के लिए खुले रहेंगे। इस हाउस भारत की प्रतिभा, क्षमता और महत्वाकांक्षा, संस्कृति से लेकर कला और खेल से लेकर योग, हस्तशिल्प, संगीत की झलक मिलेगी और पारंपरिक भारतीय व्यंजन परोसे जाएंगे।

### भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है, जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं।

### मध्यप्रदेश के पूर्व रणजी कप्तान विजय नहीं रहे

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम के पूर्व कप्तान विजय नायडू (79) का बुधवार को लम्बी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के सचिव संजीव राव ने यह जानकारी दी। राव ने बताया कि नायडू ने 1968-69 से 1970-71 तक तीन सत्रों में मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम का नेतृत्व किया था। नायडू ने 1960-61 से 1977-78 के बीच 47 प्रथम श्रेणी और तीन लिस्ट-ए मैच खेले थे। एमपीसीए सचिव ने बताया, नायडू एक भरोसेमंद बल्लेबाज थे जो प्रभावी गेंदबाजी भी कर सकते थे।

### जयवर्धने ने सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दिया

**कोलंबो।** पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने ने श्रीलंका के सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर को जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान ने कहा, जयवर्धने ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय टीम के तंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव करने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका क्रिकेट भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता है और अपनी सेवाएं देने के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

# सूर्या को पछाड़कर हेड बने नंबर एक टी20 बल्लेबाज



- दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे सूर्यकुमार यादव
- हेड ने टी20 विश्वकप में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए
- भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 24वें स्थान पर पहुंच गए
- स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज
- इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए, जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन से दूसरे स्थान पर हैं।

# श्रीहरि और धीनिधि को मिला यूनिवर्सेलिटी कोटा

नयी दिल्ली, एजेंसी

- एसएफआई विकल्प के लिए दोनों जेंडर के लिए किया था अनुरोध

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज और 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु 'यूनिवर्सेलिटी कोटा' के जरिये पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि श्रीहरि नटराज और 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु यूनिवर्सेलिटी कोटा के जरिये पेरिस ओलंपिक की तैराकी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

पुरुषों की 100 बैकस्ट्रोक स्पर्धा में नटराज, वहीं महिला वर्ग की 200 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में धीनिधि हिस्सा लेंगी। एसएफआई विकल्प के तौर पर दोनों जेंडर के लिए यूनिवर्सेलिटी कोटा के लिए अनुरोध किया था। विश्व एक्वेटिक्स की अनापत्ति के लिए यूनिवर्सेलिटी स्थानों की पुष्टि करने की समय सीमा तीन जुलाई है और एनओसी को चार जुलाई तक इन्हें स्वीकार करना होगा। एसएफआई ने बताया कि श्रीहरि और देसिंघु के नाम स्वीकार कर लिए गए हैं। टोक्यो 2020 के बाद यह श्रीहरि नटराज का दूसरा ओलंपिक है। जबकि देसिंघु पेरिस में अपना ओलंपिक पर्दापण करेंगी। पेरिस ओलंपिक 2024 में तैराकी प्रतियोगिताएं 27 जुलाई से चार अगस्त के बीच पेरिस ला डिफेंस एरिना में आयोजित की जायेगी।

# ओलंपिक के लिए हॉकी टीम की घोषणा

नयी दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया। भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं।

अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा। वहीं पांच खिलाड़ी भारत के लिए ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जिसमें जरमनप्रीत सिंह, संजय, राज कुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल हैं।

### भारत का अभियान

- 27 जुलाई को न्यूजीलैंड
- 29 जुलाई को अर्जेंटीना
- 30 जुलाई को आयरलैंड
- एक अगस्त को बेल्जियम
- दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया

### हाईलाइटर

- भारत अभी तक आठ स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य से कुल 12 ओलंपिक पदक जीत चुका है।
- पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान देश फ्रांस शामिल है।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** पी आर श्रीजेश **डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय **मिडफील्डर :** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद **फॉरवर्ड :** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह **वैकल्पिक खिलाड़ी :** नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक।

# मो. वसीम पाकिस्तान महिला टीम के कोच बने

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम को जुलाई में होने वाले एशिया कप के लिए महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में रमीज राजा के कार्यकाल के दौरान मुख्य चयनकर्ता का पद संभालने वाले वसीम का साथ पूर्व टेस्ट गेंदबाज जुनैद खान और अब्दुल रहमान देंगे, जिन्हें क्रमशः गेंदबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

पाकिस्तान को श्रीलंका के दाम्बुला में 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत के ग्रुप में जगह मिली है। भारत, पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मलेशिया और थाईलैंड टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।

### शिविर में हिस्सा ले रहीं संभावित खिलाड़ी

आलिया रियाज, अनूशा नासिर, आयशा जफर, डायना बेग, दुआ मजीद, इमान फातिमा, फातिमा सना, गुल फिरोजा, हुमना बिलाल, इरम जावेद, महम मंजूर, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नशरा संधू, नतालिया परवेज, निदा डार, ओमैमा सोहेल, कुरतुलैन, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सईदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन, युसरा आमिर, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर।

# कनाडा ने पेरू को 1-0 से हराया

कन्सास सिटी (अमेरिका), एजेंसी

- 24 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली जीत
- मैच के दौरान एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई

जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। जैकब शैफेलबर्ग के खिलाफ टैकल के लिए मिगुएल अराउजो को लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण पेरू को 59वें मिनट के बाद एक खिलाड़ी के बिना खेलना पड़ा। यह निर्णय वीडियो समीक्षा के बाद लिया गया।




कनाडा ने पिछले महीने कोच के रूप में नियुक्त अमेरिकी जेसी मार्श के मार्गदर्शन में चार मैचों में पहली जीत दर्ज की। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है। इस गोल से राष्ट्रीय टीम ने 391 मिनट के गोल के सूखे को भी खत्म किया। खेल को पहले हाफ के इंजरी टाइम में रोकना पड़ा जब स्टेडियम के गैर छायादार हिस्से पर दौड़ रहे एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया।

### चिली को 1-0 से हराकर अर्जेन्टीना क्वार्टर फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)।** लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा, जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी की कॉर्नर किक पर लगाए शॉट को चिली के गोलकीपर क्लॉडियो ब्रावो ने रोक दिया लेकिन रिबाउंड होकर आई गेंद को मार्टिनेज ने गोल में पहुंचाकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया। खिलाड़ी खड़े होकर तीन मिनट तक इंतजार करते रहे जिसके बाद वीडियो समीक्षा में गोल की पुष्टि हुई। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है। कनाडा तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चिली और पेरू के एक-एक अंक हैं। अर्जेन्टीना की टीम शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में पेरू के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# डीएम दुर्गा शक्ति आज ग्रहण करेंगी कार्यभार

## 2 साल 7 माह 26 दिन रहे डीएम महेंद्र बहादुर, नगर विकास विभाग में बनाया गया विशेष सचिव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** दो साल सात माह 26 दिन जिलाधिकारी की कुर्सी पर रहे आईएएस महेंद्र बहादुर सिंह से सत्तापक्ष के अलावा विपक्ष के लोग भी खुश रहे। अब उन्हें नगर विकास विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि बांदा की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को जिलाधिकारी बनाया गया है। आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल गुरुवार को यहां पहुंचेंगी और कार्यभार ग्रहण करेंगी।

तबादले के बाद दुर्गा शक्ति नागपाल ने अमृत विचार को मोबाइल पर बताया कि वह गुरुवार को जिले में पहुंचकर कार्यभार संभालेंगी। वह


दुर्गा शक्ति नागपाल, आईएएस।

2010 बैच की तेज तर्रार आईएएस हैं। बतौर डीएम यह उनकी दूसरी तैनाती है। उन्हें डीएम के रूप में पहली तैनाती बांदा में मिली। प्रशिक्षण के दौरान जब वह गौतमबुद्ध नगर की संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात थीं तो उन्होंने खनन माफिया के खिलाफ अभियान चलाया था। जुलाई 2013 में, उन्हें जेवर के पास कदलपुर गांव में एक अवैध मस्जिद की दीवार को कथित रूप से ध्वस्त करने के लिए तत्कालीन प्रदेश सरकार में निलंबित कर दिया गया था, इससे वह चर्चा में आईं थीं। वह आईएएस अभिषेक सिंह की पत्नी हैं और मूल रूप से आगरा की रहने वाली हैं। उन्होंने 2007 में इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 2009 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 20 प्राप्त की, जिसके बाद वह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में शामिल हो गईं। सिविल सेवा परीक्षा पास करने के अपने पहले प्रयास में, उन्हें भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) में स्वीकार कर लिया गया, लेकिन उन्होंने दूसरी बार यूपीएससी परीक्षा देने का विकल्प चुना और आईएएस बन गईं।

### विधानसभा व लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने की रही उपलब्धि

आईएएस महेंद्र बहादुर सिंह को 29 अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी का डीएम बनाया गया था। वह दो साल सात माह 26 दिन की अपनी तैनाती में भले ही कोई खास उपलब्धि न अर्जित की है, लेकिन विधानसभा और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण कराने का रिकार्ड जरूर बनाया। उनके तबादले के बाद इस बात की चर्चा जरूर हो रही है कि वह सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष को भी साधे रहे।

# अस्पताल संचालक ने पत्रकार को दी गोली मार देने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सीज हो रहे अस्पताल की कवरेज करने गए एक पत्रकार को देख निजी अस्पताल संचालक का पारा चढ़ गया। उसने स्वास्थ्य विभाग की टीम और पुलिस के सामने गाली गलौज शुरू कर दी और गोली मार देने की धमकी देने लगा। पुलिस ने पत्रकार की तहरीर पर आरोपी अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली के गांव ओदरहना निवासी पत्रकार अमीनुद्दीन अंसारी ने बताया कि सीएचसी अधीक्षक फूलबेहड़ डॉ. पवन अवैध रूप से चल रहे सुरक्षा अस्पताल को सीज कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर वह समाचार कवरेज करने के लिए मौके पर पहुंच गया। उसे देख रामापुर निवासी अस्पताल संचालक ताहिर गाली गलौज करने लगा और गोली मार देने की धमकी देना लगा। मौके की नजाकत को देखते हुए उन्होंने महेवागंज चौकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी आरोपी धमकाता रहा। उन्होंने बताया कि करीब दस महीने पहले भी यह अस्पताल सीज हुआ था। तब भी उन्होंने खबर प्रकाशित किया था। तभी से अस्पताल संचालक नाराज चल रहा है। सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**सीज हो रहे अस्पताल की कवरेज करने गए थे अमीनुद्दीन अंसारी**

## सार-संक्षेप

### बुलडोजर चलाकर रेलवे की भूमि से हटाया अतिक्रमण


रेलवे भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाते अधिकारी। अमृत विचार

**संवाददाता, भीरा। अमृत विचार :** रेल अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन के साथ बुधवार को रेलवे की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। इससे हड़कंप मचा रहा। भीरा रेलवे स्टेशन और मैलानी पलिया-हाईवे के किनारे रेलवे द्वारा आवंटित की गई दुकानों के सामने तमाम दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया था। खोखे-गुमटियां रखकर सड़क तक कब्जा कर लिया था। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। 26 जून को मैलानी के रेलवे इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी कर्मचारियों व रेलवे पुलिस फोर्स के साथ थाना पहुंचे और स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंच गए। अफसरों ने बुलडोजर चलाकर किया गया अतिक्रमण ध्वस्त करा दिया। अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदारों और झुग्गी झोपड़ी वालों में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने बुलडोजर को देखते ही अतिक्रमण स्वयं हटा लिया था। अधिकारियों ने बुलडोजर से रेलवे की भूमि और सड़क किनारे लगे तमाम होर्डिंग और साइन बोर्ड, होटल की भट्टी आदि तुडवा डाली।

### उप गन्ना आयुक्त ने देखा गन्ना सर्वे का कार्य


अंजीर बोझ में गन्ने की फसल का निरीक्षण करते उप गन्ना आयुक्त।

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** उप गन्ना आयुक्त सतेन्द्र सिंह ने क्षेत्र में चल रहे गन्ना सर्वे का चीनी मिल व गन्ना विकास परिषद के अधिकारियों के साथ बम नगर, गदनियां तथा अंजीर बोझ में गन्ना कृषकों के प्लॉट का निरीक्षण किया। किसानों ने उप गन्ना आयुक्त को बताया कि इस साल तापमान अधिक होने के कारण गन्ना फसल कीट-रोग से प्रभावित नहीं है। उप गन्ना आयुक्त ने कहा कि मानसून की वर्षा प्रारंभ होने पर वातावरण में आर्द्रता बढ़ने पर कीट एवं रोग का प्रकोप होने की संभावना बन जाती है, इसलिए कृषक अपने प्लॉट की देख भाल करते रहें और यदि किसी प्रकार की हानि की संभावना प्रतीत होती है, तो उसके बचाव व उपचार के लिए तकनीकी जानकारी हेतु गन्ना विकास विभाग या चीनी मिल कर्मचारी का सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान मंजीत सिंह, कुंवर जीत सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### शरबत शबील का आज हुआ समापन

**संवाददाता, महंगापुर। अमृत विचार :** भीषण गर्मी को देखते हुए गुरुद्वारा नानक प्याऊ महंगापुर के द्वार पर 15 मई 24 से लगातार शबील लगाकर राहगीरों को शीतल शर्बत पिलाए जाने की सेवा का बुधवार को समापन हो गया। संत बाबा गुरनाम सिंह व समूह संगत के सहयोग से पलिया- संपूर्णानगर मार्ग स्थित गुरुद्वारा नानक प्याऊ महंगापुर के मुख्य द्वार पर आने जाने वाले राहगीरों की प्यास बुझाने हेतु 15 मई से बराबर शबील लगाकर सेवादारों द्वारा ठंडा शर्बत पिलाकर सेवा की गई। जिसका हजारों जरूरतमंदों ने भरपूर लाभ उठाया। इसके साथ ही गुरुद्वारा में राहगीरों समेत जरूरतमंदों के लिए 24 घंटे लंगर की सेवा के साथ उनके ठहरने के लिए सेवा अभी भी जारी है ।

### पालिकाध्यक्ष ने जाना साफ-सफाई व्यवस्था का हाल

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** मानसून की दस्तक के साथ नगर की सफाई का जिम्मा लिए पालिका प्रशासन इस बार मुस्तैद है। मंगलवार रात से ही हो रही बारिश के बाद पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी नितिन कुमार गंगवार ने बुधवार को नगर के मोहल्ला बाजार 1, बाजार 2, अहिरान 1, पांडेयबाबा, पठान 4 व अहिरान 2 आदि वार्डों का निरीक्षण किया। नागरिकों से रूबरू होकर सफाई व्यवस्था का हाल जाना। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि आगामी 72 घंटे के दौरान व्यापक सफाई अभियान चलाया जायेगा। जुलाई माह की पहली तारीख से शुरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान असुरक्षित जल स्रोत के चिन्हीकरण, विशेष सफाई अभियान, एन्टीलार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग कराये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है।

# पहली बारिश में ही बह गए पालिका प्रशासन के दावे

## करीब दो घंटे की बारिश में सौजन्या चौक से नहरिया तक जलभराव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** मानसून की पहली बारिश में ही नगर पालिका के नालों की तली झाड़ सफाई कराने के दावों की पोल खुल गई। करीब दो घंटे तक हुई बरसात से नगर की सड़कों पर जलभराव हो गया। चोक नाले नालियों का मलबा और कूड़ा सड़क पर जहां-तहां लग गया। ऐसे में नगर वासियों से लेकर जिले पर आए कामवश आने वाले लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

नगर पालिका का दावा है कि नाले नालियों की तली झाड़ सफाई कराई गई है। मगर, इसकी हकीकत चोक और मलबे से पटे नाले नालियां हकीकत बयां कर रहे हैं। सफाई के नाम पर सिर्फ रस्म अदायगी कर पालिका का खजाना खाली किया गया है। यही वजह रही कि मानसून की पहली बरसात में शहर के कई मोहल्लों से लेकर सड़कों पर तक पानी भर गया। खपरैला बाजार में कई दुकानों में नालियों का पानी भर गया। दुकानदारों का कहना है कि अतिक्रमण की वजह से नाले नालियां चोक पड़े हैं। इसी वजह से बेहतर जल निकासी न होने से खपरैला बाजार में पानी भरता है।

**रोडवेज बस अड्डे के सामने भरा पानी :** नगर पालिका से लेकर गुरू गोविंद सिंह तिराहे तक सड़क के दोनो ओर नाला बना है। मगर, इस पर अतिक्रमण के चलते साफ सफाई नहीं पाती।


बुधवार सुबह बरसने के लिए आसमान में छाए काले बादल।

### आवास विकास जाने वाले रास्ते पर भी जलभराव


शहर की आवास विकास कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर भरा पानी।

दो घंटे की बारिश में आवास विकास कॉलोनी के रास्तों पर भी पानी भर गया। जबकि इसी कॉलोनी में पालिकाध्यक्ष स्वयं रहती है। जलभराव की वजह मुख्य नाले की तलीझाड़ सफाई न होना है। नाला काफी सालों से मलबा आदि से लबालब है। इसी वजह से हल्की बारिश में ही इसका गंदा पानी सड़क पर आकर राहगीरों के लिए मुसीबत बनता है।

### बारिश से खिले किसानो के चेहरे

**संवाददाता, रोशननगर। अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार को झमाझम बारिश से किसानों की फसलों को लाभ मिला है। इस बारिश से गन्ना, धान, चारा, सब्जी की फ़सल को काफी लाभ मिला है। हालांकि वर्षा से बिजली सप्लाई बाधित हुई, लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। बारिस से गांवों के अंदर सड़कां, खड़ंजा पर कीचड़ हो गया। गांवों में नालियों की सफाई न होने से जलभराव और फिसलन हुई, जिससे ग्रामीणों को दिक्कते हुई हैं।


रोशननगर में सड़कों पर भरा वर्षा का पानी। अमृत विचार

## बरसात से नाले नालियां उफनाई, भरा पानी



गोला की सिनेमा रोड पर वर्षा के पानी में निकलती कार।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचारः** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के चलते सभी लोग परेशान हो रहे थे कि बुधवार को सुबह हुई झमाझम बरसात से जहा गर्मी से राहत मिली है, किसानों के चेहरे खिले हैं तो वही नगर के कई मोहल्लों में जलभराव और नाले नालियां उफना गई हैं, जिससे मोहल्लेवासियों और राहगीरों को निकलने में दिक्कतें भी हुई है।

नगर पालिका परिषद ने जिन बड़े नालों की तलीझाड़ सफाई का दावा किया है, हल्की बरसात में उन्हीं नालों का पानी सड़कों पर भर जाने से लोगों को दिक्कते हुईं साथ ही बड़े नालों की सफाई की पोल भी खुल गई है। सुबह से दोपहर तक हुई बरसात से नगर के कई मोहल्लों में पानी भर गया। गलियों में जलभराव होने से नाली की गंदगी सड़क पर बहने लगी। लक्ष्मीनगर, नीची भूड़ की कई गलियां जलमग्न हो गई, जिससे मोहल्लेवासियों और राहगीरों को निकलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। तहसील परिसर में भी जलभराव होने से वहां आने वाले अधिकारीयों, कर्मचारियों, वकीलों और फरियादियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बहरहाल किसानों को इस पानी से काफी राहत मिली है। बरसात से नगर की सिनेमा रोड की स्थिति तालाब जैसी हो गयी। सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। सिनेमा रोड से ही होकर लोग रोडवेज बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन, शिव मंदिर आते जाते है। इस मार्ग पर पानी के निकास की कोई समुचित व्यवस्था न होने से बरसात होने पर हमेशा जलभराव की स्थिति बन जाती है। पूर्व वार्डों में साफ़ सफाई और जल निकासी की व्यवस्था का दावा करने वाली नगर पालिका की पोल खुल गई।

### खेतों में पानी भरने से किसानों ने शुरू की धान की रोपाई


ग्राम बहारगंज में धान की रोपाई करते किसान।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** बुधवार सुबह हुई बारिश किसानों के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। किसान पिछले कई दिनों से बारिश की आस लगाए बैठे थे। बुधवार को तेज बारिश होने से किसान के खेतों में पानी भरने से वह धान की रोपाई करने में जुट गए हैं। इन दिनों खेतों में धान फसल के लिए नर्सरी व रोपाई का काम चल रहा है। किसान बारिश होने के बाद धान की रोपाई करने में जुट गए हैं।

# सीतापुर ब्रांच बड़ी नहर की पटरी कटने से 20 एकड़ फसल डूबीं

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** शारदा नगर की ब्रांच से निकली सीतापुर ब्रांच की मैकूपुर तथा बांकेपुर के पास बड़ी नहर पटरी कटने से दौलतपुर और रेलवे लाइन के पास 20 एकड़ फसल जलमग्न हो गई। बांकेपुर गांव के कुछ लोग जब सुबह अपने खेतों की ओर गए तो उन्होंने देखा कि नहर का पानी उनके खेतों में भर रहा है।

नहर की दूसरी ओर भी पानी ओवरफ्लो होकर मैकूपुर गांव की तरफ भर रहा था। इस पर उन्होंने नहर विभाग के स्थानीय जिम्मेदारों को फोन किया। फोन न उठने पर उन्होंने 1076 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई। इससे नहर विभाग थोड़ी ही देर में सक्रिय हो गया। जेई अभिषेक सिंह ने भी सुबह मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और नहर को सही कराने के लिए जेसीबी बुलवाई। जेसीबी से दोपहर तक नहर को बांधकर सही किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि खीरी ब्रांच में पानी कम चल रहा था जबकि सीतापुर ब्रांच में पानी काफी अधिक था इसी कारण ऐसी स्थिति आई है। जेई ने बताया कि रोस्टर के अनुसार तीन दिन पानी सीतापुर ब्रांच में अधिक छोड़ा जाता है तथा तीन दिन खीरी ब्रांच में। उन्होंने बताया कि नहर एक जगह कटी थी तथा दो जगह पानी ओवरफ्लो के कारण निकल रहा था। अब सही करा दिया गया है।

# कोशिशों के बाद भी नहीं बची बच्चों की जान

संवाददाता, मोहम्मदी

**अमृत विचारः** गांव पंडरी के लिए बुधवार का दिन काला साबित हुआ। सुबह आसमान में कड़की बिजली गिरने से एक ही परिवार के दो सगे भाईयों की मौत होने और दो के झुलसने की घटना ने सभी को झकझोर दिया है। मृतक बच्चों के घर में चीख पुकार मची हुई है। गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है।

गांव पड़री निवासी तेजपाल ने अपने खेत में मकान बनाया है और वहीं परिवार के साथ रहते हैं। मकान के बाहर लगे आम के पेड़ों के पास उनके दोनों बेटे आनंद (10), अभय राज (6) परिवार के ही विनीत (6) व नीरज (12) के साथ खेल रहे थे। सुबह से ही काले बादल छा गए थे। इसी बीच तेज बारिश शुरू हो गई। बच्चे भी बारिश के बीच नहाने लगे। इस दौरान आसमान में गरज और तेज चमक के साथ कड़की बिजली पेड़ के पास गिर गई, इससे चारों बच्चे बिजली की चपेट में आकर झुलस गए और बेहोश होकर गिर गए। यह देखकर वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। शोरगुल सुनकर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ लोगों के कहने पर परिवार वालों ने बच्चों को मिट्टी में कुछ देर के लिए दबाया भी। उन्हें आस थी कि मिट्टी में दबाने से उनके बच्चों का जीवन बच जाएगा, लेकिन बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। इस पर आनन-फानन में चारों बच्चों को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने आनंद और अभय राज को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसर गया।


सीएचसी में भर्ती बच्चों का हाल जानते सीओ मोहम्मदी। अमृत विचार

# कैबिनेट से मंजूरी का इंतजार, फिर शुरू होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** छोटी काशी शिव मंदिर क्षेत्र में पर्यटन विकास को लेकर कैबिनेट से मंजूरी का इंतजार है। दरअसल, शिव मंदिर क्षेत्र में नजूल और जिला पंचायत की भूमि है, जिस पर कैबिनेट से मंजूरी के बाद यह भूमि पर्यटन विभाग के नाम दर्ज हो जाएगी। कैबिनेट की मंजूरी के लिए पत्रावली लंबित है। मंजूरी मिलते ही निर्माण तेजी से शुरू हो जाएगा।

गोला गोकर्णनाथ स्थित पौराणिक शिव मंदिर के कॉरिडोर को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक द्वारा नगर पालिका परिषद को सौपे गए पत्र में कॉरिडोर का जिक्र नहीं किया गया है। साथ ही यहां पर्यटन विकास, यात्री सुविधाओं का सृजन, सड़कों के जीर्णोद्धार और लाइटिंग आदि का जिक्र किया गया है। वहीं सामाजिक संस्था छोटी काशी विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष लोकेश कुमार गुप्त ने पर्यटन निदेशालय के अधिकारियों पर गोकर्ण कॉरिडोर का मानचित्र छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आखिर कॉरिडोर का मानचित्र सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है। वह कहते हैं कि कॉरिडोर निर्माण करने की सबसे पहले मांग करने वाली सामाजिक संस्था छोटी काशी विकास संघर्ष समिति ही है। उधर, इस बाबत पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिव मंदिर क्षेत्र में जिला पंचायत और नजूल भूमि पर अधिकांश निर्माण होना है। इसके अलावा नाली से नाली तक का अतिक्रमण हटवाकर रास्तों को चौड़ा किया जाना है। विधानसभा की कैबिनेट बैठक में मंजूरी के बाद ही जिला पंचायत और नजूल भूमि को पर्यटन विभाग के स्वामित्व में दर्ज किया जा सकता है। पत्रावली शासन के पास है। कैबिनेट बैठक में मंजूरी होने के बाद ही निर्माण की बाबत अगली कार्यवाई शुरू की जाएगी। यही वजह है कि शिव मंदिर क्षेत्र में अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

### छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर


गोला गोकर्णनाथ स्थित पौराणिक शिव मंदिर।

### पालिकाध्यक्ष को चाहिए पहले नक्शा और बजट की जानकारी

यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड ने एक सप्ताह पहले सड़कों के किनारे तोड़फोड़ की थी, लेकिन पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने काम रुकवा दिया था। उनका कहना है कि कार्यदायी संस्था पहले नक्शा प्रस्तुत करे और बजट आदि की जानकारी दे।

> गोला गोकर्णनाथ स्थित शिव मंदिर क्षेत्र में पर्यटन विकास के निर्माण कार्यों के लिए यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को नामित किया गया है। सड़कों का काम शुरू कराया गया है, लेकिन काम में तेजी न पकड़ने के पीछे की वजह जिला पंचायत, नजूल की भूमि और डल्लू लाल मंदिर व तीर्थ क्षेत्र को लेकर कैबिनेट की बैठक में मंजूरी होनी है। कैबिनेट में मंजूरी के बाद उपर्युक्त सरकारी भू-संपत्तियों को पर्यटन विभाग के स्वामित्व में कर दिया जाएगा। पश्चात निर्माण कार्य पूर्ण किया जा सकेगा।
>
> -सुचित्त चौधरी, सूचना अधिकारी पर्यटन विभाग लखनऊ।




वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल
(डिप्टी रजिस्ट्रार)
मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह
(डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट)
मो. 7521001987

# जमीन अधिग्रहण के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचे राजापुर निवासी

## आवास विकास परिषद के विरोध में की नारेबाजी, अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



कलेक्ट्रेट में जमीन अधिग्रहण के विरोध में प्रदर्शन करते राजापुर गांव के लोग

**अमृत विचार:** आवास विकास परिषद ग्राम पंचायत राजापुर की 317 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने पर आमादा है। मगर, जमीन के मालिका इसका विरोध कर रहे हैं। बुधवार को तमाम महिलाओं और पुरूषों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर परिषद के विरोध में नारेबाजी करते हुए जल्द ही अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है।

राजापुर ग्राम पंचायत निवासियों का कहना है कि सभा की जमीन का एक बार नहीं बल्कि पांच बार अधिग्रहित हो चुकी है। इससे पहले मंडी समिति, औद्योगिक क्षेत्र, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और राजकीय आईटीआई एवं आवास विकास कॉलोनी के लिए हुई। मगर, अब एक बार फिर से आवास विकास परिषद 317 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करना चाहता है। पिछले दिनों प्रदर्शन के दौरान सीडीओ ने बुधवार को आकार मिलने के लिए कहा था, लेकिन कलेक्ट्रेट आने पर वह नदारद मिले। ग्रामीणों ने आवास विकास परिषद से लेकर जिला प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते कर धरना शुरू करने की हुंकार भरी। ग्रामीणों का कहना है कि आवास विकास परिषद जो मुआवजा देने की बात कर रही है वह ऊंट के मुंह में जीरा है। जबकि बाजार रेट उससे हजार गुना है। इस दौरान राजकिशोर, संतोष वर्मा, गजराज वर्मा, अनिल वर्मा, अंकुश वर्मा, कमला, वीरेंद्र कुमार, कौशल किशोर, सुजीत कुमार आदि तमाम महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

### ग्रामीणों की मांगें

1. आवास विकास परिषद की राजापुर गृहस्थान योजना को निरस्त किया जाय।
2. इस योजना से संक्रमित संपूर्ण 317 एकड़ भूमि को अवमुक्त किया जाय।
3. किसानों की खतौनियों पर दर्ज, आवास विकास के पक्ष में किये गए आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।

# हरनहा गांव में दो घरों से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना मैगलगंज क्षेत्र के गांव हरनहा में मंगलवार की रात चोर दो घरों में घुस गए और नगदी-जेवर समेत करीब पांच लाख का सामान पार कर दिया। घटना के बाद से क्षेत्र में चोरों की दहशत व्याप्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

गांव हरनहा निवासी वीरेंद्र ने बताया कि वह परिवार समेत घर में सो रहे थे। रात किसी समय चोर घर में घुस आए। कमरे के अंदर रखी सेफ आदि का ताला तोड़ दिया। बेड की रेक आदि खोलकर उसमें रखी नगदी और करीब दो लाख के जेवर चोरी कर ले गए। सुबह परिवार के लोग जब सोकर उठे तो देखा कि कमरों में रखा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। जेवरों के खाली बॉक्स पड़े थे। उनमें से जेवर गायब थे। यह देख परिवार वालों में हड़कंप मच गया। चोर इसी गांव के मुन्ना सिंह के घर से भी नगदी समेत करीब दो लाख रुपये से अधिक के जेवर चोरी कर ले गए हैं। एक ही रात दो घरों में हुई चोरी की वारदात के बाद से गांव में चोरों की दहशत व्याप्त हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### पुलिस अभिरक्षा में मौत की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** एसडीएम मितौली ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा में गांव पकरिया जलालपुर निवासी आशाराम की 12 अप्रैल 2024 को मौत हो गई थी। इस प्रकरण की मजिस्ट्रीरियल जांच उपलब्ध कराने के लिए घटना की जांच के लिए उन्हें जांच अधिकारी नामित किया है। डीएम के आदेश के अनुपालन में वह घटना की मजिस्ट्रियल जांच कर रहे हैं। घटना के संबंध में जानकारी रखने वाले लोग किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### मलंग शाह बाबा उर्स कल से

**संवाददाता, सिंगाही, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया स्थित मलंग शाह बाबा की मजार पर दो दिवसीय उर्स 28 जून से प्रारंभ होगा। उर्स कमेटी संयोजक जिला पंचायत सदस्य ठाकुर दिनेश सिंह ने बताया कि दो दिवसीय उर्स में शामिल होने वाले हजारों लोगों की भीड़ को देखते हुए कमेटी के ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मजार पर दोनों समुदाय के बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। चादर चढ़ाकर और माथा टेक कर मुराद मांगते हैं। उर्स को लेकर साफ सफाई और सजावट की जा रही है। उर्स के मेले का आगाज शुक्रवार की सुबह में कुरानखवानी से होगा।

### आरोपी महिला तांत्रिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** रमिया बेहड़ ब्लॉक के गांव मिझरिया में एक तांत्रिक महिला द्वारा शैतान का साया बताकर चार साल की बच्ची के दोनों हथेलियों को कंडे के बीच रखकर जलाने व पिटाई करने के मामले में आरोपी महिला तांत्रिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ निघासन प्रवीण कुमार ने बताया कि थाना पढुआ के गांव मिझरिया निवासी संदीप राज की चार साल के पुत्री माही को बुखार आ रहा था। कई दिन इलाज के बाद भी बुखार नहीं उतरा। परिवार के लोग उसे पड़ोसी गांव अभयपुर स्थित एक मंदिर ले गए। आरोप है कि जहां पर महिला तांत्रिक गीता बंगाली ने भूत-प्रेत का चक्कर बताकर तंत्र-मंत्र से ठीक करने का दावा किया। महिला तांत्रिक ने बच्ची की पिटाई की। कंड़े से कई बार हथेली जलाई। सीओ ने बताया कि बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी महिला तांत्रिक के खिलाफ सुसंगत धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल बच्ची का अस्पताल में उपचार चल रहे है।

### गैस सिलेंडर चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता, रोशननगर। अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खरगापुर की प्रिया गैस एजेंसी से सिलेंडर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर, तीन गैस सिलेंडर बरामद कर चालान भेज दिया है। हैदराबाद थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया की 23 जून की रात प्रिया गैस एजेंसी का चौकीदार जब खाना खाने के लिए गया था तो दो लोग गेट से अंदर प्रवेश कर तीन सिलेंडर उठा ले गए थे। चोरों को भागते हुए देखकर चौकीदार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को धर दबोचा। दोनों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम अभिषेक वर्मा निवासी किरतापुर, आदित्य पटेल निवासी खरगापुर थाना हैदराबाद बताया। पुलिस ने गैस एजेंसी प्रबंधक रजनीश कुमार निवासी ऊंची भूड़ गोला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपी के पास से तीन सिलेंडर बरामद कर दोनों आरोपियों का चालान भेज दिया है।

### उप गन्ना आयुक्त ने डीसीओ के साथ किया खेतों का सर्वेक्षण



गन्ने के खेत का सर्वे करते उप गन्ना आयुक्त। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** उप गन्ना आयुक्त लखनऊ सतेन्द्र सिंह, जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह ने बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि., परिषद, समिति क्षेत्र के ग्राम निपनिया, हरैया, कोटवारा और कपरहा में गन्ने के खेतों का सर्वे कर किसानों को अधिक उपज लेने के लिए कीटों से बचाव के उपाय बताए। अधिकारियों द्वारा किए गए सर्वेक्षण में उन्होंने खेत पर मौजूद मिले कृषक जितेंद्र, भगवानदीन, लल्लन, बंधालाल, बिहारी, बदरे आलम आदि के खेतों में गन्ना सर्वेक्षण, कीट रोग आपतन का निरीक्षण किया। उप गन्ना आयुक्त ने कृषकों को बताया कि इसके अतिरिक्त भी पेराई सत्र के पहले आगामी समय में किसी प्रकार के रोग/कीट के प्रकोप से गन्ने की फसल प्रभावित होती है तो तत्काल समिति/परिषद/चीनी मिल के कर्मचारियों से समन्वय स्थापित करते हुए दवाएं प्राप्त कर अपना नियंत्रण कर लें। निरीक्षण के समय अपर सांख्यिकीय अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक पीएस चतुर्वेदी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, गन्ना समिति के सचिव बलवंत कुमार चौधरी सहित विभागीय और मिल स्टाफ मौजूद रहा।

# भाजपा मंडल मंत्री ने दिया पार्टी से इस्तीफा

संवाददाता, मैलानी।

**अमृत विचार:** भाजपा मंडल मंत्री आसमा बानो के परिवारियों से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज न होने और पुलिस द्वारा थाने पर धरना देने के कारण रिपोर्ट दर्ज हो जाने से आहत भाजपा मंडल महामंत्री आसमा बानो ने अपने बूथ अध्यक्षों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

नगर में सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर आसमा बानो और कुछ लोगों से मारपीट हो गई थी। इसका मुकदमा दर्ज न होने पर मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के पति भवानी शंकर माहेश्वरी, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने धरना दिया था, बावजूद इसके मैलानी पुलिस ने मंडल मंत्री आसमा बानों उनके पुत्र सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज़ कर दिया। मंगलवार को सीओ अजेंद्र यादव को भी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर मुकदमा वापस लेने, थाना अध्यक्ष और उपनिरीक्षक एके तिवारी के स्थानांतरण की मांग की। ज्ञापन पर कोई सुनवाई न होने से नाराज, भाजपा के नेताओं से भी कोई मदद न मिलने से आहत होकर भाजपा मंडल मंत्री आसमा बानो ने अपने आठ बूथ अध्यक्षों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

भाजपा पार्टी की मंडल मंत्री के पुत्र फरहान खान ने बताया मुकदमा दर्ज होने के बाद भी मैलानी पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है वह सभी लोग उन्हें और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। अभद्र शब्दों का भी प्रयोग कर रहे हैं। जिससे इन लोगों से जानमाल का खतरा बना है।

# आंदोलन टला, अब 3 को डीएम को देंगे ज्ञापन

## बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन की बैठक में समस्याओं और मागों पर हुआ विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी




बैठक को संबोधित करते लखनऊ जिले के महामंत्री कमरुल हसन मेजर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन में डग्गामार वाहनों संचालकों की मनमानी, चुनाव में लगी बसों का बकाया भुगतान न मिलने आदि पर चर्चा हुई और नवागत डीएम को तीन जुलाई को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

एसोसिएशन की बैठक का आयोजन बुधवार को गढ़ी रोड स्थित गोल्डेन स्क्वायर रिसार्ट में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनमीत सिंह राना (सोनू राना) ने की। बस ऑपरेटर्स की विभिन्न परेशानियों और मांगों पर विचार विमर्श हुआ। मुख्यतः हाइवे पर अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा, टैक्सी, टैम्पो, आटो व प्राइवेट छोटे वाहन को ले करके बस ऑपरेटर्स ने रोष जताया। कहा गया कि पूर्व में अधिकारियों को दिए गए ज्ञापनों पर कोई ठोस कार्यवाही न किये जाने की वजह से बस ऑपरेटर्स में अत्यधिक निराशा है।

समस्या का समाधान न होने की स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर सभी बस मालिक ने अपने बसों के समर्पण कर प्रपत्र जमा करने पर भी अपनी सहमति जताई तथा चुनाव में लगी बसों के भुगतान का लम्बे समय से बकाया होने पर भी बस आपरेटर्स ने काफी विरोध जताया। निर्णय लिया गया कि जिलाधिकारी का तबादला हो गया है, इसलिए 30 जून को बसों के प्रपत्र एआरटीओ कार्यालय में सौंपने और मांगें माने जाने तक बसें खड़ी करने के आंदोलन को टाला जाता है। अब नवागत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को तीन जुलाई को ज्ञापन सौंपा जाएगा और यदि समस्या का समाधान नहीं होगा तो पूर्व प्रस्तावित आंदोलन किया जाएगा। बैठक में अकीदत अली खां को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में संरक्षक विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष मोहन वाजपेयी, उस्मान अली खां, इन्द्रजीत सिंह गिल, दीदार सिंह खैरा दारा बाबू, आसिफ अली खां, पप्पू गुप्ता, गिरीश जायसवाल, नन्दलाल भारती, जोरा सिंह, सत्यपाल सिंह मंगत, जितेन्द्र सिंह, अखंड प्रताप सिंह, ओम प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ओयल में रक्शा दवाखाना सील

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार:** जिले में मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले अस्पतालों पर स्वास्थ्य महकमें ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बुधवार को सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ ने ओयल में संचालित रक्शा दवाखाना सील कर दिया है और बेहजम में संजू क्लीनिक के संचालक को पंजीकरण प्रपत्र लेकर कार्यालय पर तलब किया है। साथ ही नोटिस जारी की है कि दो दिन में प्रपत्र प्रस्तुत न करने पर क्लीनिक में ताला डाल दिया जाएगा। डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी ने बताया कि बुधवार को ओयल में रक्शा दवाखाना का औचक निरीक्षण किया गया। अस्पताल का न तो पंजीकरण मिला और न ही एमबीबीएस डॉक्टर व प्रशिक्षित स्टाफ। अस्पताल संचालक ने बताया कि वह बीएएमएस है, लेकिन डिग्री नहीं दिखा सका।

# फजलनगर की टीम ने ट्रॉफी जीती

संवाददाता, मूड़ा सवारान



बसलीपुर में विजेता टीम को ट्राफी देते विधायक अमन गिरि।

### क्रिकेट टूर्नामेंट

**मुख्य अतिथि ने विजेता, उप विजेता टीम को दी ट्रॉफी**

**अमृत विचार:** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसलीपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रिकेट स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में फजलनगर की टीम विजयी रही। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

वसलीपुर ग्राम प्रधान ओमकार सिंह द्वारा कराए गए टूर्नामेंट का आयोजन 13 जून से हो रहा था। जिसका फाइनल मुकाबला गदियाना और फजल नगर ग्रंट की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए फजल नगर टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 154 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गदियाना की टीम 103 रनों पर सिमट गई। जिससे फजल नगर की टीम 51 रनों से विजयी घोषित की गई। मैन ऑफ द मैच दुष्यंत और मैन ऑफ़ द सीरीज इशांत गुप्ता रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन गिरि ने विजेता एवं उप विजेता टीम को रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। खेल व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमारा सदैव प्रयास रहेगा जिससे क्षेत्र की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। वसलीपुर ग्राम प्रधान ओंमकार सिंह, बिजुआ खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह, बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजवीर सिंह, राजेश गिरि प्रधान गोला देहात, पंकज गौतम, अवधेश मिश्रा, विनीत पांडे, मनीष वर्मा सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# राजस्व टीम की पिटाई में पिता-पुत्र गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**नायब तहसीलदार धौरहरा समेत तीन कर्मियों की पिटाई का मामला**

**अमृत विचार:** थाना खमरिया पुलिस ने गांव बेलवा मोती में नायब तहसीलदार धौरहरा समेत तीन कर्मचारियों की पिटाई मामले में नामजद आरोपी और उसके पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

सोमवार को धौरहरा तहसील के नायब तहसीलदार शशांत शेखर संग्रह अमीन पंकज कुमार वर्मा और होमगार्ड रूप कुमार शुक्ला के साथ बकाया वसूलने थाना खमरिया के गांव बेलवा मोती गए थे, जहां अमीन से बकायेदार बृजकिशोर से बकाया 50,193 जमा करने को लेकर विवाद हो गया था। बृजकिशोर ने अपने 08-10 साथियों के साथ मिलकर टीम पर हमला बोल दिया और जमकर पिटाई कर रुपये छीन लिए थे। हमलावरों की पिटाई से होमगार्ड रूप कुमार शुक्ला बेहोश हो गया था। नायब तहसीलदार समेत तीनों कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। थाना खमरिया पुलिस ने संग्रह अमीन की तहरीर पर बृजकिशोर को नामजद कर 08-10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी बृजकिशोर और उसके पुत्र नरेंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गए 250 रुपये भी बरामद होने का दावा किया है। गिरफ्तार पिता-पुत्र का पुलिस ने चालान भेज दिया है।

# जिला व प्रदेश स्तर पर सम्मानित किए जाएंगे इंटर के मेधावी छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**लखनऊ में स्मृति तो जिले पर सचिन व अक्षत को होगा सम्मान**

**सूबे में स्मृति पांचवें, सचिन छठे व अक्षत को मिला था आठवां स्थान**

| छात्र | प्रतिशत | पुरस्कार राशि | स्कूल |
|---|---|---|---|
| 1. स्मृति सिंह | 97 | एक लाख | विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला |
| 2. सचिन वर्मा | 96.80 | 21 हजार | आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखीमपुर |
| 3. अक्षत पांचाल | 96.40 | 21 हजार | विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला |



विद्या निकेतन की छात्रा स्मृति सिंह।

शासन द्वारा मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश से लेकर जिले स्तर पर सम्मान समारोह होगें। प्रदेश स्तर पर गोला विद्यानिकेतन की छात्रा स्मृति सिंह सम्मानित होगी, जबकि अन्य दो छात्र जिले पर सम्मानित किए जाएंगे। इसके लिए प्रधानाचार्यों से मेधावियों के अभिलेख मांगे गए हैं।
–डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट 2024 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी प्रदेश से लेकर जिला स्तर पर सम्मानित होगें। शासन से जारी सूची में जिले के तीन छात्र-छात्राओं के नाम हैं। इसमें छात्रा प्रदेश स्तर पर और दोनों छात्र का सम्मान जिले स्तर पर होगा। राज्य स्तर पर सम्मानित होने पर एक लाख और जिले स्तर पर 21 हजार रूपये की चेक, टेबलेट एवं प्रशस्ति पत्र के साथ मेडल दिया जाएगा।

शासन ने यूपी बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इंटरमीडिएट में जिले की एक छात्रा और दो छात्रों ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया था। इनमें सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा स्मृति सिंह सूबे की टॉप-10 सूची में पांचवे, आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र सचिन कुमार वर्मा छठे और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला के छात्र अक्षत पांचाल आठवे नंबर पर रहे थे। वहीं जिले में यह तीनों प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे थे। इनमें से सूबे की टॉप-5 में शामिल शामिल स्मृति सिंह का प्रदेश और शेष दोनो छात्र का जिले स्तर पर सम्मान होगा। शासन से इनकी सूची डीआईओएस कार्यालय पर भेज दी गई है। हालांकि सम्मान समारोह की तारीख घोषित होना अभी बाकी है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0 262701)

पत्रांक : 109/जमनिर्माण/एम0बी0एल0/2024–25 दिनांक 26.06.2024

पुन : अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभागों में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से 32KLD FSTP के रख–रखाव एवं संचालन कार्य हेतु दिनांक 26.06.2024 सायं 05:00 बजे से दिनांक 08.07.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि– 27.06.2024 सायं 05:00 बजे से
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि– 08.07.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक
3. ई–निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि 09.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

संजय कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
लखीमपुर।

डा0 इरा श्रीवास्तव
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
लखीमपुर।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
पहले मेरा नाम RAMNATH था अब मैंने बदलकर अपना नाम RAMNATH KORI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: LALLAN R/O- BHANDARA BHANDAR PARASRAMPUR, SULTANPUR.

सूचना
पहले मेरा नाम PINTU था अब मैंने बदलकर अपना नाम PINTU PRAJAPATI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: RAM SUFAL R/O- BHANDARA BHANDAR PARASRAMPUR, SULTANPUR.

सूचना
सूचित हो कि मेरा घर का नाम आशू यादव है जबकि स्कूल, आधार व पैन सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अभिजीत सिंह दर्ज है। उपरोक्त अभिजीत सिंह व आशू यादव एक ही व्यक्ति के नाम हैं। अभिजीत सिंह उर्फ आशू यादव पुत्र स्व0 चन्द्र जीत सिंह, निवासी– ग्राम नरापति खेड़ा, पो0– इन्देमऊ, उन्नाव।

सूचना
पहले मेरा नाम PARVEJ BEG था अब मैंने बदलकर अपना नाम MIRZA PARVEZ BEG रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: ANSAR BEG R/O- VILL MUTTAKIPUR POST ALLU NAGAR DIGURIYA MADIYAWA, LUCKNOW.

सूचना
सूचित हो कि मैंने आराजी स्थित ग्राम बनार अलीपुर की गाटा सं0– 0.25 रकबा 0.0250 में 1/4 भाग रकबा 0.0781 हे0 कलावती पत्नी महाराज सिंह नि0 उधुमपुर तह0 डेरापुर से क्रय किया था। जिसका विक्रय पत्र दिनांक 23/06/09 था, जिसका मूल बैनामा कहीं खो गया है। राम किशोरी पत्नी कौशल किशोर निवासिनी– शहजादपुर प0 बनार अलीपुर तह0– अकबरपुर कानपुर देहात।

सूचना
पहले मेरा नाम SHAREEN ALI था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHIREEN ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: AZHAR HUSSAIN R/O- 158/110, GANGA PRASAD ROAD RAKABGANJ, LUCKNOW.

सूचना
सभी को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व0 शिवराम की भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 275659883 थी जिसमें नामिनी के तौर पर मेरा नाम शिवपता लिखा है। जबकि मेरा नाम पार्वती और शिवपता दोनों है मैं दोनों नाम से जानी जाती हूं। पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम निवासी ग्राम तिलका कटरा बाजार गोंडा।

सूचना
मैंने अपने इकलौते पुत्र हेमंत कुमार और पुत्रवधू प्रियंका के गलत सोहबत में पड़ने कारण संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है। किसी भी कृत्य के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन दोनों के किसी प्रकार के कार्य से मेरा कोई सरोकार नहीं है। सुशीला यादव पत्नी शिव कुमार निवासी कस्बा बसरेहर थाना बसरेहर जिला इटावा।

सूचना
सूचित हो कि मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र नं0– 000142, दिनांक– 09/02/2024 में मेरे पति का नाम शिव चरन लाल व मेरा नाम सोमवती अंकित है जबकि मेरे पति का सही नाम शिव शंकर लाल व मेरा सही नाम सीता देवी है। उपरोक्त शिव चरन लाल व शिव शंकर लाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मृतक) के हैं तथा सोमवती व सीता देवी दोनों नाम मेरे हैं। अतः मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र में पति का नाम शिव चरन लाल के स्थान पर शिव चरन लाल उर्फ शिव शंकर लाल व पत्नी का नाम सोमवती के स्थान पर सोमवती उर्फ सीता देवी दर्ज किया जाये। सोमवती उर्फ सीता देवी पत्नी शिव चरन लाल उर्फ शिव शंकर लाल निवासिनी मोहल्ला रामगंज पक्का तालाब, तहसील व जिला फतेहपुर।

सूचना
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र रमन उर्फ नवीन पाण्डेय के गलत आचरण, गलत व्यवहार व गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी अनैतिक कार्य/परिवारिक वाद विवाद, लेन–देन या आपत्ति जनक कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मुझसे या मेरे परिवार से कोई लेना देना या संबंध नहीं होगा। कमलेश पाण्डेय पुत्र स्व0 गया शंकर पाण्डेय एवं श्रीमती मनोरमा पाण्डेय पत्नी श्री कमलेश पाण्डेय निवासीगण– एम.एल.–288, जरौली प्रथम, कानपुर नगर।

# मानसून ने दी दस्तक, झमाझम बारिश से गली-गली में जलभराव

## राजधानी मार्ग के दोनों ओर नाले उफनाए, कई मोहल्ले में लोग घर से नहीं निकल सके

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** इस गर्मी में सूरज की तपिश से हर कोई आजिज रहा। मानसून के आते ही बुधवार से आसमान में बादल घिरे हुये थे दोपहर में झमाझम बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग छाता लगाकर निकलते रहे। वहीं पालिका क्षेत्र की सभी गलियां लबालब पानी से भरी रही।

बुधवार दोपहर के समय आसमान में काले बादल छाये रहे। दो बजे रिमझिम बारिश शुरू हुई, जिसके झमाझम बारिश हुई। बारिश होने के कारण राजधानी मार्ग के दोनों ओर बने नाले उफना गये। नगर पालिका क्षेत्र तक फोरलेन नाले से पानी आगे की ओर चला गया।

नहीं तो फोरलेन पर भीषण जलभराव हो जाता है। वहीं बारिश होने से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण जलभराव हो गया। जिससे लोगों का निकलना दूभर हो गया। जलभराव से राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वहीं फोरलेन का नाले से जलनिकासी न होने के कारण बारिश से कंचन नगर, आदर्श नगर, सर्वोदय नगर, इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रम्ह नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा, राम नगर, में जलभराव हो गया। मानसून ने दस्तक दे दी है भारी बारिश होने पर यह मोहल्ले टापू बन सकते हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी भीषण जलभराव रहा। जिससे ग्रामीणों भी परेशान रहे। देर रात कई क्षेत्रों में पानी नहीं निकला।



बारिश के बाद पोनी रोड पर इस तरह पानी भर गया। अमृत विचार





मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी। मिश्रा कॉलोनी मुख्य मार्ग पर मकान का गिरा छज्जा।

### चरमराई नगर की विद्युत व्यवस्था, लोग बेहाल

**शुक्लागंज उन्नाव :** बुधवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से शक्ति नगर फीडर का दोपहर में बहादुर चट्टा के पास तार टूट गया। जिससे शक्तिनगर, मनोहर नगर, सीताराम कालोनी, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा समेत कई मोहल्लों की बिजली बंद हो गई। बिजली कर्मियों ने फाल्ट ढूंढ कर उसकी मरम्मत की। इसके बावजूद फीडर में ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। जिस कारण शाम करीब साढ़े चार बजे तक हजारों घरों की बिजली गुल रही। वहीं गायत्री नगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर, गांधी नगर, सुभाष नगर में ट्रांसफार्मर खराब होने से हजारों घरों की बिजली गुल हो गई।

### जर्जर मकान का गिरा छज्जा, बाल-बाल बचे लोग

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। इस दौरान पश्चिमी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी मुख्य मार्ग पर एक जर्जर मकान का छज्जा भरभरा कर गिर गया। जिससे वहां से गुजर रहे लोग बाल-बाल बच गये। दोपहर करीब दो बजे के बाद शुरू हुई झमाझम बारिश और तेज हवाओं के कारण मिश्रा कॉलोनी में रहने वाले पुरूषोत्तम तिवारी के मकान का जर्जर छज्जा भरभरा कर गिर गया। जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि दोपहर का समय और बारिश होने के कारण दुकान बंद थी, नहीं तो दुकान में सामान लेने के लिये हमेशा लोगों की भीड़ रहती है। जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं मुख्य मार्ग पर छज्जा गिरने के कारण आने जाने वाले कई लोग बाल बाल बच गये।

### पोनी रोड पर हुआ भीषण जलभराव

पोनी रोड पर नाला-नाली की सफाई न होने से मानसून की पहली ही बारिश में मुख्य मार्ग पानी से लबालब हो गया। बारिश रूकने के बाद भी घंटों जलभराव बना रहा।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बिछिया उन्नाव।** दही थानाक्षेत्र के घटोरी गांव निवासी युवक ने मंगलवार रात अपने कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटक गया। परिजनों ने उसका शव लटका देखा तो बेहाल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। वहीं परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता पाए।

तारगांव के मजरा घटोरी निवासी जयमूर्ति उर्फ शिवम (25) पुत्र चुन्नीलाल ने मंगलवार देररात गांव के बाहर बने घर की दूसरी मंजिल में बने कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटक गया। सुबह परिजनों ने उसे लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध हालात में मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- शव कई दिन पुराना होने की आशंका, पुलिस ने पति को हिरासत में लिया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के तकी नगर मोहल्ले के एक मकान में किराए में रह रही महिला का शव उसके बेड रूम में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव को मोर्चरी में रखवाया है। वहीं दुर्गंध आने से शव पुराना होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है।

सदर कोतवाली की किला चौकी क्षेत्र के तकी नगर (कंजी) स्थित रविदास मंदिर के पास के रोड पर मोहशीन का मकान है। इसमें कई लोग किराए पर रहते है। इसी में मुस्कान (32) पत्नी जान अहमद भी निचले तल पर रहती थी। बुधवार शाम पति ने पुलिस को सूचना देकर बताया उसकी पत्नी का शव घर में पड़ा है। इसकी सूचना पर पुलिस पहुंची तो कमरे में तेज दुर्गंध आ रही थी और शव फूल गया था। एसएचओ पीके मिश्रा ने जांच की। इस बीच घनी आबादी में शव मिलने से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया और हत्या होने की खबर फैल गई। वही भवन स्वामी के अनुसार महिला और उसका पति एक महीने पहले किराए पर रहने आया था। उसे उनके एक परिचित ने किराए पर रखवाया था। फिलहाल पुलिस ने पति को कोतवाली में बैठाया है। किला चौकी इंचार्ज राजेश दीक्षित ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवाया है।

### रोडवेज बस ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के पेट्रोल पंप के सामने साइकिल सवार को रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया जिसमे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको उपचार के लिए सोहरामऊ पुलिस ने अस्पताल भेजा। इलाज के दौरान एक अधेड़ की मौत हो गई। दूसरे का इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। सोहरामऊ थाना वा कस्बे में पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस ने ग्राम बजेहरा निवासी साइकिल सवार भगवानदीन लोधी की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे भगवानदीन और उसका पोता अमन गंभीर रूप से घायल हो गए। सोहरामऊ पुलिस ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज भेजा गया। जहां भगवानदीन की मौत हो गई। अमन का इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

# नशे से दूर रहने का दिलाया संकल्प

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विश्व नशा मुक्ति दिवस को देखते हुये बुधवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां आचार्यों ने एनसीसी कैडेस और छात्रों को जागरूक किया और नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया।

गोपीनाथपुरम पुरम स्थित एसवीएम स्कूल में विश्व नशा मुक्ति दिवस पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के अलावा एनसीसी के जवान पहुंचे। जहां वरिष्ठ आचार्य शिव सिंह ने उन्हें संबोधित करते हुये कहा कि दुनिया में 50 लाख से ज्यादा बच्चों को गर्भ में ही गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। 98 प्रतिशत परिवारों में नशे का रोग किसी न किसी रूप में विद्यमान है।



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद एसवीएम के बच्चे और एनसी कैडेट।

- 98 प्रतिशत परिवारों में नशे का रोग किसी न किसी रूप में विद्यमान है

सबसे दुखद पहलू 13 वर्ष के नीचे के बच्चों में तंबाकू व उनके उत्पादों की 35 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ोतरी हो रही है। आज की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की ओर बढ़ रही है। इसलिये हम सभी को नशे से दूर रहना होगा। जिससे एक अच्छे समाज का गठन हो सके। इस मौके पर रविशंकर श्रीवास्तव, अवधेश तिवारी आदि आचार्य मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर संचालक को पीटा

**उन्नाव।** नशीला इंजेक्शन न लगाने पर मेडिकल संचालक को नशेबाज व उसके भाई ने मिलकर गाली गालौज के साथ मारपीट की। संचालक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर चौकी अंतर्गत बाजार के मेडिकल स्टोर संचालक शिववरन पुत्र सूरजपाल से नशेबाज मोहित उर्फ छोटू पुत्र गरीबे ने अपने भाई रोहित के साथ मिलकर नशीला इंजेक्शन न लगाने पर गालीगलौज कर मारपीट की। बचाने आई महिला पड़ोसियों से भी उन लोगों ने मारपीट की और उसकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित मेडिकल स्टोर संचालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है।

# रंगदारी मांगने पर ससुर साले के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के कटहा दलनारायनपुर निवासी एक युवक उसे उसके ससुर और दो सालों ने लाखों रुपये रंगदारी मांगी न देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। जिस पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो सालों और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कटहा दलनारायनपुर निवासी नरेन्द्र निषाद ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी सुखलाल खेड़ा गांव में ससुराल है। उसने अपने ससुर जियालाल से तीन बिस्वा जमीन का सौदा करके आठ-नौ लाख रुपये चेक से दिया था। जिस जमीन का उसने सौदा किया था, वह जमीन जिला प्रशासन ने अवैध व सरकारी घोषित कर कुर्क कर दी। जिसकी जानकारी होने पर उसने ससुर से पैसे वापस मांगे। आरोप है कि ससुर और दो सालों रंजीत और संजीत गाली गलौज करते हुये उल्टा उससे ही चौदह लाख रुपये रंगदारी मांगने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रंगदारी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### 10 लाख मांगने पर 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर जाजमऊ निवासी एक जमीन कारोबारी की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। जिसका उसने विरोध किया। आरोप है कि दबंगों ने जमीन छोड़ने के नाम पर उससे दस लाख रुपये मांगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जाजमऊ गज्जूपुरवा निवासी सुहैल नफीस ने बताया कि जाजमऊ चौकी क्षेत्र के कटरी पीपर खेड़ा में उसकी जमीन है। जहां वह प्लाटिंग का काम करता है। आरोप है कि जाजमऊ कानपुर के असलम सईद, अनवर सईद, अशफाक अहमद, अकबर सईद ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर सभी ने उसे धमकी दी। इतना ही नहीं आरोप है कि जमीन लेने के लिये दस लाख रुपये की रंगदारी मांगी।

# 'किसी योजना में अपात्र को नहीं मिलना चाहिए लाभ'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की। कहा कि वृद्धावस्था पेंशन का लाभ सभी पात्र वृद्धजनों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के सफल क्रियान्वयन कराने पर जोर देते हुए कहा कि निर्धारित 1532 लक्ष्य के सापेक्ष एक भी अपात्र विवाह योजना से लाभांवित नहीं होना चाहिए। साथ ही अभ्युदय योजना से सभी जरूरतमंद विद्यार्थियों को लाभांवित कराने पर जोर दिया।

सीडीओ ने कहा कि पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का एक सप्ताह में सत्यापन पूरा कराया जाए, जिससे उपलब्ध सभी पेंशनर्स के बैंक खातों में पेंशन की स्वीकृत धनराशि स्थानांतरित हो सके। इसके लिए सभी एसडीएम व बीडीओ को नजर बनाए रखते हुए सत्यापन कराना चाहिए। सत्यापन कार्य की नियमित समीक्षा भी की जाए। उन्होंने कहा राशन कार्ड से मिलान कराते हुए 60 वर्ष आयु वाले बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिलाया जाए।उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से शतप्रतिशत पात्र परिवारों को लाभांवित कराए जाने के निर्देश दिए। कहा कि सभी 1532 लाभार्थी पात्र होने चाहिए। इसके लिए बीडीओ व ईओ ठीक प्रकार से सत्यापन कराने के बाद ही लाभार्थी सूची में किसी आवेदक का नाम शामिल करें। इसी तरह अभ्युदय योजना के माध्यम से भी पात्र छात्र-छात्राओं को लाभांवित कराने में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। लाभार्थियों को चयन शासन की गाइड लाइन के तहत किया जाना चाहिए। जिला विकास अधिकारी संजय पांडेय, समाज कल्याण अधिकारी डा. नीलम सिंह, बीएसए संगीता सिंह, सभी एसडीएम व बीडीओ रहे।



सीडीओ के साथ बैठक में शामिल जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम व बीडीओ।

- सामूहिक विवाह योजना का सफल क्रियान्वयन के निर्देश

# फल वालों में मारपीट का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- गांधी नगर तिराहा का बताया जा रहा वायरल वीडियो

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत गांधी नगर तिराहा पर मंगलवार रात फल विक्रेताओं में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। वहां ने निकले किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया लेकिन, अभी किसी ने मारपीट की तहरीर नहीं दी है। पुलिस जांच में जुटी है। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

मंगलवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास सदर कोतवाली गांधीनगर तिराहे पर फल का ठेला लगाने वाले दुकानदारों में पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई फिर उनमें गालीगलौज के बाद मारपीट होने लगी।

वहां से निकले एक राहगीर ने इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर उनकी पहचान शुरू की है। सूत्र बताते हैं कि बाद में मारपीट करने वालों में सुलह हो गई और किसी ने इसकी तहरीर नहीं दी है।

# महिला अपराधों पर तुरंत हो कार्रवाई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार सुबह उन्नाव एसपी ने गंगाघाट कोतवाली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां अधिकारी को देख वहां मौजूद मातहतों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर से लेकर बैरक, कार्यालय, अभिलेखों के रखरखाव को भी देखा। जिसके बाद मौजूद मातहतों को दिशा निर्देश दिये। उन्नाव एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना बुधवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे गंगाघाट कोतवाली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां मौजूद कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति समेत अन्य मातहतों में हड़कंप मच गया। एसपी ने कोतवाली में सीसीटीएनएस, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया। जहां महिला हेल्प डेस्क पर खास जोर देते हुये महिलाओं से संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



कोतवाली का निरीक्षण करते एसपी।

## सार-संक्षेप



सब स्टेशन में एसडीओ को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### बिजली संकट को लेकर सपाइयों ने दिया ज्ञापन

**उन्नाव।** गर्मी के दिनों में नगर की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है। फाल्ट के नाम पर हो रही अघोषित कटौती से परेशान सपा कार्यकर्ता बुधवार को शुक्लागंज सब स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एक्सईएन से संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीओ को सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं सांकेतिक विरोध दर्ज कराया है। बुधवार को सपा नगर अध्यक्ष शुभ गुप्ता के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता शुक्लागंज सब स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। जिसके बाद एक्सईएन सम्बोधित बिजली सम्बंधित छह मांग पत्र का ज्ञापन एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद को सौपा। उन्होंने बताया कि लोवोल्टेज, समय से मीटर रीडिंग न होना, 24 घंटे में अघोषित बिजली कटौती से व्यापारी और आम लोग परेशान है। अफसर फोन भी नहीं उठाते। एसडीओ ने समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है। राजन कनौजिया, हिमांशु गौतम, अजय, अनिल, शाहरूख, सर्वेश, मोहसिन, विक्रम, शिवम आदि रहे।

### किशोरी से छेड़छाड़ करने पर 5 साल की सजा

**उन्नाव।** अचलगंज थानांतर्गत किशोरी से हुई छेड़छाड़ के मामले की अंतिम सुनवाई विशेष पाक्सो एक्ट कोर्ट में पूरी हुई। एडीजे ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए 5 साल की सजा के साथ उस पर 42 हजार का जुर्माना भी लगाया है। अचलगंज थानाक्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 जुलाई-2015 की दोपहर 12 बजे उसकी नाबालिग बेटी जा रही थी। तभी गांव के शिवकुमार उर्फ बकलोनी ने उसके साथ रास्ते में छेड़छाड़ कर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। तत्कालीन सीओ बीघापुर माजिद अब्सार ने जांच के बाद आरोपी युवक के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। बुधवार को एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेयी की दलीलों व प्रस्तुत साक्ष्य पर शिव कुमार को दोषी मानते हुए 5 साल के कारावास के साथ 42 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

### आदेश व बैंक पासबुक के साथ आवेदन करें मतदान कार्मिक

**उन्नाव।** निर्वाचन ड्यूटी करने के बाद भी पारिश्रमिक से वंचित शिक्षकों सहित सभी मतदान कार्मिकों को शीघ्र आवेदन करना चाहिए। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम/मतदान प्रभारी सीडीओ को संबोधित पत्र के साथ ड्यूटी आदेश व बैंक पासबुक की छायाप्रति भी संलग्न करनी होगी। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना के मुताबिक पिछले दिनों संपंन लोकसभा चुनाव में मतदान या मतगणना ड्यूटी करने वाले किसी भी कार्मिक को पारिश्रमिक से वंचित नहीं किया जाएगा। अधिकांश कार्मिकों को भुगतान किया जा चुका है।

**आवास विकास क्रासिंग** | वर्षों से चली आ रही इस गंभीर समस्या की तरफ जनप्रतिनिधि भी नहीं दे रहे ध्यान

# ओवरब्रिज न बनने से रोज लगता जाम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर स्थित आवास विकास रेलवे क्रॉसिंग पर आने-जाने वाले लोगों के लिए अब जाम लगना आम बात हो गई है। इसकी मुख्य वजह रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज पुल का न बनना। दिन में कई बार जाम लगने का कारण बन गया है। आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर व क्षेत्रीय लोगों द्वारा ओवरब्रिज पुल बनाने को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों के साथ ही विभागीय अधिकारियों से मांग की गई। लेकिन विभागीय व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अब तक रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण न होने से शहर में अक्सर ही जाम की समस्या बनी रहती हैं।

बता दें कि इस क्रासिंग के चलते सैकड़ो लोग प्रतिदिन जाम में फंसते हैं। इस मार्ग से शहर के छोटे वाहनों के साथ बड़े वाहन भी शहर से होते हुए, बांगरमऊ, मल्लावां, हरदोई, सहित अन्य बड़े शहरों के लिए वाहन इसी रास्ते जाते हैं। शहर स्थित रायबरेली रेलवे लाइन पर ट्रेनों व माल गाड़ी की संख्या ज्यादा होने के कारण रेलवे क्रॉसिंग अक्सर बंद हो जाती है। जिससे जिला मुख्यालय शहर जाने वाले मार्ग पर क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। वहीं वाहन चालकों की ओर से पहले निकलने के प्रयास में आड़े-तिरछे वाहन फंसने के कारण स्थिति और भी भयानक हो जाती है। बुधवार शाम को भी जाम में लोगों को घंटों समय बर्बाद करना पड़ा। आवास विकास व मोती नगर निवासी मनमोहन लोधी मानचंद्र, राहुल तिवारी, मोनू यादव व विजय कुमार आदि का कहना है की रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज पुल बनवाए जाने को लेकर मांग पत्र सौंपे गए। लेकिन विभागीय उदासीनता से स्थिति ज्यों की त्यों बनी है। प्रतिदिन हजारों वाहन इसी रास्ते से होकर जनपद के अलावा कानपुर, लखनऊ, हरदोई, आगरा व दिल्ली सहित अन्य जिलों के मार्गो को जोड़ता है।



क्रासिंग बंद होने से लगा भीषण जाम। अमृत विचार

### बोले सांसद



सांसद साक्षी महाराज ने बताया कि रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की गई है। जल्द ही इसे भी बनवाया जायेगा।

# आरोपी का मोबाइल ट्रेस कर 2 किशोरियों को किया बरामद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- गैर समुदाय के युवक ने नाम बदलकर बनाए प्रेम सबंध बिहार ले जा रहा था

**अमृत विचार।** दही थाना क्षेत्र एक स्लाटर हाउस में काम करने वाले बिहार के युवक ने किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाया और उसे और उसकी छोटी बहन को साथ ले गया। बेटियो के घर नही पहुंचने पर पिता ने दही पुलिस को इसकी जानकारी दी। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस टीम ने रायबरेली के लालगंज स्टेशन से उन्हे बरामद कर थाने लाई। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

बता दें कि दही औद्योगिक क्षेत्र के साइड दो स्थित एक लोहे की एंगल बनाने वाली फैक्ट्री में मथुरा निवासी दंपती मजदूरी करते है और वहीं पास की एक बिल्डिंग में किराए पर रहते है। एक स्लाटर हाउस में काम करने वाला बिहार निवासी समुदाय विशेष का युवक भी वहीं रहता था। उसने अपना नाम सौरभ बता कर मथुरा निवासी 14 वर्षीय किशोरी को प्रेम जाल में फंसा लिया। मंगलवार दोपहर युवक किशोरी को शादी का झांसा देकर बिहार ले जाने के लिए निकला, उसकी छोटी बहन को साथ ले लिया। बिहार जाने के लिए बस से रायबरेली जिले के लालगंज कस्बा पहुंच गया। शाम को माता पिता घर लौटे तो बेटियों को गायब देख उन्हे शक हुआ। पिता दही थाना पहुंचा और पुलिस को जानकारी देते हुए युवक पर शक जताया। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने युवक का नंबर पता कराया और उसकी लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद मिले। रात करीब 1 बजे लड़के का फोन खुला और लालगंज रेलवे स्टेशन पर उसकी लोकेशन मिल गई। तुरंत पुलिस की एक टीम रवाना हुई और वहां से दोनो किशोरी व आरोपी युवक को पकड़ कर थाने लाई। पूछताछ में लड़के ने बताया वह दोनो को बिहार ले जा रहा था।

# पोल्ट्री फार्म के भवन को बुलडोजर से ढहाया गया

## जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम समाज की भूमि कराई कब्जा मुक्त

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र में चल रहे अमन पोल्ट्री फार्म पर आखिरकार बुधवार को प्रशासनिक कार्रवाई की गई। डीएम के आदेश पर पोल्ट्री फार्म पर बुल्डोजर चलाकर उसे ध्वस्त करवा दिया गया। इस दौरान तहसील अधिकारियों के साथ फोर्स भी मौजूद रहा।

बता दें कि यह पोल्ट्री फार्म क्षेत्रीय लोगों के लिए समस्या बना हुआ था। मख्यियों व दुर्गंध से परेशान लोगों का जीवन बेहाल था। फार्म मालिकान की अच्छी पकड़ के चलते वर्षों से उसे कार्रवाई से बचाया जा रहा था। चुनाव के समय मतदान बहिष्कार को लेकर इस गांव में बैनर लगाए गए थे। साथ ही वोटिंग के दिन दो बजे तक वोट का बहिष्कार हुआ था। एसडीएम हिमांशु गुप्ता व सीओ संतोष सिंह की समझाने के बाद गांव के लोग वोट करने को तैयार हुए थे, एसडीएम हसनगंज द्वारा लेखपाल इंद्रसेन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लाइट कटवाई गई। पुनः लाइट जोड़ने पर बिजली विभाग से एक और रिपोर्ट दर्ज हुई।


पोल्ट्री फार्म को ध्वस्त करती जेसीबी व मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

पोल्ट्री फार्म द्वारा ग्राम समाज पर कब्जा की गई जमीन पर प्रशासन का चला बुलडोजर गांव में बना पोल्ट्री फार्म निर्माण के बाद से ही अक्सर विवादों से घिरा रहता है। कुछ दिन पहले ग्राम प्रधान विजयपाल लोधी ने तहसील में प्रार्थना पत्र देकर गांव के (532 ख) चकरोड पर पोल्ट्री फार्म कब्जे की शिकायत की थी। 164 की कार्यवाही के बाद लेखपालों द्वारा जमीन की नाप कर 12 बिस्वा सरकारी जमीन पोल्ट्री फार्म के द्वारा कब्जा करने की बात कही गई थी। जिसका एसडीम हसनगंज हिमांशु गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए, नायब तहसीलदार व लेखपालों की 8 सदस्यीय टीम लेकर बुधवार शाम पोल्ट्री फार्म के अवैध निर्माण को गिराया। इस दौरान एसडीम हसनगंज हिमांशु गुप्ता, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी, लेखपाल अरविंद गुप्ता, सुशील शुक्ला, इंद्रसेन यादव आदि राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

# कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राएं अब बनेंगी एनसीसी कैडेट्स

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के बाद डीजी स्कूल शिक्षा ने दिया आदेश

**अमृत विचार।** अब उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राएं एनसीसी कैडेट्स बनाई जाएंगी। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को पत्र जारी कर इन विद्यालयों में प्राथमिकता से एनसीसी का विस्तार कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने प्रदेश में तीन लाख कैडेट्स की क्षमता बढ़ाई है।

बता दें कि नारी सशक्तिकरण के तहत अब विद्यालयों व कार्यालयों तक सीमित न रहकर आधी आबादी सेना, अर्द्ध सैनिक बल, पुलिस, रेल व अन्य विभागों में विभिन्न पदों पर कार्यरत हो रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ केंद्र सरकार आत्मसुरक्षा में भी स्वावलंबी बनाना चाहती है। माना जा रहा है कि इसीलिए एनसीसी के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव निष्ठा उपाध्याय ने इसके लिए 17 मई-2024 को शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव अर्चना शर्मा अवस्थी को पत्र भेजकर न सिर्फ नवोदय व केंद्रीय विद्यालयों, बल्कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में भी एनसीसी यूनिट के संचालन को कहा था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से मिले पत्र के आधार पर डीजी ने बीएसए को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय द्वारा एनसीसी कैडेट्स की बढ़ाई गई तीन लाख रिक्तियों को भरा जाना है। इसके लिए छात्राओं को एनसीसी कैडेट्स के तौर पर प्रशिक्षित कराया जाना है। इसलिए कस्तूरबा विद्यालयों में प्राथमिकता से एनसीसी यूनिट का संचालन कराने के प्रबंध किए जाएं। उच्चाधिकारी ने बीएसए को निकटस्थ एनसीसी यूनिट, कार्यालय में संपर्क कर उच्चीकृत कस्तूरबा विद्यालयों के लिए एनसीसी कैडेट्स के पद आवंटित कराने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि पहले कक्षा 6 से 8 तक संचालित किए जाते रहे कस्तूरबा विद्यालयों को इंटर तक किया जा रहा है। इसलिए कक्षा नौ से 12वीं की छात्राओं को कैडेट्स बनाया जाएगा।

## एक नजर

### सैनिक बंधु की बैठक 27 को

**उन्नाव।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि 27 जून को दोपहर डेढ़ बजे डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में जिला सैनिक बंधु की बैठक होगी। जिसमें समस्याएं व शिकायतें सुनकर उनका निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों से प्रस्तावित बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### शहर में रोजगार मेला कल

**उन्नाव।** अटल बिहारी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अजब सिंह यादव ने बताया कि 28 जून को इंटर कालेज परिसर में आल इंडिया सोसाइटी फार इलेक्ट्रानिक्स एंड कंप्यूटर टेक्नोलाजी (एआईएसईसीटी) संस्था द्वारा रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संबंधित ट्रेड की करीब डेढ़ दर्जन कंपनियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि शिक्षित बेराजगार युवक रोजगार मेले में शामिल होकर अपना करियर बना सकते हैं। इसके लिए होने वाले साक्षात्कार में उन्हें बायोडाटा, दो नवीनतम पासपोर्ट फोटो व आधार कार्ड की प्रति के साथ शामिल होना चाहिए।

### बकरियों ने चारा खाया मारपीट में 5 गंभीर घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** दरवाजे पर रखा चारा पड़ोसी की बकरियों द्वारा खाने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों से दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर घायल हो गए। सीएचसी के डाक्टर ने घायलों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर कस्बा निवासी गोपाल के चाचा सीताराम की बकरियां बीती मंगलवार शाम पड़ोसी पप्पू के दरवाजे रखा हरा चारा खा गईं। इसे लेकर गोपाल व पप्पू में कहासुनी व गालीगलौज होने लगी। झगड़ा तूल पकड़ते ही दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन महिला-पुरुष लाठी-डंडे लेकर आ गए और एक-दूसरे पर वार करने लगे। झगड़े में एक पक्ष के गोपाल, उसकी पत्नी पुष्पा व गरिमा पत्नी वीरेंद्र और दूसरे पक्ष से पप्पू व उसकी पत्नी राजपती लहूलुहान हो गए। झगड़े के बाद दोनों पक्षों के अन्य परिजन घायलों को कोतवाली लाए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने सभी की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया।

### छत से नीचे गिरी बच्ची हालत गंभीर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रबड़ी निवासी अमर सिंह भीषण गर्मी के चलते अपनी एक वर्षीय बेटी मोहिनी व अन्य पारिवारिक सदस्यों के साथ घर की छत पर सो रहे थे। रात में मोहिनी किसी तरह छत के किनारे जा पहुंची और लड़खड़ाकर जमीन गिर गई। इसमें वह गंभीर घायल हो गई। पिता बेटी को आनन-फानन सीएचसी लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दबंगों पर मजदूरों को पीटने का आरोप लगा दी तहरीर

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अबनपुर निवासी शिवम पुत्र मेवालाल व रंजीत पुत्र मुन्नी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि वे फरहदपुर आम मंडी में याकूब की आढ़त पर काम करते हैं। बुद्धवार दोपहर चौहान व टिंकल अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ आढ़त पर आए और उन्हें जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीटने लगे। बचाव के लिए वे आम की पेटियों के पीछे छुप गए। राहगीरों व व्यापरियों ने जैसे-तैसे उन्हें बीच-बचाव कर बचाया। इसे लेकर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

# बेकाबू डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मारी, मौत

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर लखनऊ जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।


अबू सायमा।

बता दें कि नगर के मोहल्ला अंसार मैदान निवासी नौशाद का पुत्र अबू सायमा बुधवार सुबह बाइक से उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित अपने बाग गया था। वह लौट आ रहा था, तभी रास्ते में हरदोई से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। बेटे का शव देख मां लैलतुन का बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के ही शव के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# पोषण वाटिका और किचन गार्डन तैयार करने में जुट जाएं

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आरडीएस मेमोरियल स्कूल के सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत अंतर्गत सभी बेसिक व जूनियर विद्यालयों के प्रधान व इंचार्ज शिक्षकों की बैठक हुई। इसमें खंड शिक्षाधिकारी देवेंद्र सिंह पटेल द्वारा डीबीटी आधार वेरीफिकेशन, नवीन नामांकन व शारदा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन व उपस्थिति समेत 15 बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई।


बैठक में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

बैठक में खंड शिक्षाधिकारी ने सभी प्रधान व इंचार्ज शिक्षकों से आपरेशन कायाकल्प अंतर्गत कराए गए कार्यों को लेकर गहन पूछताछ की। साथ ही कंपोजिट ग्रांट से संपन्न वैकासिक कार्यों की भी चर्चा कर प्रगति की जानकारी लेते हुए अधूरे कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने निपुण लक्ष्य की प्राप्ति, विभिन्न पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन, विद्युत बिल, विद्युत मीटर, पोषण बाटिका व किचन गार्डन की भी समीक्षा की। उन्होंने बैठक में प्रेरणा पोर्टल पर प्रोमोटेड छात्र-छात्राओं के वेरीफिकेशन व नवीन छात्र-छात्राओं के रजिस्ट्रेशन पर भी जोर दिया। बैठक में अमित कुमार, अखिलेश, वंदना पाल, छत्रपाल व रमेश कुमार सभी पांचों एआरपी सहित ब्लॉक प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रामसिंह कनौजिया, रेखा तिवारी, अनिल सिंह, रामदास पाल, गीता यादव, अखिलेश द्विवेदी, एहतशाम अहमद, योगेंद्र बाजपेई, सेविना दीक्षित अर्चना गौतम व अजयपाल रहे।

# डीआरएम ने देखा अमृत स्टेशन का निर्माण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- लखनऊ से डलमऊ जाते समय कुछ समय के लिए उन्नाव स्टेशन पर ठहरे

**अमृत विचार।** मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने लखनऊ से डलमऊ विंडो टेलिंग निरीक्षण करते हुए जाते समय यहां स्टेशन पर रुके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अमृत स्टेशन का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया जाना चाहिए।

आनन-फानन में तय हुए निरीक्षण की जानकारी मिलते ही यहां स्टेशन चमकाने के प्रयास शुरू हो गए। सफाई कर्मचारियों सहित सभी एक साथ हरकत में आ गए और कमियों को दूर किया जाने लगा। डीआरएम को रायबरेली रेल रूट पर जाना था। इसलिए स्पेशल ठहरते ही वह यहां उतर पड़े। उन्होंने साथ आए अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर में शुरू अमृत स्टेशन के निर्माण की जानकारी ली। साथ ही निर्माण स्थल पहुंचकर मौका मुआयना भी किया। डीआरएम ने कहा कि जल्दी से जल्दी निर्माण पूर्ण करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जाए। साथ ही गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।


निरीक्षण के दौरान स्टाफ से बातचीत करते डीआरएम एसएम शर्मा। अमृत विचार

इसलिए अभियंताओं की टीम अपनी देखरेख में कार्य कराए। उन्होंने स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित सहायक स्टेशन मास्टर कार्यालय पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात स्टाफ से संरक्षा संबंधी सवाल किए। कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सभी के लिए सर्वोपरि होनी चाहिए। साथ ही यात्रियों को सभी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। इसी तरह उन्होंने सिग्नल कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

# लोडर ने पिता-पुत्र को मारी टक्कर, रेफर

**पुरवा।** कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव बाबूखेड़ा निवासी राजेंद्र अपने बेटे शिवम के साथ बुधवार को स्कूटी से किसी काम से पुरवा आए थे। जहां से घर जाते समय क्षेत्र के ग्यारह मील के पास सामने से आ रहे लोडर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों को सीएचसी बिछिया पहुंचाया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


मौके पर जांच करते सीओ। अमृत विचार

### झील में उतरता मिला युवक का शव

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत घूरखेत गांव के पास निकली झील में बुधवार सुबह एक युवक का शव उतराता देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। थोड़ी देर में वहां भीड़ लग गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जाल डलवाकर शव निकलवाया। लेकिन पहचान न होने पर उसे मोर्चरी में रखवाया गया है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के घूरखेत गांव के बाहर शारदा नहर की पुरवा ब्रांच से निकली झील में बुधवार सुबह मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने एक युवक का शव फंसा देखा तो उनमें सनसनी फैल गई। जानकारी पर वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंचे सीओ सोमनेंद्र विश्वास व एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और जाल डलवाकर शव निकलवाया। मौजूद ग्रामीणों में कोई उसे पहचान नहीं सका। शिनाख्त के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया की भी मदद ली है। युवक की उम्र 45 साल के करीब बताई जा रही है। उसने कच्छा व आसमानी कलर की शर्ट पहनी थी। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शव करीब एक सप्ताह पुराना लग रहा है। इसके कहीं दूर से बहकर आने का अंदेशा है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।


समीक्षा करते सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा। अमृत विचार

### सीडीओ ने सीएम संदर्भित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

**उन्नाव।** कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने आईजीआरएस पोर्टल व सीएम हेल्पलाइन नंबर की लंबित शिकायतों की विभाग व तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को समयबद्धता से लंबित सभी प्रकरण निस्तारित कराने के निर्देश दिए। बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं लंबित संदर्भों की समीक्षा करते हैं। इसलिए कठोर कार्रवाई से बचने के लिए कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रखना चाहिए। सीडीओ पुलिस, खाद्य एवं रसद, पीडब्ल्यूडी, बेसिक शिक्षा, विद्युत, पंचायतीराज व नगर विकास विभागों के सबसे अधिक प्रकरण लंबित रहने पर नाराजगी जताई। कहा कि इन संदर्भित मामलों का निस्तारण गंभीरता से कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराया जाए। इसके लिए मौके पर जाकर शिकायत की वास्तविकता देखते हुए रिपोर्ट लगाई जाए। सीडीओ ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान 24वीं रैंक में सुधार लाने के लिए सभी को निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वहन करते हुए जिले को टाप 10 में शामिल कराने का प्रयास करना होगा। बैठक में एडीएम (वित्त एंव राजस्व) नरेंद्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, डीडीओ संजय पांडेय व पीडी कमलेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### लेखपाल ने शिकायतकर्ता पर दर्ज कराई रिपोर्ट, जांच शुरू

**सफीपुर उन्नाव।** एसडीएम सफीपुर के निर्देश पर एक शिकायती पत्र का निस्तारण करने गये लेखपाल से अभद्रता, गालीगालौज व मारपीट करना शिकायतकर्ता को उस समय महंगा पड़ गया जब लेखपाल बिना मामले का निस्तारण किए जान बचाकर वापस लौट आया। इसके बाद उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी एसडीएम को दी। इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर शिकायतकर्ता पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दें कि तहसील क्षेत्र के अंधेलिया गांव निवासी व्यक्ति द्वारा दिये गए शिकायतीपत्र के निस्तारण को गए क्षेत्रीय लेखपाल आलोक बाजपेई से अंधेलियां गांव के बृजकुमार पुत्र ललतू ने गालीगलौज के साथ अभद्रता कर मारपीट की कोशिश की थी। लेखपाल द्वारा शिकायत के अनुपालन में लगाए गए सीमांकन की रेखाएं मिटा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की तहरीर सफीपुर कोतवाली में दी थी। इसके चलते पुलिस ने शिकायतकर्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### गैर इरादतन हत्या के चार आरोपी भेजे गए जेल

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत भग्गा खेड़ा गांव में घूर काटने के विवाद में हुई मारपीट में वृद्ध की मौत होने के बाद पुलिस ने धाराओं में बढ़ोत्तरी करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिन्हे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बता दें कि सदर कोतवाली की मगरवारा चौकी क्षेत्र के भग्गा खेड़ा गांव में बीती 21 जून को मारपीट में रामप्रसाद (65) घायल हुआ था। पुलिस ने इसके बेटे अवधेश की तहरीर में मारपीट की धारा में केस दर्ज कर चार लोगों को पकड़ा था। 25 जून को इलाज के दौरान राम प्रसाद की मौत हो गई थी। बुधवार को पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर केस में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाते हुए नामित आरोपी राज कुमार, जितेन्द्र कुमार, शिवम साहू व शुभम को दयालखेड़ा क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया। उनके पास से आलाकत्ल डंडे व ईंट बरामद कर कोर्ट में पेश किया।

### युवक को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

**गंजमुरादाबाद।** बेहटामुजावर थानाक्षेत्र के गांव पुरई खेड़ा निवासी गोकरन पुत्र जयराम बीती मंगलवार देरशाम अपने मवेशियों को चारा कर रहा था। तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### प्रताड़ना से ऊबी महिला ने निगला कीटनाशक, गंभीर

**औरास उन्नाव।** औरास थानाक्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने दहेज के लिए दी जा रही प्रताड़ना से तंग आकर कीटनाशक निगल लिया। इसकी जानकारी पर बेटी को देखने अस्पताल पहुंची उसकी मां से ससुरालियों ने अभद्रता की। मां ने औरास पुलिस को तहरीर देकर करवाई की मांग की है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के हुलासी खेड़ा गांव निवासी कमला बताया कि उसने अपनी बेटी ऊषा की शादी करीब चार साल पहले क्षेत्र के खुटेहना गांव निवासी धर्मेंद्र से की थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुरालीजन बेटी को कम दहेज लाने व दो लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ित करते थे। मंगलवार को भी उससे मारपीट की गई। इससे ऊबकर उसने कीटनाशक निगल लिया।

शिक्षा विभाग

स्कूल खुला देख वहां पहुंचने वाले बच्चों को होमवर्क देकर किया जाता रहा वापस

# छुट्टी खत्म, विद्यालय पहुंचकर परिषदीय शिक्षकों ने लगाई हाजिरी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशों पर अमल करते हुए परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक ग्रीष्मावकाश के बाद तैनाती वाले स्कूल पहुंचे। उन्होंने विद्यालयों में बंद चल रहा ताला खोलकर साफ-सफाई अभियान शुरू कराया। वहीं विद्यालय खुला देख पहुंचने वाले बच्चों को 28 से शिक्षण कार्य शुरू होने की जानकारी के साथ बीच के दिनों के लिए होमवर्क भी दिया।

डीजी स्कूल शिक्षा के आदेश का पालन करते हुए बीएसए संगीता सिंह के निर्देश पर परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बुधवार से विद्यालय पहुंचना शुरू कर दिया। हालांकि अभी शिक्षण कार्य के बजाए विद्यालयों की साफ-सफाई कराई जानी है। सुबह तय समय पर स्कूल पहुंचकर शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने ग्रीष्मावकाश के चलते बंद विद्यालयों के ताले खोले। काफी दिनों की बंदी से शिक्षण कक्षों में जमा धूल साफ कराई। साथ ही उपस्थित रजिस्टर पर अपनी-अपनी हाजरी लगाई। अधिकांश विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों ने श्रमिक लगाकर विद्यालय भवन सहित परिसर की साफ-सफाई कराई। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र व अनुदेशक विद्यालय परिसर में बैठकर बच्चों के आगमन व पर्यावरण जागरूकता संबंधी रणनीति बनाते रहे। अर्से बाद मिलने पर उन्होंने लोकसभा चुनाव व अन्य मामलों पर विचार-विमर्श भी किया। बता दें कि ग्रीष्मावकाश के बाद पहले दिन विद्यालय पहुंचने पर सभी बच्चों का तिलक किया जाना है। साथ ही पर्यावरण जागरूकता के लिए छात्र-छात्राओं को निकटवर्ती प्राकृतिक स्थलों की सैर भी करानी है।


पौधरोपण करते बिझलामऊ परिषदीय विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### गर्मी से बेहाल रहे शिक्षक-शिक्षिकाएं

पहले दिन विद्यालय पहुंचने पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को गर्मी बेहाल किए रही। बारिश न होने से उमस वाली गर्मी के चलते विद्यालय में समय काटना मुश्किल बना रहा। पहले दिन अधिकांश शिक्षण स्टाफ अपने साथ ठंढ़े पानी की बोतलें लेकर विद्यालय पहुंचे थे, जिससे उन्हें पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ा। वहीं घरों से पानी न ले जाने वालों को विद्यालयों या आसपास लगे हैंड पंप के भरोसे रहना पड़ा।

### फोटो शूट के साथ किया पौधरोपण

ग्रीष्मावकाश के बाद पहले दिन की स्मृतियों को शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अलग-अलग अंदाज में संरक्षित किया। अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र व अनुदेशक आदि साफ-सफाई अभियान के बीच फुर्सत के क्षणों में न सिर्फ सेल्फी लेते रहे बल्कि ग्रुप फोटो भी कराई। वहीं सिकंदरपुर कर्ण बिझलामऊ विद्यालय में कार्यरत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने सहयोगी शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

# पुरानी पेंशन का ऑप्शन स्वीकृत होने से शिक्षकों में छाई खुशी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- न्यायिक आदेश पर अमल के लिये लगी है कैबिनेट की मुहर

**अमृत विचार।** न्यायिक आदेश पर अमल के लिए कैबिनेट की मोहर लगने से 28 मार्च-2005 तक प्रकाशित विज्ञप्ति के आधार पर कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरानी पेंशन का ऑप्शन मिलने से शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। हालांकि शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक हितों के लिए पुरानी पेंशन की लड़ाई जारी रखी जाएगी, क्योंकि सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन ही शिक्षकों के लिए बुढ़ापे की लाठी साबित होती है।

उल्लेखनीय है शिक्षक व राज्य कर्मचारियों के विभिन्न संगठन पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं। कुछ शिक्षकों की याचिका की सुनवाई करते हुए पिछले वर्ष उच्च न्यायालय ने वर्ष 2005 तक सेवानियोजित हुए शिक्षकों को पुरानी पेंशन का हकदार बताया था। हालांकि अब तक सरकार व शासन ने न्यायिक आदेश पर अमल नहीं कराया जा रहा था। अब मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कैबिनेट की मोहर लग गई। इससे 28 मार्च 2005 तक नियुक्त हुए शिक्षकों को पुरानी पेंशन का आप्शन दिए जाने का रास्ता साफ हो गया है। जूनियर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सेविना दीक्षित ने सरकार के फैसले की सराहना की। पुरानी पेंशन को लेकर अब तक जारी रहा असमंजस अब समाप्त हो गया है। वहीं वर्ष 2010 में सेवारत हुए शिक्षक महेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार को सभी शिक्षकों को ओपीएस से लाभांवित करना चाहिए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय ने कहा कि ओपीएस शिक्षकों के हित में है। इसलिए नेतृत्व के निर्देश पर सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया ने भी शिक्षकों के हक की लड़ाई जारी रखने पर बल दिया। इसी तरह प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला पदाधिकारी गजेंद्र वर्मा, जिला प्रवक्ता मदन कुमार पांडेय, संजय सिंह व ब्लाक अध्यक्ष रजनीकांत यादव ने भी शिक्षक हित के लिए ओपीएस को लेकर संघर्ष जारी रखने की बात कही।

## एक नजर

### एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। शाहाबाद की काशीराम कालोनी निवासी दलित युवती के साथ मारपीट करने पर युवक पर एससी-एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि शाहाबाद कोतवाली के काशीराम कालोनी निवासी सोनी पुत्री छोटे लाल ने बताया मोहल्ला हाथा हकीम जी निवासी शकील पुत्र फहीम ने उसे गाली गलौज किया। मना करने पर उसके साथ मारपीट की। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई। बताते चलें, काशीराम कालोनी में कंकड़ज बस्ती के लोग कच्ची शराब का व्यापार धड़ल्ले से किया जाता है। जिस कारण यहां आए दिन मारपीट और गाली गलौज हुआ करता है। कच्ची शराब के आदी लोग कालोनी में हर समय घूमते देखे जा सकते हैं। पीड़ित युवती की लिखित सूचना पर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### होमगार्ड पर पत्नी ने उत्पीड़न की दर्ज कराई रिपोर्ट

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। फिरोजपुर खुर्द गांव के रहने वाले एक होमगार्ड ने मायके से खर्चे के लिए पैसे न लाने पर अपनी पत्नी को पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित पत्नी ने शाहाबाद कोतवाली में होमगार्ड पति के खिलाफ केस दर्ज कराया। शाहाबाद कोतवाली के फिरोजपुर खुर्द गांव की रहने वाली राम बेटी पत्नी रामकृपाल होमगार्ड के अनुसार उसका पति राम कृपाल प्रतिदिन उसे गाली गलौज कर मारता पीटता है, तथा यह कहके प्रताड़ित करता है कि तेरे बाप ने दहेज में कुछ नहीं दिया। मायके से खर्चे के लिए रुपए लेकर आओ। मुझे तेरी जरूरत नहीं है। तुझे छोड़कर तीसरी शादी करूंगा। बकौल राम बेटी 25 जून की सुबह तकरीबन आठ बजे उसके पति होमगार्ड रामकृपाल ने लात घूसों एवं डंडों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी, जिससे उसे काफी अंदरूनी चोटें आई हैं।

# जागा नगर पालिका प्रशासन, शुरू हुई गंदे नाले की सफाई

**खबर का असर : आनन-फानन में सफाई कर्मचारियों की लंबी टीम लगा कर जेसीबी मशीन से किया गया कार्य**

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



शाहाबाद के बासित नगर मार्ग पर जेसीबी से नाले की सफाई करता कर्मी।




26 जून को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी की लापरवाही का आलम यह है कि जब अखबार में खबर छाप कर नालों की सफाई और गंदगी का एहसास कराया जाता है तो तुरंत पालिका प्रशासन एक्शन मोड में आकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कर देता है। बुधवार को भी खबर प्रकाशन होने के बाद पालिका प्रशासन ने महीनों से कूड़े कचरे से भरे गंदे नाले की सफाई कर डाली गई। शायद अमृत विचार बरसात के मद्देनजर पानी निकास का मुद्दा न उठाता तो शायद नगर पालिका प्रशासन कुंभकरण की नींद सोता रहता और बारिश में लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर जाता है।

बुधवार को अखबार ने "नाले में कचरा, कैसे निकलेगा बारिश का पानी" शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया। खबर प्रकाशित होने के बाद आनन-फानन में जेसीबी मशीन के माध्यम से सफाई कर्मचारियों की लंबी टीम लगाई गई और इस गंदे नाले की घास काटकर पूरी तरह से सफाई कर दी गई। बासित नगर मार्ग का यह नाला नगर का सबसे बड़ा गंदा नाला है। नगर के सभी 17 गंदे नालों का पानी इसी बड़े गंदे नाले में मिलकर पश्चिम की ओर खेतों से गुजर जाता है। यह नाला पिछले कई माह से साफ नहीं किया गया। शहर के अंदर नालों पर सफाई कर्मचारी और जेसीबी मशीन के माध्यम से सफाई का कार्य किया जा रहा था, लेकिन आखिरी छोर पर जेसीबी मशीन नहीं पहुंच सकी, जहां से पानी का निकास होना था। लेकिन अमृत विचार वहां तक पहुंचा। अमृत विचार ने नाले में व्याप्त गंदगी और आसपास खड़े जंगल की फोटो अपने कमरे में कैद की और प्रमुखता के साथ उसका प्रकाशन कर दिया। बुधवार को जब यह खबर प्रकाशित हुई तो नगर पालिका प्रशासन की फजीहत हुई और उसने बासित नगर मार्ग पर सीमा द्वार के निकट जेसीबी मशीन और सफाई कर्मचारियों के माध्यम से गंदे नाले की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया है। सफाई निरीक्षक ने बताया कि जल्द ही पूरे नाले के आखिरी छोर तक सफाई करा दी जाएगी।

## सड़क किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव

माधौगंज/हरदोई, अमृत विचार। सड़क के किनारे तालाब की झाड़ियों से युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस के मुताबिक, शव दो दिन पुराना है। जबकि लोगों के बीच हत्या करने के बाद शव को झाड़ियों में फेंके जाने की अटकलें लगाई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि तालाब में डूबने से मौत हुई और शव झाड़ियों में फंस गया, फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है।

माधौगंज कस्बे के अन्नपूर्णा नगर निवासी अजीत कश्यप ने बरामद हुए शव की शिनाख्त अपने भाई आशीष के रूप में की है। आशीष मंगलवार की शाम से घर नहीं पहुंचा था।

# दुष्कर्म के बाद हत्या कर लटकाया शव

**कमरे में लटका मिला किशोरी का शव, पड़ोस के दो भाइयों व उनके बहनोई पर आरोप**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** खेत पर काम कर रही किशोरी नहाने के लिए घर आई हुई थी। शाम को उसकी मां घर पहुंची तो वहां देखा कि किशोरी के गीले कपड़े बाथरूम में पड़े हुए थे और उसका शव कमरे के अंदर फंदे से लटका हुआ था। पड़ोस के दो सगे भाइयों और उनके बहनोई के ऊपर दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है, वहीं पास में आरोपी का मोबाइल पड़े होने से आरोप सही माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

**▸▸ बाथरूम में पड़े थे कपड़े, शव के पास मिला आरोपी का मोबाइल**

बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के बबनापुर निवासी राम औतार मंगलवार को पत्नी लता के अलावा बेटियों के साथ खेत पर था। उसी बीच 17 वर्षीय बेटी दामिनी नहाने के लिए घर आई हुई थी। लेकिन उसके बाद खेत पर वापस नहीं गई। शाम को मां लता घर पहुंची, वहां बाथरूम में दामिनी के गीले कपड़े पड़े हुए थे। अंदर देखा तो कमरे में उसका



शव फंदे पर लटक रहा था। लता के चीखने की आवाज़ सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। शव के पास एक मोबाइल भी पड़ा पाया गया, जोकि राम औतार के घर का नहीं था।

लता ने अपने पड़ोस के दो सगे भाइयों और उनके बहनोई पर आरोप लगाया है कि पहले दुष्कर्म किया और फिर हत्या करने के बाद दामिनी के शव को फांसी पर लटका दिया। वहां मिला मोबाइल उन्ही आरोपियों का बताया जा रहा है। पांच बहनों में एक दामिनी से बड़ी और तीन उससे छोटी हैं, सबसे छोटा एक भाई है। इसका पता होते ही गांव में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए गहराई से जांच शुरू कर दी है। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल इसे ले कर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रहीं हैं।

# शराबी पति से ऊबकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शराबी पति की हरकतों से जब चुकी उसकी पत्नी ने ज़हर खा कर आत्महत्या कर ली। मामला सुरसा थाने के हरापुरवा का बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि सुरसा थाने के हरापुरवा निवासी पातीराम की शादी अहिरोरी ब्लाक के सरैंया निवासी सुधीर की 22 वर्षीय पुत्री निशा के साथ 2018 में हुई थी। उसके दो बच्चे है। मंगलवार को निशा की एका-एक तबियत बिगड़ गई, आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। निशा की मां सुधा का आरोप है कि उसका दामाद पातीराम शराबी है, निशा उसकी हरकतों से इतनी ऊब चुकी थी कि उसने आत्महत्या कर ली। निशा के पिता दिल्ली में रह कर वहीं मज़दूरी करते है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी के जाने से परेशान पति ने दी जान

हरदोई, अमृत विचार। दो साल पहले पत्नी के जाने से खफा चल रहे पति को जब कोई दूसरा रास्ता नहीं सुझाई दिया तो उसने गांव के बाहर बाग़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला बेहटा गोकुल थाने के कोड़रा सरैंया का बताया गया है। पुलिस गहराई से जांच कर रही है। बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के कोड़रा सरैंया निवासी 30 वर्षीय पातीराम पुत्र श्रीपाल अपने तीन भाइयों में छोटा था। बताते है कि खेती-बाड़ी करने वाले पातीराम की पत्नी करीब दो साल पहले चली गई थी, जिसे वापस बुलाने के लिए पातीराम ने काफी दौड़ लगाई, लेकिन कोई हल नहीं निकला। उसके बाद वह थक कर बैठ गया। बुधवार की सुबह देखा गया कि पातीराम का शव गांव के बाहर प्रहलाद के बाग़ में गमछे से फांसी पर लटका हुआ था। उसके बड़े भाई विनोद ने बताया कि पत्नी के न आने से पातीराम काफी गुमसुम रहता था, उसी के चलते उसने आत्महत्या की। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। मामले की जांच की जा रही है

# अवैध कब्जों पर एसडीएम सख्त

**शिकायत पर किया स्थलीय निरीक्षण, बोलीं- चलेगा बुलडोजर**

संवाददाता, हरदोई



स्थलीय निरीक्षण करतीं एसडीएम पूनम भास्कर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शाहाबाद एसडीएम पूनम भास्कर ने नायब तहसीलदार राकेश कुमार, तहसीलदार नारेन्द्र यादव, कानूनगो संजय मिश्रा, सदर लेखपाल आशीष कुमार बाजपेई व लेखपाल पंकज पाल सहित राजस्व के कई अधिकारियों के साथ राजस्व के प्रार्थना पत्रों पर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंनें निर्देश दिए हैं कि अवैध तरीके से रामलीला मैदान परजाऊ ताल के पास स्थाई अतिक्रमण पर जल्द ही बुलडोज़र चलेगा।

एसडीएम ने कहा कि सरकारी ज़मीन को हर हाल में कब्ज़ा मुक्त कराया जाए। इसी दौरान एसडीएम शाहाबाद ने पिहानी में हरदोई रोड पर बना रहे बाबा मैरिज हॉल एवं रिसोर्ट-3 का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मैरिज हाल के संस्थापक व समाजसेवी जोगराज सिंह को ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने राजस्व के शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण भी किया। चांद ब्रिक फील्ड के पास सरेहजू बॉर्डर पर सरदारों की शिकायत पर भैंसटा नदी में पुलिया बनने की शिकायत का निरीक्षण किया। सिख समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया है की भैसटा नदी पर पुलिया उधर से पानी बंद कर दिया गया है, जिससे बरसात में नदी का पानी ओवरफ्लो होकर गांव में घुसेगा। इस पर एसडीएम ने मातहतों को निर्देश दिए कि ऐसा कार्य कराया जाए, जिससे कोई समस्या न खड़ी हो।

## बालिका के अपहरण व दुष्कर्म में 10 वर्ष की कैद

हरदोई, अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद नसीम ने एक फैसले में एक बालिका को बहला फुसलाकर उसका अपहरण करने और उसके बाद उसके साथ रेप करने के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि लोनार क्षेत्र का सराय राघव निवासी अनमोल अग्निहोत्री 27 जुलाई 2015 को दिन के तीन बजे उसकी बेटी को बहला फुसलाकर उसे अपने साथ मोटरसाइकिल पर लगा ले गया, उसके बाद उसके साथ जबरिया रेप किया। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता निवासी पचदेवरा ने आरोपित के खिलाफ कराई।

# कोतवाली में दर्ज होने तक बदल जाती है तहरीर

**शाहाबाद कोतवाली पुलिस का कारनामा**

शाहाबाद, हरदोई




**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगाने का एक नायाब तरीका ढूंढ लिया है। बड़े अपराधों से संबंधित आने वाले प्रार्थना पत्रों को चेंज करवाकर प्राथमिकी दर्ज करने का सिलसिला पिछले काफी दिनों से चल रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट इस शर्त पर दर्ज की जाती है जब उसे तहरीर बदलवा ली जाती है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अपराधिक गतिविधियां चरम सीमा पर हैं। मारपीट, लड़ाई, झगड़ा, छेड़छाड़, बलात्कार एक आम बात हो चुकी है, लेकिन बड़े अपराध आपको कोतवाली की रजिस्टर में अंकित नहीं मिलेंगे। इसका मुख्य कारण यह है कि पुलिस द्वारा दर्ज करने से पहले तहरीर बदलवा दी जाती है। छेड़छाड़ या दुष्कर्म के मामले में आने वाली शिकायतों पर शाहबाद पुलिस काफी टाल मटोल करती है। उसके बाद इसी शर्त पर मामला पंजीकृत किया जाता है कि तहरीर बदली जाएगी और जब तहरीर बदली जाती है तभी कोतवाली पुलिस मामूली धाराओं में मामला पंजीकृत करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के कई ग्रामों की ऐसी घटनाएं जिसमें किशोरियों को युवकों ने पड़कर दुष्कर्म का प्रयास किया लेकिन शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने इन बड़े अपराधों को मामूली 294 की या फिर 151 में आरोपी का चालान करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। लगभग हर दूसरे प्रार्थना पत्र को पुलिस बदलवाने का कार्य कर रही है जबकि योगी आदित्यनाथ अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार पुलिस की नकेल कस रहे हैं, लेकिन शाहाबाद कोतवाली में इसके ठीक विपरीत हो रहा है। मारपीट की घटनाओं में भी पुलिस का यही रवैया है, अगर किसी के सिर से खून नहीं बह रहा है या लहूलुहान नहीं है तो कोतवाली पुलिस उसकी रिपोर्ट एनसीआर में भी दर्ज नहीं करती। पीड़ित प्रार्थना पत्र देकर पुलिस का इंतजार करता रहता है। जांच के नाम पर पुलिस आरोपी के पास से मिलकर बैरंग वापस आ जाती है। पीड़ित पक्ष को पता ही नहीं चल पाता कि उसके प्रार्थना पत्र पर क्या हुआ?

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा का कहना है कोतवाली में आने वाले हर पीड़ित की फरियाद सुनी जाती है और यथासंभव कार्रवाई की जाती है। मुकदमा पंजीकृत होने वाले सभी प्रार्थना पत्रों पर मुकदमा पंजीकृत होता है और साधारण एप्लीकेशन पर पुलिस जांच कर कार्रवाई करती है।

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनाया गया शाहूजी महाराज का जन्मदिवस

हरदोई, अमृत विचार। बघौली चौराहा स्थित अपना दल (एस) के जिला कार्यालय पर आरक्षण के जनक शाहू जी महाराज जन्म दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि शाहू महाराज ने सबसे पहले अपने राज्य में आरक्षण को लागू कर साबित कर दिया था कि वे एक आदर्श नेता और सक्षम शासक है। आगे कहा कि उन्हें राजर्षि शाहू महाराज, छत्रपति शाहू महाराज या शाहू महाराज भी कहा जाता है। उनका मराठा के भोंसले राजवंश के 26 जून, 1874 को जन्म हुआ था। कोल्हापुर की भारतीय रियासत के महाराजा थे, उन्हे एक वास्तविक लोकतान्त्रिक और सामाजिक सुधारक माना जाता था। जाति और पन्थ के बावजूद सभी को प्राथमिक शिक्षा उनकी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक थी। उहोंने ने अपने राज्य में आरक्षण सबसे पहले लागू किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुखेन्द्र पटेल, जिला उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, बालामऊ विधान सभा अध्यक्ष ओम प्रकाश प्रधान, डा.अनूप कुमार, कुलदीप कुमार, रामस्वरूप, अर्जुन लाल, पूर्व प्रधान विजय कुमार, विकास अवस्थी, कृपा शंकर शुक्ला व मनोज कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



हनुमान चालीसा का पाठ करतीं श्रद्धालु। अमृत विचार

### कई मंदिरों में एक साथ हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

हरदोई, अमृत विचार। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ व प्रभु रामजी के भजन कर माहौल को राम मय बना दिया श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम मंदिर सरायथोक, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सरायथोक के श्री बैजनाथ धाम मंदिर में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति, बजरंग बाण व आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में जिला प्रभारी वेद प्रकाश गुप्ता व विजय अग्रवाल ने सभी को हनुमान चालीसा व हनुमान अष्टक का पाठ करवाया। पुजारी विश्वास पाठक व पंडित रवि शंकर मिश्रा ने आरती व पूजन अर्चन संपन्न कराया। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर नीलम जिंदल, पंकज गुप्ता, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, ज्योति सिंह, आराध्या वर्मा, अक्षत अग्रवाल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ। अमृत विचार

### किसानों को गोष्ठी में बताई खेती की वैज्ञानिक तकनीक

पाली, हरदोई, अमृत विचार। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं गोष्ठी का आयोजन बुधवार को पाली स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार भरखनी पर किया गया। जिसमें आए हुए कृषकों को वैज्ञानिक तकनीक से खेती कर अधिक उपज कैसे ली जाए, इसके बारे में जानकारी दी गई। गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने जैविक खेती पर प्रकाश डालते हुए किसानों को खेती बाड़ी में उर्वरक के बजाए जैविक खाद प्रयोग किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहती है, इस दौरान मृदा स्वास्थ्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। राजकीय कृषि बीज भण्डार भरखनी के प्रभारी सुबोध त्रिवेदी ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और कुसुम योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कोई भी समस्या आने पर उनसे संपर्क करने को कहा। किसानों से खेतों की समय-समय पर जांच कराए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे मिट्टी में होने वाली कमियों को पता कर दूर करना होगा। उन्होंने किसानों को नई योजनाओं की जानकारी देते हुए वैज्ञानिक पद्धति से खेती पर जोर दिया। कहा कि किसानों को ब्लॉक स्तर पर कोई भी समस्याएं नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों से पराली न जलाने की भी अपील की। सहायक विकास अधिकारी कृषि ने किसानों को ट्राइकोडर्मा और बेबेरिया के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान करीब दर्जन पर महिला और पुरुष किसानों को माला पहनकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें निशुल्क बीज किट भी प्रदान की गई। इस दौरान कृषि विभाग के कर्मचारी राहुल वर्मा, चुन्नू सिंह चौहान, प्रमोद कुमार, डीसीएम श्रीराम शुगर यूनिट रूपापुर के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांड़ के हमले से महिला घायल, हालत गंभीर

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। गौटिया राजपुर में एक बिगड़ैल सांड ने एक पचपन वर्षीय महिला पर हमला कर दिया, जिससे महिला का पेट फट गया और लहूलुहान हो गई। आनन-फानन में महिला को सीएचसी लाया गया। जहां महिला के आठ टांके पेट में लगे हैं। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम गोटिया राजपुर निवासी रामवती 55 वर्ष पत्नी हरद्वारी लाल रात्रि तकरीबन आठ बजे अपने घर से निकलकर बग्गर में जा रही थीं। उसी समय सांड ने हमला कर दिया। पेट में सींग लगने से रामवती का पेट फट गया। खून की धार बहने लगी। गंभीर रूप से जख्मी रामवती को सीएचसी शाहबाद लाया गया।

# कोर्ट के आदेश पर लूट का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस ने कचहरी से घर लौट रहे अधिवक्ता को रास्ते में रोक कर उससे मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देते हुए लूट करने वाले बीएसए ऑफिस के लिपिक, शिक्षक संघ के अध्यक्ष और उनके चार साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुए केस में कहा गया है कि आरोपी सिंडिकेट गिरोह चला कर फर्ज़ी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा कर नौकरी दिला कर लाखों का खेल करते हैं।

अधिवक्ता विमलेश शर्मा निवासी कुल्लही पिहानी ने कोर्ट में दी अर्ज़ी में कहा था कि उसने बीएसए ऑफिस के लिपिक अनुपम मिश्रा, शिक्षक संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा के बारे में शिकायत की थी कि दोनों आरोपी सिंडिकेट गिरोह चलाते है और फर्ज़ी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा कर नौकरी दिलाने में लाखों का खेल करते है। शिकायत करने से तिलमिलाए आरोपियो ने पहले तो अधिवक्ता के खिलाफ झूठा केस दर्ज कराया, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। उसने आगे बताया कि 2 मार्च को जब वह कचहरी से पिहानी रोड फ्लाई ओवर के पास अपने मकान पर जा रहा था, उसी बीच अनुपम मिश्रा, आलोक मिश्रा अपने चार अज्ञात साथियों के साथ उसे रास्ते में रोक कर गाली-गलौज करने लगे, जान से मार डालने की धमकी दी, अनुपम मिश्रा ने गले में पड़ी सोने की चेन लूटी और बैग में रखी मुकदमे की फाइलें फाड़ कर फेंक दी। इसकी शिकायत करने पर पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। उसके बाद कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की। कोतवाली देहात पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अनुपम मिश्रा, आलोक मिश्रा व उनके चार अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**▸▸ बीएसए ऑफिस के लिपिक, शिक्षक संघ के अध्यक्ष व चार अज्ञात पर मामला दर्ज**

# मंदिर से दिनदहाड़े एक क्विंटल के घंटे चोरी

सवायजपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कन्हारी गांव स्थित काली माता मंदिर से मंगलवार को दिनदहाड़े एक क्विंटल पीतल के घंटे चोरी हो गए। मंदिर के पुजारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। दिनदहाड़े घंटा चोरी की वारदात से ग्रामीणों में आक्रोश है।

सवायजपुर थाना क्षेत्र के कन्हारी गांव में प्रसिद्ध काली मां का मंदिर है, यहां के मुख्य पुजारी ने बताया कि वह मंगलवार को कुछ समय के लिए मंदिर परिसर से बाहर चले गए थे। जब वह वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि मंदिर के बरामदे में टंगे पीतल के घंटे कोई जंजीर काटकर चोरी कर ले गया। उन्होंने बताया कि चोरी गए घंटों का वजन एक क्विंटल से कम नहीं होगा। पुजारी की सूचना पर सवायजपुर कोतवाली के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जांच पड़ताल की तथा आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। दिनदहाड़े मंदिर से हुई घंटा चोरी की वारदात को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन से जल्द घंटा चोरों को पकड़ने की मांग की है।

**▸▸ चोरी की वारदात से ग्रामीणों में आक्रोश**

**उपलब्धि** | आम्रपाली, अरुणिका, सनसेशन, टॉमी और अम्बिका आमों की तैयार की प्रजाति

# बैंगनी रंग के आमों का बाग किया तैयार

बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** एक 70 वर्षीय किसान अब्दुल सलाम ने पांच साल पहले अपनी मेहनत और लगन से आम का बाग तैयार किया था। जिसमें बैंगनी और लाल रंग के आम के फल आते हैं। इनके द्वारा तैयार किये गए बाग की चर्चाएं दूर-दूर तक फैली हैं। इन्होंने आम्रपाली, अरुणिका और अम्बिका नामक आम की प्रजाति का बाग तैयार करके एक मिसाल पेश की। पिछले वर्ष किसान अब्दुल सलाम का निधन हो गया। अब इनके बेटे इस बाग की देखभाल करते हैं।



पेड़ पर लगे बैंगनी आम। अमृत विचार

बताया गया है कि निजामपुर निवासी 70 वर्षीय अब्दुल सलाम ने जगदीशपुर से सांडी मार्ग पर निजामपुर गांव के पास 5 बीघा जमीन में आम का बाग तैयार किया था। इस बाग की खासियत यह है कि इस बाग में सभी पेड़ बौनी प्रजाति के हैं, इसलिए आम तोड़ने के लिए लकड़ी की लग्घी या सीढ़ी की जरूरत नहीं पड़ती है। इन पेड़ों पर लगे आम हाथ से ही तोड़े जा सकते है। किसान अब्दुल सलाम के पुत्र पुत्तन ने बताया कि करीब 10 साल पहले उद्यान विभाग हरदोई की तरफ से एक योजना के तहत आम्रपाली प्रजाति के पेड़ मिले थे। इन पेड़ों को लगाने के 3 साल बाद ही फल आने लगे थे। जबसे हर साल इसमें फल आते हैं। आम्रपाली के फल जुलाई के अंतिम सप्ताह में पकते हैं, इसके फल गूदादार व पतली गुठली वाले होते हैं। इसका फल महंगा बिकता है। इसके अलावा चार साल पहले इन्होंने राष्ट्रीय उपोषण बागवानी संस्थान रहमानखेड़ा लखनऊ से अरुणिका और अम्बिका नाम के पेड़ लिए थे। अरुणिका के पेड़ इस साल इनके बाग में तैयार हो गए है इसमे बैंगनी रंग के आम लगे हुए है। जिसमें बहुत अच्छी खुशबू आती है। और अम्बिका आम की खास बात यह है कि ये आम देखने मे लाल रंग का होता है सबसे ज्यादा स्वादिष्ट यही आम बताया जाता है। किसान अब्दुल सलाम खेती किसानी में काफी होशियार माने जाते थे। ग्रामीण बाग में पड़ने बाली दवाओं के संबंध में इनसे जानकारी करने आते थे।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते ।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान् के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

## संपादकीय

# फिर उठा कश्मीर मुद्दा

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसने संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। महत्वपूर्ण है कि हर बार की रह इस बार भी उसे मुंह की खानी पड़ी। भारत ने कश्मीर का जिक्र किए जाने वाले पाकिस्तान के बयान को झूठा और निराधार बताया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मुद्दे को उठाकर मंच का दुरुपयोग किया है। कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में चर्चा का विषय नहीं था, इसलिए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम इसे बार-बार फिलिस्तीन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। मंगलवार को भी उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू कश्मीर के मुद्दे को नियमित रूप से उठाता रहता है। इससे पहले पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने जवाब देते हुए पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के दमन और आतंकवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की उपलब्धि दुनिया में आतंक का सबसे बड़ा निर्यातक होना है। इसी साल फरवरी में पाकिस्तान के साथ तुर्की ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। तब भारत ने उसे आंतरिक मामलों में दखल न देने को कहा था।

गौरतलब है कश्मीर विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से जारी है। भारत में विलय के लिए विलय-पत्र पर दस्तखत किए थे। गवर्नर जनरल माउंटबेटन ने 27 अक्टूबर को इसे मंजूरी दी। विलय-पत्र का खाका वही था जिसका भारत में शामिल हुए अन्य सैकड़ों रजवाड़ों ने अपनी-अपनी रियासत को भारत में शामिल करने के लिए उपयोग किया था। इस वैधानिक दस्तावेज पर दस्तखत होते ही समूचा जम्मू और कश्मीर, जिसमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला क्षेत्र भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग बन गया। भारत का कहना है कि कश्मीर का मुद्दा और दूसरे सभी विवाद दोनों देशों के बीच 1972 के शिमला समझौते के तहत द्विपक्षीय मामले हैं। इसके अलावा कश्मीर में जनमत संग्रह के लिए सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर इस्लामाबाद एक महत्वपूर्ण बात की अनदेखी करता है कि उसे पहले कश्मीर के सभी क्षेत्रों से हटना होगा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा ऐसे समय में उठाया है जब सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल जम्मू कश्मीर आया हुआ है। दरअसल पाकिस्तान अपने घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता है। जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और रहेगा। कोई भी दुष्प्रचार इस तथ्य को बदल नहीं सकता।

# वैज्ञानिक सामर्थ्य से काबू होता है भीषण गर्मी का मिजाज



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋ तु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है।**

150 वर्ष के भीतर हर तीन साल के अंतराल से भारत में हीट-वेव और दस साल के अंतराल से हीट-वेव के कारण 50 डिग्री सेल्सियस चरम को छूने के रिकॉर्ड मौजूद हैं। शरीर का हीट-वेव एक्सपोजर होने से लाखों लोग एक सदी के भीतर मरे हैं या अपंग हुए हैं। मौसम की विशाल मशीनरी पर न केवल निरंतर नज़र रखने की जरूरत है,बल्कि इस बारे में जो भी स्टेटिस्टिकल डेटा जुटाया गया है। उसके विश्लेषण से 'प्रीडिक्टिव मॉडल्स' विकसित किए गए हैं। इन मॉडल्स के आधार पर अभी तक सिर्फ 'शॉर्ट टर्म लोकल वेदर' का ही पूर्वानुमान लगाना संभव है। पृथ्वी के विशाल भू-भाग के लिए दीर्घकालीन अनुमान लगाए जाने के लिए स्टेटिस्टिकल मॉडल्स भी विकसित किए गए हैं,लेकिन इनकी 'प्रीडिक्टिव रिलाएब्लिटी' और 'एफिशिएंसी' अभी अनिश्चित है। उपग्रहों से पृथ्वी के टेम्परेचर चार्ट्स या नक्शे हर तीन घंटा बाद तैयार होते हैं। इस एटलस में जर्रा भर परिवर्तन महसूस किए जाने के तुरंत बाद अनापेक्षित घटना की तैयारी के लिए भारत का आपदा प्रबंधन तंत्र सक्रिय हो जाता है।

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋतु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है। इसका एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर राज्यों में जिला स्तर तक काम करता है। मौसम के मिजाज में अचानक और गहन परिवर्तन होने की वजह से तापमान में आमतौर से न्यूनतम और अधिकतम सीमाओं से बहुत नीचे और ऊपर होने से बादल फटने और लगातार अत्यधिक वर्षा होने से जल-प्लावन, भू-स्खलन और नदी-नालों के तेज बहाव, सूखा, भू-कंप, दावानल, सूनामी या बड़ी दुर्घटनाओं के समय आपदा प्रबंधन में लगे विशेषज्ञ सबसे पहले जन-जीवन की रक्षा करने के लिए सक्रिय होते हैं। आपदा प्रबंधन में जो तत्व सबसे अहम बनकर उभरा है वह है कुदरती तौर पर होने वाली बड़ी आपदाओं का पूर्वानुमान किए जाने की क्षमता को तकनीकी तौर से बढ़ाना और आपदा आने पर बचाव के प्रबंधन को दक्ष टास्क-फोर्स द्वारा कुशलतम होकर सिस्टम की क्षमता बढ़ाना। घाघ-भड्डरी की कहावतों से नहीं, बल्कि सैटेलाइट इमेजरीज ही अब मौसम की नब्ज को पकड़ने का हमारा विश्वनीय आसरा है। ख्यात पत्रिकाओं में ऊंचे स्तर के अब तक पचास प्रकाशित शोधपत्र भीषण गर्मी पैदा होने की वजह, पृथ्वी के विभिन्न और विशाल प्रभावजनक घटकों, इलेक्ट्रो एवं पैथो फिजियोलॉजी,अति-ताप और अति-शीत के रेस्पांस में मनुष्य देह की एडाप्टेशन और शरीर क्रिया प्रणाली पर इसके असर के बारे में देख चुका हूं।

**क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं।**

इन सबमें हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर की फिजियोलॉजी के मैकेनिज्म को शरीर के सभी सिस्टम्स में कोशिका स्तर तक देखा जा चुका है और इससे वैज्ञानिकों की समझ में जबरदस्त इजाफा हुआ है। भारत के किसी भी हिस्से में हीट को न तो हम कम कर सकते हैं और न ही कुदरत की विशाल मौसम-मशीन के साथ कोई छेड़खानी अथवा इंटरवेंशन कर सकते हैं। परिवर्तनों पर नजर रखकर पूर्वाकलन करते हुए सिर्फ बचाव के उपाय किए जा सकते हैं, लेकिन उक्त अध्ययनों से हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर झेल चुके मनुष्यों को इलाज करने के लिए मेडिकल साइंस में अब विस्तृत हो चुकी समझ से न केवल पीड़ित व्यक्ति को राहत दी जा सकती है,बल्कि जान भी बचाई जा सकती है। इनमें से कुछ रिसर्च में संदर्भ हेतु अत्यधिक बार नामांकित हुए शोधपत्रों को उद्धृत करना चाहूंगा, जैसे कि : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ के 9 सितंबर 2020 के अंक में सिंगापुर में नान्यांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिक शिंग ल्यों लिम का फंडामेंटल कॉन्सेप्ट्स ऑफ ह्यूमन थर्मोरेगुलेशन एंड एडाप्टेशन टू हीट, जर्नल ऑफ नेचुरल रेमिडीज के जुलाई 2019 के अंक में वंदना वर्मा और साथियों द्वारा प्रकाशित आयुर्वेदिक इनसाइट्स ऑन फिजियोलॉजी ऑफ स्वेटिंग एंड थर्मोरेगुलेशन, साइंस एडवांसेज जर्नल के 7 जून 2017 के अंक में 11 साइंसदानों द्वारा साझा रूप से प्रकाशित किया गया पर्चा इनक्रीजिंग प्रोबबिलिटी ऑफ़ मोर्टेलिटी ड्यूरिंग इंडियन हीट वेव्स और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के 7 अक्टूबर 2021 के अंक में राधिका खोसला और साथियों का संपादकीय लेख हेल्थ रिस्क्स ऑफ एक्सट्रीम हीट। राधिका कहती हैं कि सन् 2019 में दुनिया में लोगों को 475 मिलियन बार हीट एक्सपोज़र हुए। इसका अर्थ है कि एक व्यक्ति अगर तीन दिन लगातार भयंकर गर्मी झेलता है तब इस हिसाब से सन् 2019 में ही 155 मिलियन या 15.5 करोड़ लोग हीट वेव के चपेट में आए थे। इससे हीट वेव के दुष्प्रभाव और इसकी व्यापकता मालूम होती है। उपरोक्त में से बहुत सी स्टडीज 'ट्रेंडी' कही जा सकती हैं,परंतु धरती पर रहने वाले मनुष्यों ने व्यवहार जनित परिवर्तन अगर नहीं किए तो ये प्रोजेक्शंस अनुमानित समय सीमा समाप्त होने से पहले भी घटित हो सकते हैं। कुदरत ने खुद ही अपने साथ हुई छेड़खानी का इलाज करने का कमाल कर दिखाया तो मध्यम असर वाली हीट-वेव तो चलेगी ही। खुद इलाज का अर्थ है प्राकृतिक आपदा की गहनता के साथ बारंबारता और असर का व्यापक होना जैसे कि भू-कंप की पुनरावृत्ति कम समय अंतराल से होना, सुनामी, अनावृष्टि या अकाल और ग्लोबल बाढ़ की स्थिति या एक बड़ा जियो-मैग्नेटिक परिवर्तन और झटका। एक बड़ी सोलर फ्लेयर ही धरती के एक तिहाई भाग को नष्ट कर सकती है जैसा कि एक साइंस फिक्शन राइटर ने अपने उपन्यास में कल्पना की थी या फिर रॉबर्ट सिल्वरबर्ग ने अपने उपन्यास नाइटफाल में कहा।

पृथ्वी पर बहुत सी आपदाओं को साइंस फिक्शन राइटर्स ने कल्पना में उतारा है,लेकिन इन सबमें मनुष्य के जिंदा रहने की तीव्र इच्छा और अदम्य साहस ने कहीं भी कैसे भी महाविनाश (कैटस्ट्रोफ) के बाद भी बचाकर रखा है। मानव कृत महाविनाश की घटना तो सिर्फ बड़े न्यूक्लियर युद्ध की वजह से ही संभव है,जिसमें कम से कम दस हजार मेगाटन शक्ति की विस्फोटक शक्ति हो। इतनी ऊर्जा पैदा करने के बाद विस्फोट तरंगों और हीट-वेव के कारण 13 करोड़ लोगों की तत्काल मृत्यु और बाकी में से अधिकांश की न्यूक्लियर शीत के कारण मृत्यु हो जाएगी। धरती से अधिकांश जीवन समाप्त हो जाएगा और दशकों तक हीट-वेव और अम्लीय वर्षा होती रहेगी।

क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं। महत्वपूर्ण यह जानना है कि क्षेत्र विशेष में रहने वाले मनुष्य अति-गर्म वातावरण को झेलने का आदी होने के बावजूद अपने इलाके में उम्मीद से अधिक गर्मी या ठंड पड़ने के समय इसकी भीषणता से बचने का क्या उपाय करता है। साधन संपन्न मनुष्य अपने लिए विश्वकर्मा दर्पण या विश्वकर्मा प्रकाश जैसे भारती वास्तुशास्त्र एवं शिल्प ग्रंथों के आधार पर ताप-सह्य घर का डिजाइन बनवाकर, ऊनी कपड़े पहनकर शरीर से 'हीट-लॉस' कम करके, घर के चारों ओर घनी छाया वाले वृक्ष लगाकर या पोखर एवं तड़ाग बनवाकर, वातानुकूलन संयंत्र लगाकर या पर्वतीय इलाकों में शीतल और सुकून देने वाली उपत्यकाओं में अस्थायी स्थानांतरण करके बचाव कर सकता है,लेकिन विपन्न व्यक्ति मारू गर्मी और ठंड को बर्दाश्त नहीं पाता और लंबे समय तक प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने से अंततः मर ही जाता है। भीषण गर्मी में गरीब तबके के इंसान अत्यधिक ऊंचे ताप के कारण हाइपर-पायरेक्सिया और ठंड लगने पर हाइपो-थर्मिया होने के कारण मरते देखे गए हैं। पैथो-फिजियोलॉजी ऑफ एक्सट्रीम हीट एंड कोल्ड का असर गरीब और अमीर कितना और क्यों होता है, यह जानने के लिए भी शोध अध्ययन हुए हैं,जिनके जरिए इनकी आर्थिक पृष्ठभूमि में विशाल अंतर को आधार बनाया गया,लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन् 2021 में एक ऐसी अध्ययन रिपोर्ट का प्रकाशन किया,जिसमें हीट-स्ट्रेस से मरने वालों की शव परीक्षा और क्लिनिकल जांच के बारे जानकारी दर्ज है। इसीलिए सरकारी खर्चे पर बेसहारा लोगों के शीत और भीषण गर्मी से बचाव के लिए सामूहिक आवास गृह बनाए जाते हैं।

## प्रसंगवश

# ये खेल है या मुर्गों की लड़ाई



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

एक बार सुनील गावस्कर किसी टेस्ट मैच में ओपनिंग करने गए और दुर्भाग्य से जीरो पर आउट हो गए। गावस्कर भारी मन और धीमे कदमों के साथ पैवेलियन लौटे। बिना किसी से कोई बात किए उन्होंने बल्ला एक तरफ पटका और सोफे पर निढाल होकर पड़ गए। किसी साथी खिलाड़ी की हिम्मत नहीं हुई कि उनके पास जाकर उन्हें ढाढस बंधाए।

तभी पॉली उमरीगर,जो अपने समय के बहुत बड़े बल्लेबाज थे और उस वक्त क्रिकेट प्रशासन में किसी ऊंचे ओहदे पर थे, पानी का एक गिलास लेकर गावस्कर के पास पहुंचे। गावस्कर उनका बहुत सम्मान करते थे। उमरीगर को पानी का गिलास लाता देख वे उठने को हुए, लेकिन जब तक वे उठ पाते,उमरीगर वहां पहुंच गए और पानी का गिलास पकड़ाया। "क्रिकेट में ऐसा होता है" उमरीगर ने गावस्कर को कहा और उनकी बगल में बैठकर उन्हें कुछ समझाने लगे। अगली पारी में गावस्कर ने बेहतरीन 73 रन बनाए। रॉस टेलर न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज थे,जिन्होंने हाल में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। टेस्ट और वन डे क्रिकेट रिकार्ड में उनकी बेहतरीन पारियां दर्ज हैं। वे आईपीएल खेल रहे थे। एक मैच में वे शून्य पर आउट हो गए। उनकी टीम भी हार गई। मैच खत्म होने के बाद टीम के मालिक ने सबके सामने उन्हें तीन-चार थप्पड़ रसीद कर दिए और कहा, "मैंने तुम्हें करोड़ों रूपये में खरीदा है। जीरो पर आउट होने के लिए नहीं"।

रॉस टेलर ने कुछ दिनों पहले प्रकाशित अपनी आत्मकथा में इस घटना का विवरण देते हुए लिखा, "हालांकि उन थप्पड़ों में आक्रामकता नहीं थी और वे बहुत जोर से नहीं मारे गए थे,लेकिन मैं उसका अर्थ समझ रहा था,जो हुआ वह सार्वजनिक रूप से हुआ। " सुनील गावस्कर अपने देश की टीम में चुने गए थे ,लेकिन रॉस टेलर की आईपीएल टीम ने उन्हें चुना नहीं था,बल्कि 'खरीदा' था। जब से क्रिकेट का बाजार सजा या कहें,बाजार में क्रिकेट उतरा, खिलाड़ी नायक न होकर अपने क्लबों के लिए मुर्गे बन गए।

मध्यकाल में सामंत लोग मुर्गे लड़वाया करते थे और आम जन भी उन तमाशों का मजा लेते थे,खुश हो होकर तालियां बजाते थे। मुर्गों का कोई देश या राज्य या मोहल्ला नहीं होता था,उनके सिर्फ मालिक होते थे। आधुनिक दौर में सामंतों की जगह पैसे वाले मालिकों ने ले ली और मुर्गों की जगह खिलाड़ियों ने ले ली। बाजार ने क्रिकेट को बेशुमार पैसा दिया,लेकिन क्रिकेट से उसकी आत्मा और खिलाड़ियों से उनकी गरिमा छीन ली।

आईपीएल में जब पहली बार विभिन्न शहरों पर आधारित टीमें बनीं तो उनका स्वरूप नितांत व्यावसायिक था,लेकिन भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं और टॉप के कुछेक भारतीय क्रिकेटरों के उनके शहरों से जुड़ाव को देखते हुए 'आइकन प्लेयर' की परिकल्पना की गई। यानी जो खिलाड़ी अपने शहर में किसी आइकन की तरह लोकप्रिय है,उन्हें नीलामी की प्रक्रिया में न डालकर उनके शहर की टीम से जोड़ दिया गया और नियम बनाया गया कि वह टीम नीलामी में किसी खिलाड़ी को जिस अधिकतम कीमत पर खरीदेगी, अपने आइकन प्लेयर को उससे 15 प्रतिशत अधिक पैसे देगी।

पहले सीजन में इन आइकन खिलाड़ियों को खूब सम्मान दिया गया। कोलकाता की टीम में सौरव गांगुली,बैंगलोर की टीम में राहुल द्रविड़, हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण, पंजाब में युवराज सिंह,मुंबई में सचिन तेंदुलकर आइकन प्लेयर बने। शायद, एकाध कोई और भी बने हों,लेकिन जीत, मुनाफा, ब्रांड वैल्यू आदि बाजारवादी मानकों पर गठित उन आईपीएल टीमों के लिए स्थानीयता और भावुकता पर आधारित आइकन प्लेयर की परिकल्पना पहले दूसरे साल से ही बोझ बनने लगी। साल दो साल बीतते-बीतते एक सचिन को छोड़ बाकी सारे के सारे आइकन साहब बाकायदा धकिया कर टीमों से बाहर कर दिए गए।

टी-20 के नायकों का उदय हुआ। नई पीढ़ी के खिलाड़ियों ने अपने खेल को इस तरह ढालने का अभ्यास किया कि वे हर तरह की क्रिकेट में प्रासंगिक बन सकें,लेकिन तब भी,आज की क्रिकेट में दुनिया के टॉप तीन बल्लेबाजों में शुमार स्टीव स्मिथ आईपीएल में बिना बिके रह गए। यह कैसी क्रिकेट है जिसमें स्टीव स्मिथ,द्रविड़, गांगुली, लक्ष्मण, माहेला जयवर्धने जैसे क्रिकेट के इतिहास पुरुष 'अनसोल्ड' रह जाते हैं। समय आएगा कि एक दिन क्रिकेट का स्वरूप दो सांड़ों की लड़ाई का हो जाएगा। हम सब तालियां बजाएंगे।

# नालंदा विश्वविद्यालय और अमर्त्य सेन



पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।**

चीनी कहावत है: इन सुइ, स युवैन, अर्थात् जब पानी पीते हो तो तालाब या कुंआ बनाने वालों के बारे में कृतज्ञतापूर्वक सोचो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने जिस परिसर का उद्घाटन और लोकार्पण किया उसका टेंडर मेरे हस्ताक्षर से जनवरी 2017 में नागार्जुन कंस्ट्रक्शन को दिया गया था और कैंपस निर्माण के श्री गणेश के अवसर पर नागार्जुन कंपनी द्वारा आयोजित भूमि पूजन का जजमान मैं ही था। नालंदा विश्वविद्यालय कैंपस निर्माण के शुभारंभ (भूमि पूजन) के अवसर पर मैंने किसी राजनेता को आमंत्रित नहीं किया।

अब विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नालंदा विश्वविद्यालय निर्माण के इतिहास की जो डॉक्युमेंटरी दिखाई, उसमें राष्ट्रपति कलाम और प्रधानमंत्री मोदी का ही उल्लेख था। किसी ने 2014 में नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरिम परिसर का उद्घाटन कर अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया के शुभारंभ में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली राजनेत्री श्रीमती स्वराज का स्मरण नहीं किया। विश्वविद्यालय के निर्माण का विजन प्रदान करने वाले प्रथम कुलाधिपति प्रोफेसर अमर्त्य सेन,शासी समिति के सदस्य और प्रथम कुलपति डॉक्टर गोपा सभरवाल की भी उपेक्षा हुई। प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के उनके विद्वान सहयोगियों ने विश्वविद्यालय के भावी स्वरूप का रोडमैप तो बनाया ही, 2014 में प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने इंडोनेशिया में व्याख्यान के मानदेय के रूप में प्राप्त बीस लाख रुपये के दान द्वारा अभावग्रस्त छात्रों के लिए छात्रवृति कोष बनवाया। अमर्त्य सेन की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के कारण आस्ट्रेलिया सरकार,चीन की सरकार और स्विटजरलैंड के एक एनआरआई व्यवसाय ने एक-एक मिलियन अमेरिकी डॉलर (कुल मिलाकर अठारह करोड़ रुपये) का दान दिया। थाईलैंड ने साठ लाख रुपये का अनुदान दिया।

सिंगापुर के प्रमुख व्यवसायियों का एक दल प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के सदस्य श्री जार्ज यो,जो सिंगापुर के विदेश मंत्री थे,के अनुरोध पर नालंदा आया था। वे विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के लिए करीब दस मिलियन अमेरिकी डालर,अर्थात् साठ करोड़ रुपये का अनुदान देने के लिए प्रतिबद्ध थे। जब सरकार ने अमर्त्य सेन को पहले कुलाधिपति पद से हटाया और फिर शासी समिति से भी बेदखल कर दिया,जार्ज यो ने भी नालंदा से नाता तोड़ लिया और सिंगापुर के उद्योगपति भी अनुदान के वादे से मुकर गए।

प्रोफेसर अमर्त्य सेन जब विश्वविद्यालय के काम से भारत आते थे तो उनके फ्लाइट के किराए का भुगतान विश्वविद्यालय को नहीं करना पड़ता था। वे यह भूल जाते हैं कि भारत रत्न सम्मान से नवाजे गए लोग जिस राज्य में जाते हैं,उन्हें राजकीय अतिथि का दर्जा मिलता है और राज्य सरकार उनके आतिथ्य के उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करती है। सरकार ने प्रोफेसर अमर्त्य सेन और उनके द्वारा नियुक्त कुलपति को कलंकित करने के उद्देश्य से हर तरह के हथकंडे अपनाए,नाना प्रकार की चालबाजी की,लेकिन सांच को आंच क्या? झूठ के सचमुच पांव नहीं होते। टाइम्स ऑफ इंडिया की पत्रकार भारती जैन ने ट्विटर पर प्रोफेसर अमर्त्य के खिलाफ कुछ आरोप लगाए। उसने लिखा कि नियुक्ति में धांधली हुई,उन्हें पांच लाख रुपये प्रति माह वेतन,बेहिसाब विदेश यात्रा,विलासितापूर्ण होटल का आतिथ्य,सीधी नियुक्तियों की शक्ति, आदि दिए गए थे। बाद में जब उसे तथ्यों से अवगत कराया गया,उसने अपने आरोपों को वापस लिया और क्षमा याचना की।

पोस्ट-अमर्त्य सेन युग की कुलपति महोदया ने सारा जीवन दक्षिण भारत के प्रांतीय विश्वविद्यालय के उस विभाग में अध्ययन और अध्यापन किया,जहां उनके पिताश्री वरिष्ठ और सम्मानित प्राध्यापक थे। कुलपति महोदया ने जीवन में कभी भी किसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिका या प्रकाशन गृह से शोधपत्र या पुस्तक प्रकाशित करने का प्रयास नहीं किया। यूरोप-अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से पीएचडी डिग्रीधारी प्रोफेसर जिनकी बहाली प्रोफेसर अमर्त्य सेन के समय में हुई थी,ने या खुद विश्वविद्यालय छोड़ दिया या उन्हें हटा दिया गया। राष्ट्रीय महत्व के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित जेएनयू ने अपनी स्थापना के प्रथम दशक मे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर ली थी। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

## सोशल फोरम

# आस्था कब तक कल्याणकारी



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

रामेश्वरम से रामसेतु देखने धनुषकोडि गया और आनंद से भर गया। रामेश्वरम के धनुषकोडि से श्रीलंका के निकटतम बॉर्डर की दूरी करीब 25 किलोमीटर है, जबकि रामायण में जिस रामसेतु का उल्लेख है,वह सौ योजन लंबा और 10 योजन चौड़ा है। इस हिसाब से ढाई किलोमीटर चौड़ा पुल था। लंका के द्वार पर सुरसा भी हनुमान को निगलने के लिए सौ योजन बराबर मुख बड़ा कर लेती है। सभी बड़ी चीजें सौ योजन हैं। ऐसी चीजें कथा हैं,इन्हें तथ्य नहीं समझ लेना चाहिए और सामाजिक संदेश को समझना चाहिए।

रामकथा के इतिहासीकरण की शुरुआत अंग्रेजों ने की थी,1828 में पहली बार आर्य वीर राम द्वारा दक्षिण के द्रविड़ लोगों पर आक्रमण की बात कहकर। यह नस्लवादी जहर उन्हें खासकर तमिलनाडु के लोगों के मन में बो देने में सफलता मिली है,अंग्रेजों का उद्देश्य पूरा हुआ है। अंग्रेजों की देखा-देखी रामकथा में आए भौगोलिक स्थानों को इतिहास बनाकर उपस्थित करने का एक लंबा सिलसिला इधर फिर चला है, जो मुख्यतः पुरोहितों का व्यापारिक जाल है। इसी क्रम में समुद्र में रामसेतु की खोज हुई और रामेश्वरम में एक सज्जन ने कुछ प्लूमिस पत्थर लाकर एक हनुमान मंदिर में प्रदर्शित कर रखा है और घोषित कर रखा है कि ये पत्थर उसी राम सेतु के हैं। ये वस्तुतः किसी ज्वालामुखी के झाग के टुकड़े हैं,जो छिद्र वाले स्पंज जैसे दिखने वाले पत्थर होते हैं। ये पानी को अपने भीतर खींचकर तैरते हैं।

यदि राम नाम लिखे बिना भी ये तैरें, तो फिर राम का माहात्म्य क्या है? रामेश्वर के एक मंदिर में एक पुरोहित 1000 रुपए में इसके छोटे टुकड़े बेच रहा था। कुछ व्यक्ति भक्ति भाव से खरीदकर चमत्कार दिखाने के लिए घर ले जा रहे थे। आस्था के ऐसे शोषण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। आस्था तभी तक कल्याणकारी है,जब तक बुद्धि का दामन नहीं छोड़ती। आस्था और अंधविश्वास में फर्क है। आस्था कई बार मनुष्य का आत्मविश्वास मजबूत करती है,जबकि अंधविश्वास हर बार आत्मविश्वास छीन लेता है। **-फेसबुक वॉल से**

# असली इंसान



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

**मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की।**

जून,1979 को मेरा स्थानांतरण अपराध शाखा,लखनऊ से मुरादाबाद हो गया,जहां मैं सीओ अमरोहा बनाया गया। अपराध शाखा में मेरे पुलिस अधीक्षक रहे मंजूर अहमद साहब के साले मुजम्मिल खां अमरोहा में रहते थे। लंबे, तगड़े, गोरे खां साहब पुराने जमींदार थे और राजनीति व स्थानीय गुटबंदी से दूर रहते हुए प्रभावशाली व्यक्ति थे। 13 अगस्त 1980 को ईद के दिन मुरादाबाद ईदगाह पर हुए विवाद में पुलिस ने नमाजियों पर फायरिंग कर दी, जिसमें काफी लोग मारे व घायल हुए और मुरादाबाद में पुलिस-मुसलमान संघर्ष प्रारंभ हो गया,जो शाम होते-होते हिंदू-मुस्लिम दंगे में परिवर्तित हो गया। मुरादाबाद दंगे की तपिश अमरोहा में भी महसूस होने लगी। मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की। मुजम्मिल खां ने अपने 4-5 बंदों के साथ अपनी जोंगा जीप से रात्रि गस्त की पेशकश की।

15 अगस्त को लगभग दो बजे दिन में सूचना मिली कि दो घायल मुसलमान सरकारी अस्पताल में आए हैं। मैं तत्काल अस्पताल पहुंचा,वहां भीड़ एकत्र हो रही थी, भीतर घायलों ने बताया कि वे मुरादाबाद से गजरौला ट्रेन से जा रहे थे कि कैलसा स्टेशन के पास जाटों ने ट्रेन रोककर कुछ मुसलमानों को मारा व लूटा है। यह बात सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली थी। घायल व्यक्ति शिया थे। मैंने तत्काल अस्पताल के भीतर एकत्र मुस्लिमों को निकालकर अपने शिया मित्र,टेनिस खिलाड़ी शाने अकबर को बुला लिया। शाने अकबर अपने साथियों के साथ अस्पताल में आकर स्वयं को घायल का रिश्तेदार बताकर अन्य मुसलमानों को हटाकर इस घटना को आपसी मारपीट बताकर धार्मिक विवाद बनने से बचाया। इसी बीच पुलिस कंट्रोल ने मुझे बताया कि मुजम्मिल खां मुझसे तत्काल बात करना चाहते हैं। मुजम्मिल खां ने बताया कि जामा मस्जिद पर तीन घायल मुसलमान आए हैं,जो गजरौला रेलवे स्टेशन के पास हिंदुओं द्वारा मुसलमानों को मार-पीट कर मुस्लिम औरतों को बलात अपने साथ उठा ले जाने की बात बता रहे हैं। यह बात आसपास के मुस्लिम मोहल्लों में फैल रही है और लोग मस्जिद में भागकर आ रहे हैं,मैं तत्काल मस्जिद पर पहुंच जाऊं,वह वहीं मिलेंगे।

मैं जामा मस्जिद के लिए जीप से भागा। मस्जिद से 200 मीटर पहले ही रास्ते में मुजम्मिल खां अपने 5-6 साथियों के साथ मेरी प्रतीक्षा करते मिले। मुजम्मिल खां बार-बार कह रहे थे,ठाकुर कुछ करो,कुछ करो,हमारे अमरोहा को बचा लो,मैं किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा था। अंत में मैंने वापसी का निर्णय सुनाया। सुनकर खां ने कहा कि क्या मैं असली क्षत्रिय हूं,मेरे हां करने पर वह बोले कि असली क्षत्रिय मौत से नहीं डरता,वह पठान हैं और अपने शहर को बचाने के लिए जान भी दे देंगे। इतना सुनकर मेरे अंदर भी जोश आ गया। मैंने कहा कि तुम पठान हो मरने से नहीं डरते तो मैं भी क्षत्रिय हूं,मैं भी मौत से नहीं डरता,चलो। अब मैं मुजम्मिल खां के साथ मस्जिद की तरफ चल दिया। उस समय न मृत्यु का डर न परिवार की चिंता थी,बस सोच रहा था कि कैसे शहर को बचाया जाय और क्या मैं जान देकर भी सांप्रदायिक सौहार्द बचा पाऊंगा। हम मस्जिद में जैसे ही घुसे,मेरे वर्दी में होने के कारण शोर मचने लगा। मस्जिद परिसर में पुलिस व मेरे विरुद्ध नारेबाजी,गाली गलौज जारी था,जान से मारने की बात भी हो रही थी।

हम मस्जिद प्रबंधक के पास पहुंचे तो कुछ सकून मिला। प्रबंधक लगभग 80 वर्ष के बूढ़े, नाटे लंबी सफेद दाढ़ी वाले व्यक्ति थे। मुझे देखते ही वह बोले कि इन्हें हिंदुओं ने मारा व लूटा है तथा कुछ मुस्लिम खातूनों को हिंदू जबरन अपने साथ ले गए हैं,मैं तुरंत इस मसले को देखूं। मैंने कहा कि मुझे मारपीट का ज्ञान है और गजरौला पुलिस मौके पर छानबीन कर भी रही है, लेकिन औरतों के अगवा वाली बात सही नहीं है। मैंने धीरे से मुंतजिम से कहा कि वह घायलों को बाहर निकलवा दें तथा नमाज के बाद किसी को भी तकरीर करने का मौका न दें अन्यथा वे भड़काऊ भाषण से दंगा करा देंगे। मस्जिद में एक ही द्वार था,जो मुझसे 50 मीटर पीछे था और बीच में थी क्रोधित,नारे लगाती भीड़। वापसी संभव नहीं थी। इतने में चमत्कार हुआ। मुंतजिम ने दहाड़ते हुए कहा- "खामोश" और भीड़ सचमुच खामोश हो गई। वह बोले कि उन्हें भी पुलिस पर विश्वास नहीं है,लेकिन यह सीओ बहादुर ठाकुर है,इस पर मेरा विश्वास है। यह जरूर सही कार्रवाई करेगा। सभी लोग खामोशी से अपने अपने घर जाकर नमाज पढ़ें और अपने कस्बे और देश के अमनोअमान के लिए परवरदिगार से दुआ करें। यह मेरी मस्जिद है,आज यहां मगरिब (शाम) की नमाज नहीं होगी।

हम धीरे-धीरे मस्जिद के बाहर निकल आए, देखा कि कुछ दूर ड्राइवर वासुदेव जीप लेकर चिंतित खड़ा था,मुझे देखते ही वह जीप लाया जिस पर तीन घायल तथा मुजम्मिल खां को लेकर तेजी से अस्पताल आकर उन्हें भर्ती कराया। पहले भर्ती हुए दोनों घायलों की स्थिति ठीक थी और शाने अकबर पहरा दे रहे थे। वहां से मैंने कोतवाली आकर चाय पी और हंसते हुए मुजम्मिल खां से कहा कि आज तो उन्होंने मेरी हत्या करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने भी हंसते हुए कहा कि थोड़ी हिम्मत करने से आज दंगा बच गया नहीं तो हजारों खुराफातियों की भीड़ को कौन रोक पाता? इसी बीच उनके चेले उनकी जोंगा जीप लेकर आ गए और हमने उन्हें विदा किया। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि कोई मुसलमान मस्जिद में नमाज के लिए मना करेगा और नमाजी चुपचाप मान लेंगे। ऐसी घटना मैंने आज तक न देखी न सुनी। कोतवाली में बैठे हम बात कर रहे थे कि यदि मुजम्मिल खां न होते तो आज अमरोहा कस्बे की गलियां खून से लाल हो जाती और अमरोहा की तवारीख पर एक बदनुमा दाग लग जाता।

## एक नजर

### प्रशासन ने निंबी तालाब पर डाली गई मिट्टी को हटवाया

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** पौराणिक निम्बी तालाब पर अवैध रूप से कब्जे की नियत से डाली गईं मिट्टी को नगर पालिका प्रशासन द्वारा हटवाया गया। ताकि तालाब आपने वास्तविक रूप में बना रहे। बताते चले कि निम्बी तालाब पर अवैध रूप से मिट्टी डालकर प्लाटिंग की नियत से हो रहे कब्जे को लेकर अधिशाषी अधिकारी राजेश राणा ने उप जिलाधिकारी बिलग्राम को पत्र भेजकर उल्लेख किया था कि गंगारामपुर गाटा संख्या 378/1 रकबा 2123 हेक्टेयर जो तालाब के नाम दर्ज है। नायब तहसीलदार जीतेन्द्र सिंह व लेकपाल मो जमाल ने उसकी पैमाइश कर नगर पालिका को रिपोर्ट सौपी थी। बुधवार को नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राजेश राणा ने तालाब में डाली गईं मिट्टी को हटवाकर तालाब को सुरक्षित कराया। अधिशाषी अधिकारी राजेश राणा ने बताया कि तालाब की गाटा संख्या में किसी भी प्रकार के कब्जा आदि कराया गया तो उसके विरुद्ध विधि कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने घर के अंदर फंदा लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** मज़दूरी कर अपने बच्चों का पेट पाल रहे युवक ने घर के अंदर फांसी लगा कर सुसाइड कर लिया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े मे.लेते हुए उसकी वजह तलाशने में जुटी हुई है। बताया गया है कि पचदेवरा थाने के अनंगपुर निवासी धनपाल सिंह ऊर्फ उन्नू पुत्र बृजपाल सिंह ने मंगलवार की रात अपने घर में गमछे से फांसी लगा कर सुसाइड कर लिया। बुधवार की सुबह वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर इस बारे में पूछताछ की। आस-पड़ोस के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। धनपाल उर्फ उन्नू की मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है। उसकी पत्नी पूनम का रो-रोकर बुरा हाल है। उसके दो बेटे और एक बेटी है। एसएचओ पचदेवरा रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# 15 दिन में कटान रोकने का कार्य करें पूरा

## एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, तटों को सुरक्षित करने की तैयारी

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई,



कार्यों का निरीक्षण करते एसडीएम राकेश सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संभावित बाढ़ को देखते हुए गंगा के किनारे कटान रोकने के लिए प्रशासन द्वारा तटों को सुरक्षित कराया जा रहा है। तट पर कराए जा रहे कार्य का बुधवार को उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया।

एसडीएम राकेश सिंह ने नोखेपुरवा गांव में चल रहे निर्माण व कटान रोकने के लिए बोरिया भरने का कार्य का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि 500 मीटर में प्रोजेक्ट का कार्य सिंचाई विभाग द्वारा कार्य करवाया जा रहा है जो लगभग 15 दिनों में पूरा कर दिया जाएगा।

# 330 लाइन ब्रेकडाउन होने से चार घंटे गुल रही बिजली, बढ़ी दिक्कत

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** 330 लाइन ब्रेकडाउन होने की वजह से शहर वासियों को तकरीबन 4 घंटे बिजली नहीं मिल सकी, जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहर 11:30 के आसपास अचानक बिजली गुल हो गई। तकरीबन 4 घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी करने पर बिजली कर्मचारियों ने बताया कि 330 लाइन ब्रेकडाउन हो जाने की वजह से बिजली गुल रही है। लाइन पर पेड़ गिर जाने की वजह से ऐसी दिक्कत आई। फिलहाल इस भीषण गर्मी में चार घंटे बिजली न मिलने के कारण शहर वासियों के साथ-साथ बिजली पर निर्भर दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली पर निर्भर दुकानदार चार घंटे तक खाली बैठे रहे। जब चार घंटे बाद बिजली आई तब दुकानदारों ने अपना काम किया।

### आठ घंटे तक रही बिजली गुल




**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में विद्युत आपूर्ति में हो रही भारी कटौती कभी-कभी 14 घंटे तो कभी 12 घंटे ही विद्युत सप्लाई नगर में दी जा रही है, वहीं बुधवार को सुबह आठ से बिजली बिजली गुल हो गई जो शाम चार बजे तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। भीषण गर्मी में लोग परेशान दिखाई दिए, वहीं बिजली कटौती से पानी की भी नगर वासियों को किल्लत उठानी पड़ी। जब इस संबंध में विद्युत विभाग के जेई विजय कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि हरदोई के मन्नापुरवा में तेज आंधी आने के कारण बिजली काट दी गई जो जल्द ही बहाल कर दी जाएगी।

# होमगार्ड को हवालात में किया गया टार्चर, सीओ करेंगे जांच

## एक्सीडेंट करने के आरोप में पकड़ा, डरा कर वसूले डेढ़ लाख रुपये

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मल्लावां पुलिस ने एक्सीडेंट करने के आरोप में होमगार्ड जवान को पकड़ कर चार दिनों तक हवालात में बंद रख कर उसे टार्चर किया। इतना ही नहीं डरा कर उससे डेढ़ लाख रुपये भी वसूले गए। होमगार्ड ने पुलिस के इस बर्ताव की शिकायत एसपी से की। एक्शन में आए एसपी ने सारे मामले की जांच सीओ बिलग्राम को सौंपी है।

मल्लावां कोतवाली के गंगाराम पुर निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र राजाराम ने एसपी से की शिकायत में कहा है कि वह होमगार्ड जवान है और कोतवाली देहात में तैनात है। 9 जून को मल्लावां में सण्डीला रोड रेलवे क्रासिंग पर कम्मर पुत्र भग्गा बाइक की टक्कर लगने से ज़ख्मी हो गया था, जिसकी 14 जून को मौत हो गई। धर्मेंद्र कुमार 14 जून को मल्लावां में चुंगी नंबर-2 पर खड़ा था, उसी बीच वहां पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया और अपने साथ कोतवाली ले गई। धर्मेंद्र पर आरोप लगाया गया कि उसी की बाइक से कम्मर का एक्सीडेंट हुआ था, जबकि उसका कहना कि उसे झूठा फंसाया जा रहा है। बकौल धर्मेंद्र उसे चार दिनों तक हवालात में बंद कर टार्चर किया गया और डरा कर उससे डेढ़ लाख रुपये भी ले लिए गए। होमगार्ड की तहरीर पर एक्शन में आए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने सारे मामले की जांच सीओ बिलग्राम को सौंपी है। होमगार्ड जवान की इस शिकायत से पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है।

# शुगर मिल के अधिकारी की ट्रेन में हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** दिल्ली से नौचंदी एक्सप्रेस पर सवार हो कर वापस लौट रहे तिपोना शुगर मिल के अधिकारी की ट्रेन में ही तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें मेडिकल कालेज ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। पुलिस इस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

बताया गया है कि बिहार के मुज़फ्फर नगर स्थित तिपोना शुगर मिल के अधिकारी 53 वर्षीय कृष्ण पाल सिंह पुंडीर शुगर मिल मैनेजमेंट कमेटी की मीटिंग में शामिल होने के लिए दिल्ली गए हुए थे। जहां से मंगलवार को नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन से वापस लौट रहे थे। ट्रेन हरदोई पहुंचने वाली थी, उसी बीच सेकेंड एसी कोच की बर्थ नंबर-47 पर सवार कृष्ण पाल सिंह पुंडीर की तबियत बिगड़ गई। साथ में आ रहे शत्रोघन की सूचना पर उन्हे आनन-फानन में मेडिकल कालेज ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। इस बारे में सूचना मिलते ही पुलिस छानबीन में जुट गई है।

# घर में घुसकर तोड़फोड़ करने वाले 11 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई में युवक के ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा चढ़ावे का जेवर रख लेने, मारपीट करने एवं घर में घुसकर तोड़ फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 11 आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी सिराजुद्दीन ने बताया उसका विवाह जेबा रानी पुत्री हनीफ निवासी मिशन फील्ड थाना रामचंद्र मिशन शाहजहांपुर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ था। वह विवाह में चढ़ाने के लिए कीमती जेवर और दो लाख रुपए नगद लेकर गया था। ससुराल वालों ने विवाह के बाद दोबारा वापसी पर जेवर अपने पास रोक लिया और उसकी पत्नी की विदाई भी नहीं की। उसने बहुत पंचायतें डलवाई सुलह होकर विदाई करवाने के लिए। हारकर उसने न्यायालय में 15 मई 2023 को विदाई को मुकदमा डाला था, जो विचाराधीन है। ससुराली जनों को जब विदाई के मुकदमे की जानकारी हुई तो उन्होंने गुस्से में आकर 25 फरवरी 2024 को रात में 11 बजे उसके घर में जबरदस्ती घुसकर गाली गलौज कर मारपीट की, जिससे उसे काफी चोटें आई थी। घर में तोड़फोड़ की। उसकी पत्नी जेबा रानी, ससुर हनीफ, सास सलमा, साले नईम, वसीम, आसिम, नदीम, मोहम्मद नवी, सलीम, साली चांदनी और अर्शी ये लोग चार पहिया गाड़ियों से आए और उसका व उसकी मां का मोबाइल लूट लिया, घर का सामान तोड़ दिया और धमकी देकर चले गए। उसने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी थी। कोई कार्रवाई न होने पर वह न्यायालय की शरण में गया।

# समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के बैनर तले कछौना क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर पंचायत हुई। जिसमें किसानों ने क्षेत्र की तमाम समस्याएं रखी। इन समस्याओं का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

भारती किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के प्रदेश प्रभारी उमेश शुक्ला के नेतृत्व में कछौना में बुधवार को पंचायत का आयोजन किया गया है। जिसमें दूरदराज के किसान शामिल होकर क्षेत्र की जन समस्याओं को रखा, जहां एक तरफ सरकार जीरो टारलेन्स पर कार्य कर रही है, परंतु विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना सुविधा शुल्क के कोई कार्य नहीं हो होता है। राजस्व विभाग की हीला हवाली के चलते सार्वजनिक भूमि पर भू-माफिया धड़ल्ले से कब्जा कर

**▸▸ कछौना में पंचायत का आयोजन भ्रष्टाचार पर हुई चर्चा**

रहे हैं। कछौना कस्बा की तालाब, जंगल झाड़ी, खेलकूद मैदान, कांजी हाउस, नहर विभाग, मंडी समिति, खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा हो रहे हैं। छुट्टा गौवंशों की ज्वलंत समस्या बनी है। अस्थाई गौशाला कब्रगाह बने हैं। रात में केयरटेकर अस्थायी गौ-आश्रय स्थल से गौवंश छोड़ देते हैं। इस भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे केवल भूसा खाकर बेजुबान पशु मर रहे हैं। वहीं सड़कों व खेतों में होने के कारण दुर्घटनाओं व फसल की हानि हो रही है। औद्योगिक क्षेत्र में लगी इकाई श्रमिकों का शोषण करते हैं। कोई अनहोनी घटना होने पर परिवार को मुआवजा नहीं देते हैं। पेप्सी प्लांट व अन्य कंपनियां जमकर जल दोहन कर रही है। राजस्व विभाग द्वारा खतौनी (घरौनी) बनाने में अनियमिताएं की गई हैं।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार

# भैंस चोरों के गिरोह का किया पर्दाफाश

## पांच चोर गिरफ्तार, नकदी, भैंस, तमंचे, पिकअप और बाइक बरामद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कछौना पुलिस ने भैंस चोरों के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से 36 हज़ार की नगदी, चोरी की गई भैंस, पिकअप, बाइक के अलावा तीन तमंचे व तीन कारतूस बरामद किए है।

बताया गया है कि कछौना कोतवाली के समसापुर निवासी पंकज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर मे. कहा था कि मंगलवार की रात उसके दरवाज़े पर बंधी भैंस चोरी हो गई। बुधवार को तहरीर मिलते ही एसएचओ कछौना राकेश कुमार अपनी टीम के साथ छानबीन करने में जुट गए, उसी बीच उन्हे सुराग़ लगा कि भैंस चोरी करने वाले बालामऊ की तरफ गए है। जिस पर पुलिस टीम ने कलौली-गौसगंज रोड पर डबल नहर पुल के आस-पास घेराबंदी कर दी। उसी बीच वहां बाइक और पिकअप लिए खड़े लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे। जिन्हें चारों तरफ से घेर कर पकड़ लिया गया। पुलिस की पकड़ में आने वाले सचिन यादव निवासी चकपुरवा कोतवाली बिलग्राम, उसका भाई विष्णु यादव, किश्वर निवासी जमुरा थाना मझिला, रोहित रावत निवासी जलालपुर कोतवाली सण्डीला और सण्डीला कोतवाली के ही करना टिमरुख निवासी सद्दाम के पास से 35 हज़ार 950 रुपये, चोरी की भैंस, एक पिकअप, बाइक के अलावा तीन तमंचे और तीन कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंनें पुलिस से हुई पूछताछ में बताया कि उनका गिरोह भैंस चोरी कर उन्हे बेंचने का धंधा करते है, उन्होंनें कई भैंस चोरियों को कुबूल किया।



पुलिस हिरासत में भैंस चोरी के आरोपी। अमृत विचार

### राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर बांटी मिठाई

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** सांसद राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर आज जगतपुर में कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर की और एक दूसरे का मुंह मीठा कर करके मिष्ठान वितरण किया। ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी अब आम आदमी की आवाज सदन में उठाएंगे। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष बनना रायबरेली का भी सम्मान है। आज रायबरेली का गौरव बढ़ा है, सांसद राहुल गांधी को बधाई। सरकार के सामने देश के मुद्दे सहित रायबरेली के मुद्दे गंभीरता से उठाए जाएंगे।

# नए कानून के प्रति किया जाएगा जागरूक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** एक जुलाई से लागू होने वाले तीनों नए आपराधिक कानूनों को लेकर जागरूक करने के लिए एसपी ने विशेष निर्देश दिए हैं। एसपी केशवचंद गोस्वामी ने पुलिस थानों, जेलों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश जारी किए है। कार्यक्रमों में तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में शिक्षित करना है।

एसपी ने बुधवार को पत्र जारी करके कहा कि जांच अधिकारियों (आईओ) सहित सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन में प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षित किया जा चुका है। इन कानूनों के तहत नई धाराओं और प्रक्रियाओं को रेखांकित करने वाली पॉकेट बुकलेट फील्ड स्टाफ में वितरित करने के लिए छपवाई गई हैं।

**▸▸ एसपी ने सीओ और थानाध्यक्ष को दिए निर्देश**

जनपद के सभी थानों पर नये कानूनों को लागू किये जाने के सम्बन्ध में एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें थाना क्षेत्र के गणमान्य, सम्भ्रान्त व्यक्तियों को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। कार्यक्रम में नये कानूनों के बारे में थाना प्रभारियों द्वारा उपस्थित आमंत्रित सदस्यों को विस्तार से अवगत कराया जायेगा तथा थाने में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित अपराधों के सम्बन्ध में पत्र के साथ संलग्न पुस्तिका में वर्णित प्राविधानों से अवगत कराया जायेगा। तदोपरान्त उपस्थित लोगों से इसके प्रचार-प्रसार आदि के सम्बन्ध में विचार विमर्श करते हुए शंकाओं का समाधान किया जायेगा। आयोजन के समापन के समय राष्ट्रीयगान गाया जायेगा।

## सार-संक्षेप



महिला आचार्य को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

### आचार्य ही वास्वतिक रूप से समाज के निर्माता

**हरदोई, अमृत विचार।** नवीन आचार्य प्रशिक्षण शिविर में पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि शिशुओं के भविष्य का भार आचार्यों पर ही होता है। आचार्य ही उन्हें सही दिशा दिखाकर समाज के योग्य बनाते हैं। पं बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मंदिर अल्लीपुर में बुधवार को विद्याभारती द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण दिवस के षष्ठ दिवस पर अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष ने आचार्य के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि आचार्य ही वास्वतिक रूप से समाज के निर्माता हैं। क्षेत्रीय बालिका शिक्षा प्रमुख निराला नगर लखनऊ उमाशंकर मिश्र के विद्यालय में आचार्य की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई तथा बताया गया। विद्यालय मनुष्य के निर्माण की कार्यशाला है। आचार्य अपने आचरण से मनुष्य का निर्माण करता है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश अवस्थी, उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा विद्या भारती शीर्षेन्दुशील त्रिवेदी विपिन, सीतापुर संभाग निरीक्षक रणवीर सिंह, साकेत संभाग मिथिलेश सिंह, प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख देवेंद्र पाल सिंह व्यवस्था के आचार्य तथा नवीन आचार्य प्रशिक्षार्थी मौजदू रहे।

### मुख्य डाकघर से बाइक चोरी, सीसीटीवी में दिखा आरोपी

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में चोरों के हौसलें किस कदर बुलंद हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। मुख्य डाकघर के अंदर खड़ी बाइक चोर चुरा ले गया। बाइक चुराने वाला सीसीटीवी में दिखाई पड़ रहा है। बताते चलें कि मुख्य डाकघर में तैनात लवकुश ने मंगलवार को अपनी बाइक डाकखाने के अंदर खड़ी की। शाम को काम करने के बाद वह जब घर जाने को हुए तब उनकी बाइक वहां नहीं दिखी। इधर उधर देखने पर गाड़ी का कुछ पता नहीं लग सका। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर डाकघर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे, जिसमें चोर बाइक ले जाते हुए दिखाई पड़ा। काफी देर तक वह बाइक के पास खड़ा रहा। अचानक गाड़ी लेकर फरार हो गया। कर्मचारी ने बताया कि गाड़ी की डिग्गी में गाड़ी के कागज के अलावा अन्य कुछ जरूरी दस्तावेज भी थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दोबारा की गई जांच, क्या बड़ों पर आएगी आंच

## बर्खास्त कर्मी ने खड़े किए सवाल, कहा- दूसरों को बचाने के लिए दबाव में की गई कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

**फालोअप**

**अमृत विचार।** डेड बाडी से लूट करने के आरोप में बर्खास्त कर्मी अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए इधर-उधर भटक रहा है। उसका कहना है कि दूसरो को बचाने के लिए दबाव में कार्रवाई की गई। उसका वीडियो वायरल होने के बाद अर्लट मोड में आए सीएमओ ने दोबारा जांच के आदेश दिए है। ऐसे में सवाल उठ रहें है कि क्या दोबारा की गई जांच में किसी बड़े पर कोई आंच आएगी, या फिर पहले की तरह किसी दूसरे वार्ड ब्वाय या स्वीपर पर गाज गिरेगी ? बुधवार को सीएमओ ऑफिस में सारे दिन चक-चक मची रही।

बताते चले कि पोस्टमार्टम हाउस में डेड बाडी के साथ लूट करने के आरोप में बर्खास्त किए गए वार्ड ब्वाय रूपेश पटेल ने मंगलवार को वीडियो वायरल कर अपने को बेगुनाह बताया और सीएमओ को चैलेंज किया कि मामले की सही तरीके से जांच हो, 9 अप्रैल के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जाए। उसका कहना था कि सीएमओ ने दूसरों को बचाने के लिए दबाव में इस तरह की कार्रवाई की। वीडियो वायरल होने के बाद अलर्ट मोड में आए सीएमओ डा. रोहिताश्व कुमार ने दोबारा जांच कराने के दिए, जिस पर बुधवार को नोडल अधिकारी डा. पकंज मिश्रा, अहिरोरी सीएचसी अधीक्षक डा. मनोज सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचें और वहां तैनात कर्मियों के दोबारा बयान लिए। बर्खास्त कर्मी रूपेश पटेल ने पहले की जांच को मिली भगत का नतीजा बताया था, उसका कहना है कि जिनके इशारे पर ऐसा होता था, उन्हे बचा लिया गया। लोगों का कहना है कि दोबारा कराई जा रही जांच में कुछ होगा या फिर दिखावे के तौर पर की जा रही है।

### हवा में उड़ गया शाम को रिपोर्ट आने का दावा

सीएमओ ने बुधवार की शाम को ही दोबारा जांच कराने की रिपोर्ट शाम तक आने का दावा किया था, लेकिन जब इस बारे में उनसे पूछा गया कि रिपोर्ट में क्या आया ? सीएमओ बोले रिपोर्ट नहीं आई, क्यों कि फार्मासिस्ट पकंज सचान को बयान के लिए तलब किया था, लेकिन उनके न आने से जांच अधूरी रह गई।

### कलेक्ट्रेट के इर्द-गिर्द दिखाई दिया था फार्मासिस्ट

सीएमओ जिस फार्मासिस्ट के बयान के बिना जांच अधूरी बताई, वही फार्मासिस्ट बुधवार को सारे दिन कलेक्ट्रेट के इर्द-गिर्द दिखाई दिया। बताते है कि तूल पकड़ते डेड बाडी से लूट के मामले से अपना बचाव करने के लिए सेटिंग-गेटिंग की कोशिश में सारे दिन इधर से उधर टहलता रहा।

# विटामिन-ए अंधेपन व कुपोषण से करता है बचाव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विटामिन ए संपूर्ण कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का पहला चरण बुधवार को शुरु हुआ। जिसकी शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहताश कुमार ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) आलूथोक में बच्चे को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया। उन्होंने कहा कि साल में दो चरणों में विटामिन ए की दवा पिलाई जाती है। 26 जून से 25 जुलाई तक पहला चरण चलेगा।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि विटामिन ए की दो खुराक के बीच चार माह से अधिक का अंतर होना चाहिए। यह दवा बच्चों को रतौंधी, अंधेपन, दस्त, निमोनिया और कुपोषण से बचाती है। इसके साथ ही रोगों से लड़ने के लिए प्रतोरोधक क्षमता में वृद्धि करती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने कहा कि नौ माह से पांच साल तक के कुल 5.72 लाख बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य इस मौके पर नगरीय पीएचसी के प्रभारी, विश्व स्वस्थ्य संगठन की एसएमओ डा. सौम्य देव, यूनिसेफ़ की डीएमसी संजू कश्यप, पीएचसी के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



बच्चे को विटामिन ए की दवा पिलाते सीएमओ डॉ. रोहताश। अमृत विचार

**▸▸ नौ माह से पांच साल के कुल 5.72 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की दवा**

### जिला टास्क फोर्स की बैठक 29 को

मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक 29 जून जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

## एक नजर

### बिजली के पोल से टकराई बेकाबू कार, चालक भागा

**महमूदाबाद, सीतापुर।** महमूदाबाद के रामपुरमथुरा रोड पर बाबाकुटिया के करीब मंगलवार की देर रात रामपुर मथुरा की तरफ से तेज गति से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हालांकि हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

### लकड़कट्टों ने शीशम के चार पेड़ काटे

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** बुधवार को पगुरोई गांव मे दो तथा बिराहिमबाद गांव मे दो शीशम के पेड़ लकडकट्टों ने काट डाले और लकड़ी गायब कर दी। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से की तो हड़कम्प मच गया। वनक्षेत्राधिकारी सुयश श्रीवास्तव व एसडीओ विकास यादव ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। वन क्षेत्राधिकारी सुयश श्रीवास्तव ने बताया कि पेड़ काटने वालों कार्रवाई की गयी है।

### 25 हजार की नकदी व जेवरात चोरी

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसिया मजरा अढमलपुर में मंगलवार की रात चोरों ने एक घर से 25 हजार की नकदी सहित सोने चांदी के जेवर पार कर दिये। जाकिर हुसैन निवासी ग्राम परसिया ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि बीती रात उसके घर के पीछे की दीवार से चढ़कर चोर घर में घुस आए और कमरे में रखी सेफ का ताला तोड़कर हार, झाला, अंगूठी पायल व लगभग 25 हजार नकदी पार कर दी। घटना के संबंध में प्रभारी राम मणि यादव ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। घटना की जांच के लिए पुलिस को भेजा गया है।

# परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर युवक का शव रखकर किया प्रदर्शन

## परिवारवालों ने प्रेमिका और प्रधान पर लगाया युवक की हत्या का आरोप

**आक्रोश**

▸▸ प्रेमिका से मिलने गये युवक का मंगलवार सुबह पेड़ से लटका मिला था शव

संवाददाता, सकरन/सीतापुर

**अमृत विचार।** रेउसा थाना इलाके में प्रेमिका से मिलने गये युवक का शव पेड़ से लटकता मिलने के मामले में 18 घंटे बाद भी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने सड़क पर शव रखकर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन किया। परिजनों ने युवक की प्रेमिका व प्रधान पर हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप मंगलवार को लगाया था। पुलिस की हीला हवाली पर परिजन बुधवार को आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क पर आ गये। सूचना पर पहुंची कई थानों की फोर्स ने परिजनों से बातचीत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने हंगामा खत्म किया। शव के अंतिम संस्कार के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।



ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करते पप्पू के परिजन। अमृत विचार

सकरन थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी पप्पू गौतम (40) पुत्र दीनबन्धु का शव मंगलवार की सुबह रेउसा थाना क्षेत्र के सोनावा गांव में आम के बाग में पेड़ से लटकता मिला था।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था। युवक के परिजनों का आरोप है कि पंचनामा के समय पुलिस द्वारा उन्हें सूचना नहीं दी गयी थी। उसके बाद युवक के भाई रामनरेश ने रेउसा पुलिस को तहरीर देकर सोनावा गांव निवासी प्रधान व प्रेमिका पर पप्पू की हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाया था।

परिजनों का आरोप है कि तहरीर के बावजूद रेउसा पुलिस द्वारा मुकदमा नहीं दर्ज किया गया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगायी थी। बताया जाता है कि मंगलवार देर रात जब पप्पू का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो बुधवार की सुबह परिजनों ने ऊंचगांव में शव रख कर प्रदर्शन किया।

परिजनों ने बताया कि जब तक दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया जायेगा तब तक शव का अंतिम संस्कार नही होगा। ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना पर रेउसा, सकरन, तम्बौर थानों की पुलिस गांव पहुंची तथा नाराज परिजनों को समझाने का प्रयास किया।

घंटों दोपहर दो बजे जब पुलिस ने मुकदमा दर्ज किए जाने की बात कही तब जाकर परिजन माने और हंगामा खत्म किया। मृतक के भाई ने प्रधान सोनावा महेन्द्र कुमार व प्रेमिका आरती के विरुद्ध रेउसा पुलिस को तहरीर दी। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों ने प्रदर्शन खत्म कर शव का अंतिम संस्कार किया। प्रभारी निरीक्षक रेउसा घनश्याम राम ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर महेन्द्र व आरती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बयानों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### खोदे गए रास्तों की मरम्मत कराने की मांग

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को क्षेत्र के ग्राम टांडा कलां व ग्राम पंचायत मूड़ी खेरा में बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत मूड़ीखेरा के पंचायत भवन में आए 10 लोगों में से शौचालय के 5, वृद्धा पेंशन के 3 तथा राशन कार्ड के दो आवेदन दिए। ग्राम वासियों ने पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए रास्तों की मरम्मत कराने की मांग की। शिविर मे ग्राम पंचायत अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह, पंचायत सहायक आफरीन बानो, प्रधान प्रतिनिधि इसरत अली, कृषि विभाग से पंकज कुमार, कार्यकत्री तथा एएनएम,आशा बहू मौजूद रहीं। विशेष शिविरों में राजस्व, पंचायती राज, ग्राम विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग, कृषि, व बाल विकास विभागों के प्रतिनिधियों को भाग लेने के लिए निर्देशित किया गया है परंतु कृषि, पंचायत, आशा व आंगनबाड़ी को छोड़कर कोई मौजूद नहीं था।

# शुरू नहीं हो पाया महिला महाविद्यालय 40 किमी दूर पढ़ने जा रहीं छात्राएं

संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर

**अमृत विचार।** पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य में आज तक उच्च शिक्षा की व्यवस्था पूर्ण रूप से नहीं हो सकी है, जोकि छात्राओं के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। वर्ष 2017 में प्रदेश सरकार ने नैमिषारण्य में राजकीय महिला महाविद्यालय निर्मित कराया था, परंतु कई वर्षो के बावजूद आज भी यह महाविद्यालय प्रारम्भ होने की प्रतीक्षा कर रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा इस राजकीय महिला महाविद्यालय के निर्माण के लिए 843.74 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। 25 जनवरी 2016 को इस महाविद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था एवं इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करने की तिथि 25 जून 2017 निर्धारित थी, परंतु कार्यों में देरी के चलते वर्ष 2022 में इसका निर्माण कार्य पूर्ण हुआ था। इस राजकीय महिला महाविद्यालय का निर्माण लखनऊ की कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड ने कराया था। फिलहाल कई वर्षों से यह राजकीय महाविद्यालय बनकर तैयार है एवं प्रारंभ होने की प्रतीक्षा कर रहा है। भवन निर्माण के समय छात्राओं एवं अभिभावकों को यह उम्मीद थी कि अब जल्द ही उच्च शिक्षा की समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन यह केवल सपना बनकर रह गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन व प्रदेश सरकार से इस महाविद्यालय का संचालन शुरू कराने की मांग की है।



प्रारंभ होने की प्रतीक्षा करता नैमिषारण्य का राजकीय महिला महाविद्यालय।



राजकीय महिला महाविद्यालय की लागत व निर्माण की तिथि का लगा बोर्ड।

### इंटर के बाद पढ़ाई छोड़ रहीं छात्राएं

ठाकुर नगर गांव निवासी निवासी नीरज सक्सेना बताते हैं कि स्थानीय स्तर पर उच्चतम शिक्षा वाले विद्यालय न होने के चलते छात्राओं को करीब 40 किमी दूर जाना पड़ता है जिसके चलते छात्राओं को मजबूरन बीच में पढ़ाई छोड़नी पड़ जाती है। संपूर्ण विश्व में अपनी अनूठी पहचान रखने वाला यह तीर्थ शिक्षा के मामले में सबसे पीछे है। स्थानीय निवासी ज्ञानप्रकाश दीक्षित ने बताया कि सपा सरकार में इस महाविद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया था, परंतु यह केवल एक साधारण भवन बनकर रह गया है आज भी छात्राएं इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने की राह देख रही हैं। रिया मिश्रा ने कहा कि यदि उच्च शिक्षा के लिए इस महाविद्यालय को प्रारंभ कर दिया जाए तो हम सभी छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सकती है। जिज्ञासा ने बताया कि उच्च शिक्षा के लिए 40 किमी दूर जाने के चलते कई छात्राओं ने इण्टर के बाद मजबूरन पढ़ाई छोड़ दी, यदि विद्यालय संचालित होता तो शायद छात्राओं को पूरी शिक्षा मिल सकती थी।



नीरज सक्सेना



ज्ञानप्रकाश दीक्षित

# किसानों को बांटे गए कृषि यंत्र

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर

**अमृत विचार।** अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड द्वारा मिल प्रांगण में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में अपर गन्ना आयुक्त लखनऊ वीके शुक्ला ने क्षेत्र के कृषकों को कृषि यंत्रों का वितरण किया। इस मौके पर उपस्थित मिल के अधिशासी अध्यक्ष अरविंद कुमार दीक्षित ने कहा कि चीनी मिल प्रबंधन मशीनीकरण के लिए सतत प्रयास कर रहा है ताकि कृषकों की लागत घट सके।

चीनी मिल ने बुधवार को ट्रैक्टरचालित 2 हजार लीटर के टैंक वालों की मशीनों का वितरण 25 प्रतिशत छूट पर कृषकों को किया। इसके साथ ही अब तक गन्ना गुड़ाई के लिए 10 हाथ से चलने वाली मशीनें भी 25 प्रतिशत छूट पर किसानों को दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभी तक वर्षा नहीं हुई है अतः अपने पेड़ी एव पौधों के खेतों में किसान लगातार सिंचाई करते रहें। घोल को 200 लीटर पानी में नमी की दशा में स्प्रे करें ताकि गन्ने की बढ़वार रुकने न पाए। जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि किसान जो समिति के सदस्य नहीं हैं, वे सदस्य बनें और अपना गन्ना क्षेत्रफल जांच लें। इस अवसर पर सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव भूपेश राय, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राज देव कपिल, संजीव राणा, मनोज निर्वाल, देवेंद्र सिंह, रवि शर्मा सहित चीनी मिल के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



किसान को माला पहनाकर मिठाई देते अधिशासी अध्यक्ष अरविंद कुमार दीक्षित (

### प्रधान के खाते से सचिव ने फर्म को भेजा पैसा

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खंड सकरन में सचिव ने प्रधान के खाते से एक फर्म को पैसा भेज दिया। प्रधान की शिकायत पर सेउता विधायक ने सचिव के विरुद्ध कार्यवाही के लिए मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखा है।

विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत धनावां के प्रधान देवीदयाल ने बुधवार को ब्लाक मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत की बैठक में उपस्थित सेउता विधायक ज्ञान तिवारी से शिकायत करते हुए बताया कि मानदेय का डोंगल लगाने के लिए सचिव अंकित तिवारी ने उनके डिजिटल सिग्नेचर ले लिए थे। उसके बाद सचिव ने 27700 रुपये का भुगतान प्रधान के खाते से मां इंटरप्राइजेज के नाम कर दिया।

# चौथी लेकर गये मायकेवालों को लाठी-डंडों से पीटा

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा में शादी के बाद बेटी की ससुराल चौथी लेकर पहुंचे मायके वालों के साथ मारपीट की गई। लड़की पक्ष का आरोप है कि कम दहेज को लेकर ससुरालवालों ने गाली-गलौज कर पिटाई की है। मारपीट में दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग चोटिल हुए हैं।

लहरपुर थाना क्षेत्र के गांव खानपुर मोहद्दीनपुर निवासी रहमुद्दीन ने अपनी पुत्री गुलनाज की शादी सोमवार को हरगांव थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी नसीर के साथ धूमधाम से की थी तथा हैसियत अनुसार दान दहेज भी दिया था। शादी के बाद चौथ लेने जाने की परंपरा है। रहमुद्दीन ने आरोप लगाया है कि वह मंगलवार को चौथी लेकर बेटी की ससुराल नेवादा आये थे साथ मे परिवार की महिलाएं तथा बच्चे भी थे। बेटी के ससुरालीजन कूलर, फ्रिज ,मोटर साइकिल न मिलने से नाराज थे और दहेज को लेकर कहासुनी करने लगे। पति नसीर, जाहिद अब्दुल गनी, हबीब कप्तान, साजिद, मुशीर पुत्र अब्दुल, कादिर, शफीक पुत्र जाहिद, घर की महिलाओं व 10 से 15 गांव के लोगों ने लात-घूंसों तथा लाठी-डंडों से मायके वालों को मारने-पीटने लगे। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### खनन करने वालों के खिलाफ नहीं होती कार्रवाई



उपजिलाधिकारी के सहायक को ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के थाना सकरन के किसानों ने बुधवार को लोधी एकता समिति के तत्वावधान में स्थानीय तहसील में प्रदर्शन कर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उनके सहायक योगेश को सौंपा। लोधी एकता समिति के महासचिव कपिल भारती ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि थाना सकरन के अंतर्गत यदि किसान अपने खेत से एक टोकरी मिट्टी भी निकालकर घर को पाटता है तो लेखपाल व पुलिस द्वारा अनावश्यक धमकाया जाता है। पुलिस नाजायज परेशान करती है और थाने में बैठा दिया जाता है, जबकि भू माफिया खुलेआम खनन करते हैं, परंतु उनके विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती। कपिल भारती ने चेतावनी दी है यदि किसानों को सुरक्षा न दी गई तो सभी मुख्यमंत्री के यहां जाएंगे। इस मौके पर बृजेश सिंह, पप्पू, रिकी सिंह, कुलदीप, कमलेश, दिलेराम, नंदकिशोर, सुशील कुमार, रामशरण आदि उपस्थित थे।

### संचारी रोगों से बचने के लिए साफ-सुथरा रखें घर



संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** संचारी रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को विकासखंड सभागार एवं पालिका परिषद कार्यालय में बैठकों का आयोजन किया गया। विकासखंड सभागार में सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में संचारी रोगों पर अंकुश लगाने के लिए सफाई कर्मियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मनोज वर्मा बीसीपीएम गौरव सक्सेना बीपीएम ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा पंकज वर्मा ने ग्रामीण अंचलों में विशेष सफाई अभियान चलाने एवं घरों को साफ-सुथरा रखने की अपील की। पालिका परिषद मीटिंग हॉल में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक बैठक अनुरुद्ध कुमार पटेल अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम डॉ. पीएस आंनद व बीएमसी यूनिसेफ अखिलेश पाण्डेय ने समय पर टीकाकरण कराने, सफाई रखने, कहीं पर पानी जमा न होने देने तथा अन्य संचारी रोगों से बचने हेतु सावधानियां बरतने हेतु जानकारी दी। इस मौके पर अनरुद्ध कुमार पटेल, नीरज गौड़, मुशीर अहमद, अफसर अली, सभासद मनीष शुक्ला, लल्लन खां, मो. आफताब, सुशीम, मो आलम, इस्लामुद्दीन, प्रदीप कुमार समस्त सफाई नायक रंजीत कुमार, प्रदीप कुमार, सोनू, लल्लन खां, करन, सतीश कुमार, मो हनीफ, निसार अहमद, दीपक दिवेदी, आदिल हसन, मो जावेद, मो जकरिया, सर्वेश, दीपू, मोइन खां, रामू, मो रफी, मुशीर खान, शेखर वर्मा, प्रांजुल मिश्रा उपस्थित थे।

### विदाई समारोह में छात्र ने डीएम को भेंट किया उनका चित्र

**सीतापुर,अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह के मुरादाबाद तबादले के बाद बुधवार को शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानान्तरित डीएम अनुज सिंह को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके साथ बिताये कार्यों को याद किया। विदाई समारोह में डीएम ने कहा कि आप सभी के साथ 25 माह तक कार्य किया, आप सभी के द्वारा जो सहयोग दिया गया उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।



विदाई समारोह के दौरान करणी सेना के जिलाध्यक्ष संदीप सिंह के बेटे व केंद्रीय विद्यालय सीतापुर के कक्षा-8 के छात्र आर्यन सिंह ने डीएम अनुज कुमार को उनकी तस्वीर का स्केच बनाकर उन्हें गिफ्ट किया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने छात्र आर्यन सिंह उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# चोरों ने घर से उड़ायी जेवर और हजारों की नकदी

संवाददाता, भदफर, सीतापुर

**अमृत विचार।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसिया अढमलपुर में मंगलवार की चोरों ने एक घर से नकदी सहित सोने चांदी के जेवर गायब कर दिये।

परसिया अढमलपुर निवासी कृष्णाकांत ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात घर के पीछे की दीवार से चढ़कर चोर सीढ़ियों से उतरे और कमरे का ताला तोड़ दिया। उसमें रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर पायल, माला, झाला एवं 15 हजार की नकदी ले गए। चोरों ने उसके भाई रमाकांत की अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 5 हजार रुपये, बच्चों की गुल्लक जिसमें लगभग 8 हजार रुपये थे, व पायल, सोने के झाला, माला आदि चोरी कर ले गए। प्रभारी कोतवाली राममणि यादव ने कहा कि प्रार्थना पत्र मिला है। कार्रवाई की जा रही है।



कमरे में खुली पड़ी अलमारी।

### सड़क न बनने से ग्रामीणों में रोष

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** ब्लॉक पहला की ग्राम पंचायत रेवली के गांव भगवंतपुर में सड़क न बनने से ग्रामीणों ने रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि सड़क के अभाव में गांव के अंदर निकलना मुश्किल हो गया है। गांव के दोनों तरफ रोड बन गयी है, लेकिन गांव के अंदर रोड नहीं बनाई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को इस बाबत अवगत करा चुके हैं। उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं दिया जाता है। गांव के लोगों ने बताया कि जब मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रालियां निकलती है तो रोड पर मोटरसाइकिल नहीं निकल सकती है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मैकू ने बताया कि गांव के अंदर पांच फीट का रास्ता नहीं निकल पा रहा है।

# ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, पहला, सीतापुर

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत सिरसा खुर्द के अंतर्गत बने पंचायत भवन में ग्राम प्रधान ने जन चौपाल का आयोजन किया। इसमें ब्लाक तथा तहसील के अधिकारियों/कर्मचारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। किसानों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (कृषि) अमित कुमार व सहायक तकनीकी प्रबंधक हरेश कुमार ने ली और उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेखपाल विकास वर्मा ने ली और जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रानी वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम वर्मा, पंचायत सहायक आरती वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक आशा देवी, आशा मीना देवी, रीना देवी, प्रीति वर्मा कोटेदार अभिषेक तिवारी, समूह सखी प्रतिभा मौर्य व सिरसा खुर्द ग्राम सेवा कमेटी के सदस्य पंकज कुमार गुप्ता, आलोक शुक्ला, सुनील कुमार, विकाश वर्मा, सुनील कुमार शर्मा, सुशील कुमार भार्गव व बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



चौपाल में लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

**असफलता** संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद भी पुलिस को नहीं मिली सफलता, बाइक पर बैठी महिला की चेन छीन ले गए थे

# चार दिन बाद भी बाइक सवार लुटेरों का नहीं लग सका सुराग

संवाददाता, महोली, सीतापुर

**अमृत विचार।** दो जिलों को जोड़ने वाले व्यस्ततम मार्ग पर लूट की वारदात के चार दिन बाद भी लुटेरों का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी। ग्राम पंचायत द्वारा लगवाए गए सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवार लुटेरों की तस्वीरें कैद हो गयी हैं।

मामला बड़ागांव-मितौली रोड पर भाई के साथ मायके आ रही महिला के कुंडल छीनने से जुड़ा है। बीते रविवार की सुबह करीब 8.30 बजे नीमगांव थाने की बेहजम चौकी के बढ़रिया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि रविवार की सुबह करीब 9 बजे वह अपनी बाइक से अपने छोटे भाई नीरज के साथ बहन मंजू को उसकी ससुराल छोड़ने कठिघरा गांव आ रहा था। उसकी बाइक मितौली-बड़ागांव मार्ग पर ढखिया-परसेहरा गांव के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही एक सफेद रंग की अपाचे बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने मंजू के कान से कुंडल छीन लिया और बड़ागांव की ओर भाग निकले। पुलिस ने इलाके के चौवाबेगमपुर गांव के एक अपराधी को संदिग्ध मानकर पूछताछ करने के लिए कोतवाली लाई भी थी, लेकिन साक्ष्य के अभाव में उसे छोड़ दिया गया था।



बाइकसवार लुटेरों की वायरल फोटो।

### सेमरावां के कैमरे में कैद हुए हैं लुटेरे

बड़ागांव-मितौली मार्ग पर बसे सेमरावां गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में लुटेरों की तस्वीर कैद हुई है। सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल, जिस पर लाल रंग की पट्टी लगी है, उस पर तीन लुटेरे सवार हैं। तीनों ने हवाई चप्पल पहन रखी है। तीनों की उम्र अधिकतम 25 वर्ष तक की है। तीनों ने पहचान छिपाने के डर में मुंह पर कपड़ा बांध रखा है। यही नहीं नेरी में एक गल्ला व्यापारी का रुपये भरा छोटा झोला लेकर भागने वाले बाइकर्स गैंग की फोटो भी सामने आई थी, लेकिन पुलिस उनकी पहचान नहीं कर पाई है। इसी तरह उरदौली में श्याम जी वर्मा की दुकान से पान मसाला का बोरा लेकर भागने वाले बाइकर्स गैंग की फोटो भी सामने आई थी लेकिन उनकी पहचान करने में पुलिस असफल रही।

### दिन हो रात, लुटेरों ने कर ही दी वारदात

मालूम हो कि 28 मई को मितौली थाना क्षेत्र के हैदरपुर निवासी रामनिवास अपनी पत्नी रुची तथा अपने एक मासूम बच्चे के साथ हरदोई जिले के माधौगंज कस्बा स्थित अपनी ससुराल से वापस मितौली जा रहे थे। इस दौरान शाम करीब 8 बजे जब वह बड़ागांव चौकी क्षेत्र के कृषि फार्म के निकट पहुंचे तभी बाइक सवार दो युवकों ने चलती बाइक से रूचि के गले से चेन लूटने का प्रयास किया। झपट्टा मारने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाद में पता चला कि रुची के गले का मंगलसूत्र गायब था। इस मामले में पुलिस ने केस तो दर्ज किया लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लगा। इसी तरह बीती 10 जून की दोपहर नेरी के गल्ला व्यापारी विनोद मिश्र, जब नेरी-छहेलिया मार्ग पर एक गुमटी में रुपयों भरा छोटा झोला लिए बैठे थे, तभी बाइकर्स गैंग अचानक वहां आया और थैला उठाकर भाग गया।

> कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। अन्य कई संदिग्ध भी रडार पर हैं। शीघ्र ही पुलिस घटना का अनावरण कर लुटेरों को जेल भेजने की कार्रवाई करेगी।
>
> -उमाकांत शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक महोली

## एक नजर

### मानसिक रोगी महिला से युवक ने किया दुष्कर्म,पुलिस का इंकार

सीतापुर,अमृत विचार। रेउसा थाना इलाके के एक गांव में एक नशेड़ी व्यक्ति द्वारा मानसिक रूप से बीमार एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मंगलवार देर रात हुई इस वारदात के दौरान महिला की चीख-पुकार पर आरोपी युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर डायल 112 पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता के भाई ने थाने पर तहरीर देकर राजेन्द्र लोधी पर आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने घटना से इंकार करते हुए मामले से पल्ला झाड़ लिया।

### पेड़ से गिरकर किशोर घायल

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानीगंज निवासी प्रशांत पुत्र प्रेम प्रकाश सुबह पेड़ पर आम तोड़ने के लिए चढ़ा था। अचानक बदले मौसम में चली हवा से वह पेड़ से गिरकर गंभीर घायल हो गया। घायल को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर भांपकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### किशोर लापता

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज में भाई बहन से झगड़ा कर एक किशोर घर से कहीं चला गया, जिससे परिजन परेशान हैं। उसकी मां की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। मोहल्ला मुन्नू गंज निवासी सरोज कुमार की पत्नी चंद्रा देवी ने दर्ज कराई गुमशुदगी में कहा है कि उनका 13 वर्षीय पुत्र गौरव वर्मा सोमवार की शाम बिना बताए घर से कहीं चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। उसका अपने भाई, बहन से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिससे वह नाराज था। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

# जमीनी विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर की फायरिंग, दो घायल

## इमलिया सुल्तानपुर के बंभौरा की घटना, नाजुक हालत में एक युवक लखनऊ रेफर

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने घर में घुसकर दूसरे पक्ष के लोगों से जमकर मारपीट और ताबड़तोड़ फायरिंग कर हमला कर दिया। दबंगों के हमले में गोली और धारदार हथियार लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


हमले में घायल युवक व जिला अस्पताल में मौजूद पीड़ित परिवारीजन। अमृत विचार

क्षेत्र के ग्राम बंभौरा निवासी अमृतपाल (26) पुत्र जीवन सिंह अपने भाई दिलबाग सिंह के साथ घर के बाहर बुधवार की देर रात बैठा था। आरोप है कि इस दौरान गांव के ही दूसरे पक्ष के बलवंत सिंह, हरी सिंह सहित करीब आधा दर्जन लोग धारदार हथियार और असलहों से लैस होकर घर पर हमला बोल दिया। दबंगो के हमले में चले धारदार हथियार और अवैध असलहों से हुई फायरिंग में अमृतपाल और उसका भाई दिलबाग गंभीर रूप में घायल हो गया। हमले में दिलबाग को गोली लगी है जबकि अमृतपाल को धारदार हथियार से चोटें आई हैं। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को देकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दिलबाग की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया। घायल अमृतपाल ने बताया कि खेत का विवाद आरोपी बलवंत और गांव के ही नरेश के बीच चल रहा था। दबंगो को यह शक था कि वह विपक्षी नरेश की मदद कर रहा है और इसी आशंका के चलते ही दबंगों ने हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर पीड़ितों के बयान दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने बताया कि जमीनी विवाद में हुई मारपीट में दो लोग घायल हुए है। इलाज कराया जा रहा है। तहरीर मिलते ही दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

## आपसी विवाद में पति-पत्नी ने खाया जहर, दोनों की मौत

महोली/सीतापुर,अमृत विचार। कोतवाली इलाके में आपसी कहासुनी के बाद पति-पत्नी ने जहर खा लिया। इस दौरान गंभीर हालत में दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां ने पति को मृत घोषित दिया जबकि पत्नी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पत्नी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला क्षेत्र के कुंवरपुर गद्दी गांव का है। गांव के निवासी बुजुर्ग कमलेश कुमार ने बताया कि बुधवार को वह अपने खेत पर गए हुए थे। घर पर उनका बेटा आशीष (28) अपनी पत्नी उमा (25) के साथ था। दोपहर में उनकी करीब 11 माह की पोती की तबीयत बिगड़ गई। जिसको दिखाने दोनों पति-पत्नी डॉक्टर के यहां गए थे। वहां से वापस आने के बाद किसी बात पर दोनों में विवाद हो गया। इस पर दोनों ने जहर खा लिया। परिजन दोनों को सीएचसी लाये। यहां चिकित्सक ने पति आशीष को मृत घोषित कर दिया जबकि पत्नी उमा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कुछ घण्टे उपचार के बाद उमा ने भी दम तोड़ दिया। दो वर्ष पहले आशीष का विवाह महोली कोतवाली क्षेत्र के उरदौली गांव से हुआ था। उनकी ग्यारह माह की एक बच्ची भी है। वारदात के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है।

## लोहे की रॉड से प्रहार कर दो युवकों का फोड़ा सिर

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : बारात में आई एक कार का शीशा घर के बाहर लगे बांस में छू जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि मेहमानों को गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने दो युवकों के सिर पर लोहे की रॉड मार दी, जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने आरोपी दंपती व उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। शहर के मोहल्ला हिदायत नगर निवासी मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि इसके घर मंगलवार की रात शादी में लड़की पक्ष की गाड़ियां आईं थीं। रात करीब 8.45 बजे जब गाड़ियां वापस होने लगी तो एक गाड़ी का शीशा मोहल्ले के ही रहने वाले अब्दुल सतार उर्फ पप्पू के घर के बाहर रोड पर लगे बांस से लग गया। इस पर नाराज होकर पप्पू, उसकी पत्नी पत्नी गुड्डी व पुत्र रिजवान मेहमानों से गाली गलौज करने लगे। जिसका मोहम्मद इस्लाम ने विरोध किया तो रिजवान ने उसके सिर पर लोहे की राड मार दी, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर गिर गया। शोर सुनकर जफरूल बचाने आया तो आरोपियों ने उसे भी मारापीटा। जिससे उसका भी सिर फट गया। शोर शराबा सुनकर काफी लोग इकट्ठे हो गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

## सार-संक्षेप

### दो वारंटी गिरफ्तार

बिलहरी, अमृत विचार : हैदराबाद थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक तिवारी ने बताया कि पुलिस द्वारा 26 जून को चलाए गए अभियान में दो वारंटी ग्राम तकिया निवासी रामजी पुत्र इतवारी, अमित कुमार पुत्र भगौती को उप निरीक्षक जेपी यादव, कांस्टेबल तरुण कुमार, सिकन्दर यादव ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा है।

### संकटा देवी मंदिर पर गिरी बिजली

लखीमपुर खीरी। बुधवार को जिले भर में बरसात के साथ कई जगह पर वज्रपात होना बताया जाता है। शहर में संकटा देवी मंदिर पर बिजली गिरने की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल फोटो में मंदिर की चोटी क्षतिग्रस्त प्रतीत हो रही है। इसके अलावा एक अन्य मंदिर पर भी बिजली गिरना बताया जाता है। हालांकि शहर में हुए वज्रपात से जनहानि नहीं हुई है। मंदिर पर गिरी बिजली को देखने के लिए लोग पहुंचते रहे।

### वृक्षगंगा अभियान: तरुपुत्र यज्ञ कर 30 पौधे लिए गोद

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : बारिश के मौसम में पौधरोपण के लिए गायत्री परिवार का वृक्ष गंगा अभियान शुरू हो गया है। इसके तहत बुधवार को मीरपुर गांव में तरूपुत्र महायज्ञ हुआ। इसमें शामिल महिलाओं और पुरुषों ने 30 पौधे रोपित कर उनकी देखभाल करने के लिए गोद लिया। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया कि ग्राम पंचायत मीरपुर के वार्ड में तरुपुत्र महायज्ञ हुआ। महायज्ञ का संचालन जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद एवं अजय वर्मा ने किया। इसमें गायत्री परिजनों ने तरु पूजन संस्कार कर पौधरोपण किया। इसके लिए पिछले चार दिन से तैयारियां हो रही थी। गायत्री परिजनों ने नीम, कचनार आदि के 30 पौधे लगाए और उनको पशुओं से बचाने के लिए बांस के ट्री गार्ड भी लगाए। अनुराग मौर्य ने बताया कि अभियान पौधे लगाने के लिए नहीं, बल्कि इनको बचाकर हरियाली लाने का है। गायत्री परिजनों ने पौधे लगाकर उनको पानी देने से लेकर देखरेख करने का संकल्प लिया। रमेश चंद्र वर्मा, डॉ. डीके वर्मा, यज्ञदेव वर्मा, सर्वेश वर्मा, कुलदीप वर्मा, निधि वर्मा, सुधीर मौर्य, कुलदीप मौर्य, अरुण कनौजिया, पार्वती भार्गव, प्रेमकांत कटियार, संदीप वर्मा, राजकुमारी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### मैलानी पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम

मैलानी, अमृत विचार : थाना मैलानी क्षेत्र के हल्का नंबर चार राजा मंडी गांव निवासी अजय प्रताप घर में बैठकर चिलम, हुक्का पीते फिल्मी स्टाइल में नायक नहीं खलनायक हूं मै गाने पर तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। थाना मैलानी पुलिस ने राजा मंडी निवासी 17 वर्षीय अजय प्रताप सिंह पुत्र स्वामी दयाल का तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल होने पर उसे गिरफ्तार कर उसके पास से 315 बोर तमंचा एक कारतूस बरामद किया। पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर थाने में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी थाना प्रभारी राजेश कुमार कुछ सफेद पोस नेताओं व दलालों के दबाव में आकर चालान नहीं कर पाए। यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद काफी चर्चाओं में आने के बाद थाना प्रभारी राजेश कुमार ने नाबालिग का चालान किया। नाम न छापने की शर्त पर नगर के एक व्यक्ति ने यह भी बताया कि सफेद पोश नेता तथा हलका नंबर चार के इंचार्ज से पैसे लेनदेन की बात चल रही है। बात फाइनल होते ही युवक को छोड़ दिया जाएगा। यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मजबूरन तीसरे दिन चालान भेजा। देर रात तक थाने के बाहर दलालो का जमावड़ा लगा रहा। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अनिल कुमार तिवारी, कांस्टेबल शिवओम मौजूद रहे।

### रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए जिन्होंने थाने पर दिया धरना उन्हीं के खिलाफ लिख दी गई रिपोर्ट

मैलानी, अमृत विचार : तीन दिन पूर्व मैलानी थाना गेट पर जिन लोगों ने अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने के लि धरना दिया था, पुलिस ने उन्हीं के खिलाफ मारपीट और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे गुस्साए भाजपाइयों ने गोला पहुंचकर सीओ को ज्ञापन देकर मुकदमा वापस लेने की मांग की है। भाजपा से मंडल मंत्री आसमा बानो पत्नी आबाद खान निवासी मस्जिद वार्ड नंबर 11 के ऊपर कुछ लोगों ने हमला किया था। जिससे आसमा बानो और उसके पुत्र को चोटें आई थी। बताया जाता है कि जमीन आबादी की थी। जिस पर कुछ लोग कब्जा कर रहे थें। जिसका आसमा बानों ने विरोध करने पर दूसरे पक्ष द्वारा हमला किया गया, जिसकी रिपोर्ट आसमा बानों ने मैलानी थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस की कार्रवाई न करने से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर धरना देकर पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद मुकदमा तो दर्ज हुआ। उसके बाद पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर भी मुकदमा दर्ज कर दिया। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने सीओ को ज्ञापन सौंप कर भाजपाइयों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की। पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी और एसआई एके तिवारी को हटाने की भी मांग की है। ज्ञापन देते समय भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय माहेश्वरी, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष पति भवानी शंकर माहेश्वरी, भाजपा अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, बजरंग दल से डॉ पीयूष शुक्ला, शिवगोपाल मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, फरहान खान, सचिन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नशा मुक्त घर व समाज के लिए छात्रों को दिलाई शपथ

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को नशा विरोधी पखवाड़े का समापन हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने छात्र- छात्राओं को मादक द्रव्यों व नशीली दवाओं से होने वाले दुष्प्रभावों और उनसे शरीर को होने वाले नुकसान बताए। प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसलिए स्वयं को नशे से दूर रखकर औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। नशा करने से शरीर को क्षति पहुंचती है। इसके अलावा नशा अपराध का कारण भी बनता है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार एवं समाज पर बोझ बन जाता है। नशा एवं अपराध मुक्त समाज के लिए सभी को प्रयास करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नशा विरोधी जन अभियान का हिस्सा व कार्यकर्ता बनकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने नशा मुक्त भारत, स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करने का छात्र छात्राओं को संकल्प दिलाया। प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी, प्रोफेसर एसके पांडेय, प्रोफेसर विशाल द्विवेदी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### वन चेतना केंद्र में गजराज की मूर्ति बनी आकर्षण का केंद्र

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर के लखीमपुर रोड स्थित वन चेतना केंद्र पार्क की सुंदरता में चार चांद लगाने, लोगों का मनोरंजन कराने के लिए गजराज की विशालकाय मूर्ति विधायक अमन गिरि द्वारा स्थापित कराई गई है, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लखीमपुर रोड जंगल स्थित वन चेतना केंद्र को दिवंगत विधायक अरविंद गिरि द्वारा नगर के प्रमुख व्यापारियों, समाजसेवियों के सहयोग से सजाया संवारा गया था। वन चेतना केंद्र पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूले, ओपन जिम, वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग, टहलने के लिए पथ की सुविधा है। वनराज शेर की मूर्ति भी पहले से लगी हुई है। गोला विधायक अमन गिरि द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को हाथी की विशालकाय मूर्ति वन चेतना केंद्र में स्थापित कराई गई थी, जो पार्क की सुंदरता में चार चांद तो लगा ही रही है साथ ही लोगों का मनोरंजन भी कर रही है। गजराज की विशालकाय मूर्ति विशेषकर बच्चों में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नगर से बाहर जंगल के सुरम्य वातावरण में स्थित इस पार्क में सुबह बुजुर्ग, युवा, बच्चे इस पार्क में टहलने, योगासन करने, झूला झूलने के लिए आते हैं।

# नर्स और उसके पति ने शिक्षक से की अभद्रता

संवाददाता, तंबौर, सीतापुर

अमृत विचार। बुधवार को अपनी गर्भवती पत्नी का टीकाकरण कराने गये एक शिक्षक से स्टाफ नर्स ने अभद्रता की और कक्ष से बाहर भगा दिया। विरोध करने पर स्टाफ नर्स के पति ने ऊंची पहुंच का रौब दिखाया और दंपति से अभद्र व्यवहार किया। शिक्षक ने स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सीएचसी अधीक्षक से शिकायत की है।

तम्बौर इलाके के ग्राम गोविंदापुर निवासी शिक्षक गंगासागर मिश्र पत्नी साक्षी मिश्रा का टीकाकरण कराने बुधवार की सुबह करीब 10 सीएचसी पहुंचे थे। टीकाकरण कक्ष में पहुंचने पर वहां स्टाफ नर्स के मौजूद न होने के चलते वह कक्ष में पड़ी बेंच पर बैठ गये। करीब एक घंटा इंतजार करने के बाद स्टाफ नर्स पहुंची और कक्ष में बैठने पर नाराजगी जताते हुए अभद्रता की और दंपति कक्ष से बाहर भगा दिया। विरोध करने पर स्टाफ नर्स ने अपने पति को बुला लिया। नर्स के पति ने ऊंची पहुंच का रौब दिखाकर अभद्र व्यवहार किया। एक पत्रकार के कैमरे को ट्रेनी फार्मासिस्ट मोहित पांडेय ने छीन लिया बताया जाता है कि उक्त ट्रेनी फार्मासिस्ट का विवादों से पुराना नाता है। शिक्षक ने अधीक्षक से शिकायत की है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज ने टीम गठित कर मामले की जांच किये जाने की बात कही है।

## पूरे दिन गुल रही फीडर 3 की बिजली

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः बुधवार की सुबह तेज हवा और बारिश के चलते नगर की बिजली गुल हो गई। कुछ देर बाद अन्य मोहल्लों की बिजली सप्लाई तो चालू हो गई, पर फीडर नंबर तीन पर पूरे दिन बिजली नहीं आई। नगर सहित पूरे इलाके में बिजली विभाग का यह आलम है कि जरा भी तेज हवा के झोंके आ जाएं तो समझ लीजिए बिजली गुल होना निश्चित है। फिर वह कब आएगी इसका कोई पता नहीं। बिजली अधिकारी फॉल्ट का बहाना बनाकर अपने हाथ खड़े कर देते हैं। बुधवार को फीडर नंबर तीन पर यही हुआ। तेज हवा के बाद बारिश हुई तभी बिजली गुल कर दी गई। फिर लोग पूरे दिन बिजली आने का इंतजार करते रहे।

# साफ हुआ सरायन नदी का घाट

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। नगर में संचय अभियान के अंतर्गत की गई मेहनत रंग लाई। निरंतर चार दिनों से गोपालदास आश्रम स्थित सरायन नदी के घाट का सफाई अभियान चलाया गया। आजाद हिन्द भगत संगठन ने पिछले आठ वर्षो की भांति ही इस वर्ष भी जीवनदायिनी सरायन नदी के गोपाल दास आश्रम स्थित घाट की सफाई अभियान का प्रारंभ चार दिन पूर्व किया गया था।

घटते भूमिगत जलस्तर, घटते जंगल और पेड़-पौधों के लिए प्रत्येक वर्ष संगठन के कार्यकर्ता वर्षा ऋतु से पूर्व घाट सफाई अभियान के साथ साथ पौधरोपण करते आए हैं। संगठन के कार्यकर्ताओं ने


सफाई के बाद साफ दिखता नदी का पानी।

निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए यह दिखा दिया कि एक छोटे स्तर पर कार्य करते हुए कुछ लोगों का समूह भी बड़ा परिवर्तन ला सकता है। संगठन को अभियान में अब तक प्रशासनिक सहयोग नहीं मिला। कार्यकर्ताओ का कहना है कि यह अभियान किसी व्यक्ति विशेष या किसी बैनर का नहीं है। सभी लोगों को इस अभियान से जुड़ना चाहिए।

# नोटिस के बाद भी लग रही फर्जी हाजिरी

संवाददाता, सकरन, सीतापुर

अमृत विचार। खंड विकास अधिकारी द्वारा नोटिस देने के बाद भी ब्लाक सकरन में मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने का मामला थम नही रहा है। प्रधानों द्वारा फोटो से फोटो खींच कर ऑनलाइन हाजिरी लगायी जा रही है।

### तत्कालीन सीडीओ ने जिला मुख्यालय से किया था अटैच

मनरेगा योजना में चल रही ठेकेदारी प्रथा को लेकर विकास खंड में तैनात एक टीए की भूमिका संदेह के घेरे में है। ब्लाक में तैनात टीए छैलबिहारी के पास सकरन व मानपुर सिकरी न्याय पंचायतों की 15 ग्राम पंचायतों का चार्ज है। एक साल पूर्व तत्कालीन सीडीओ अक्षत वर्मा ने भ्रष्टाचार के चलते टीए छैलबिहारी को ब्लाक से हटाकर जिला मुख्यालय पर अटैच कर दिया था। सीडीओ के तबादला हो जाने पर टीए ने जुगाड़ लगाकर पुनः सकरन ब्लाक में अपनी पोस्टिंग करवा ली।

फर्जी हाजिरी लगाने के मामले में विगत 20 मई को खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने सकरन, दुगाना, अदवारी, अंगरासी, बरछता, इस्माइलपुर, कम्भरिया खुनखुन, मोहारी, पखनियापुर, प्यारापुर, पिपराखुर्द, रत्नापुर, कोंशर, उमराखुर्द, झौव्वाकलां, ताजपुर सलौली, चिल्हिया समेत करीब दो दर्जन ग्राम पंचायतों के प्रधान व रोजगार सेवकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा था मगर एक माह बीत जाने के बाद किसी भी किसी प्रधान ने स्पष्टीकरण नहीं दिया। मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी के अलावा फर्जी फोटो भी साइट पर अपलोड किए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान सचिव रोजगार सेवक व टीए मिलकर योजना के तहत फर्जी हाजिरी लगा कर लाखों का भुगतान मनरेगा से करवा रहे हैं। एपीओ रवि सिंह ने बताया कि नोटिस का स्पष्टीकरण न देने वाली ग्राम पंचायतों की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की गयी है।

## दुकान पर सामान लेने गए युवक को पीटा

बिलहरी, अमृत विचारः हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव कपरहा मे मवेशी अस्पताल के कंपाउंडर राहुल तिवारी गांव में सड़क पर एक परचून की दुकान पर सामान लेने गये, जहां युवक पर एक युवक और उसकी मां ने लाठी डंडों से पिटाई कर दी।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव कपरहा में राहुल तिवारी पुत्र राजेंद्र प्रसाद तिवारी अपनी जरुरत का सामान लेने के लिये सड़क पर एक परचून की दुकान पर गये थे वहां पर किसी बात को लेकर गौरव, एक अज्ञात व्यक्ति उसकी मां गाली गलौज करने लगे। जब राहुल ने सभी ब्राह्मणो को अपशब्द कहने से मना किया तो आरोपियों ने हमला कर दिया।

# समय पर ऋण जमा न होने पर होगी ब्याज सहित वसूली

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता रजनीश प्रताप सिंह ने बुधवार को जिले में ऋण वितरण की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले की 132 सहकारी समितियों के माध्यम से सक्रिय किसानों, सदस्यों को रबी एवं खरीफ अभियान के दौरान ऋण वितरण एवं बीज खाद नैनो यूरिया आदि का वितरण किया जाता है। एक जुलाई 2023 से अब तक करीब 99091.16 लाख रुपये वसूली हेतु बकाया है। इसके सापेक्ष 69549.99 लाख की ही वसूली हुई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ब्लॉक में भ्रमण कर किसानों से वसूली कर शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने तहसील सदर, निघासन, धौरहरा, पलिया मोहम्मदी, गोला एवं मितौली में वसूली में तेजी लाने के लिए तहसीलवार टीम गठित कर वसूली करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 30 जून तक धनराशि जमा करने पर न्यूनतम ब्याज देना होगा। मगर, 30 जून बाद 12.70 प्रतिशत ब्याज दर से वसूली होगी।

सख्ती

## ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की हुई बैठक, विकास कार्य योजनाओं के दिये प्रस्ताव

# कार्यशैली सुधारें अधिकारी : विधायक

संवाददाता, सांडा, सीतापुर

अमृत विचार। सकरन ब्लॉक के सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक प्रमुख मिथलेश कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र के विकास से संबंधित कार्ययोजनाओं के प्रस्ताव दिए।


लोगों को संबोधित करते बिसवां विधायक निर्मल वर्मा व मौजूद लहरपुर विधायक अनिल वर्मा व सेउता विधायक ज्ञान तिवारी। अमृत विचार

बैठक में मौजूद सेउता विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की बैठक और आवश्यक कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए मीटिंग हॉल काफी छोटा है, जिसे बड़ा किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने भ्रष्ट अधिकारियों को अपनी कार्यशैली को सुधार लाने की बात भी कही। उन्होंने जल जीवन मिशन के द्वारा गांव में कार्य करने के तरीके पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्य के दौरान गांव में जो सड़कें खोदी गईं हैं उन्हें ठीक से सही नहीं किया जा रहा है जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने सरकार द्वारा गरीब व वंचित वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार कर्मचारी व जनप्रतिनिधि पात्र गरीब परिवारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी लाभार्थीपरक योजनाओं को प्राथमिकता दें। लहरपुर विधायक अनिल वर्मा ने सदन में मनरेगा विकास कार्यों और मनरेगा मजदूरों की बकाया मजदूरी को समय से दिलाए जाने के लिए कहा। सांसद प्रतिनिधि सीतापुर शशांक राठौर ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी जनहित समयबद्ध ढंग से कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय प्रमुख रामकिशोर मिश्र ने किया। इस दौरान जेई सुभाष वर्मा, एपीओ रवि सिंह,जिला पंचायत सदस्य ललिता राज, प्रधान संघ अध्यक्ष सुंदरलाल तिवारी के साथ श्रवण गिरि, ज्ञानेंद्र मिश्र,दिनेश वर्मा, पंकज वर्मा, बुद्धि सागर, पैकरमा मौर्य, प्यारेलाल भार्गव, ब्रजेश सिंह, शिब्बू गौड़, कृपाशंकर वर्मा आदि थे।

# 13 दिन में 6 गांवों से चोरी हुईं छह भैंसें

संवाददाता, महोली/सीतापुर

अमृत विचार। लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले बाइकर्स गैंग का सुराग पाने में नाकाम रही पुलिस को भैंस चोर गैंग ने भी चुनौती दी है। बीते 13 दिनों में गिरोह ने 6 गांवों से करीब आधा दर्जन भैंसें अपने वाहन में लाद कर फरार हो गए। बावजूद इसके रात्रिगश्त का दावा करने वाली पुलिस उनका सुराग तक नहीं पा सकी है।

इलाके में भैंस चोर गैंग की आमद बीती 11 जून की रात में हुई। इस दौरान गिरोह के सदस्य नेकपुर गांव के गुड्डू रैदास की भैंस अपने वाहन में लाद ले गए। यह भैंस महोली कस्बे के मिल कॉलोनी पश्चिमी निवासी विनीता दीक्षित पत्नी अवधेश दीक्षित की थी। उन्होंने गुड्डू को अपनी भैंस बटाई पर दे रखी थी। कई शिकायतों के बावजूद पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की। दूसरा मामला उसी रात कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव में हुआ। यहां के आशाराम घर के अंदर सो रहे थे। बाहर उनकी भैंस बंधी हुई थी। सुबह जब वह सो कर उठे तो उनकी भैंस गायब थी।

### पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर चोरी

बीती सोमवार की रात भैंस चोर गैंग ने रिछाही पुलिस चौकी से कुछ दूर आगे गजपतीपुर गांव में धावा बोला और यहां अयूब की भैंस चोरी कर ली। दूसरी घटना महोली के भाजपा विधायक की ग्राम पंचायत ब्रह्मावली के मजरा अंगरौरा में हुई। यहां के अमरजीत सिंह के घर के बाहर दो भैंसें बंधी हुई थीं। रात करीब दो जब उनकी नींद टूटी तो घर के बाहर बंधी दोनों भैंसें गायब थीं। एक भैंस मिल गई। तीसरी वारदात नेरी-नेवादा पुलिस चौकी के रुस्तम नगर-कोल्हौरा गांव में हुई। यहां के दिवाकर के घर के बाहर बंधी भैंस चोरी हो गयी। पुलिस भैंस चोरी के सभी केस दर्ज नहीं कर रही है।

> कई गांवों से भैंस चोरी की सूचनाएं आ रही हैं। चौकी प्रभारी और बीट के सिपाहियों को चेताया गया है कि वह सक्रियता के साथ रात्रि गशत करें और संदिग्ध वाहनों की तलाशी लें। पुलिस टीम लगी हुई है। शीघ्र ही भैंस चोर गैंग को पकड़ा जाएगा।
>
> -उमाकांत शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक, महोली

**कार्यालय सेनानायक द्वितीय वाहिनी पी०ए०सी० सीतापुर**

पत्र संख्या: भ-11/2024 दिनांक:- 26/06/2024

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वितीय वाहिनी पीएसी, सीतापुर में पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-पीएसी-3-730/2024/802 दिनांक-29.05.2024 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 मानक मद-29 अनुरक्षण (वार्षिक मरम्मत) हेतु आवंटित अनुदान रू 20,00,000/- बीस लाख रू0/- के सापेक्ष जवानों के कल्याण एवं सुख-सुविधा हेतु आवासीय/अनावासीय कार्य कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। फलस्वरूप कराये जाने वाले कार्यो हेतु आवंटित अनुदान के सापेक्ष कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनांक: 03/07/2024 को आमंत्रित की जाती है जो तददिनांक को ही अद्योहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत किये गये राजपत्रित अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 1000 बजे से सायंकाल 0500 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर शर्तो को व निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है।

सेनानायक
द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर

## एक नजर

### पेपर लीक कांड में सुभासपा विधायक शामिलः कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र कांग्रेस ने दावा किया है कि नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम शामिल हैं। प्रश्नपत्र लीक कांड से जुड़ा एक वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस ने यह दावा किया। सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस ने लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी का सहयोगी विधायक नीट पेपर लीक का सरगना है।

### स्पीकर का बयान संसदीय परंपरा के खिलाफ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद ओम बिड़ला की ओर से दिया गया पहला बयान संसदीय परंपराओं के खिलाफ रहा। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता के जरिये सत्ता के खिलाफ मतदान से भाजपा नेताओं का न तो अहंकार कम हुआ और न ही संविधान विरोधी इरादा।

### पत्रिका अपडेट का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राजभवन में आईएएस एसोसिएशन की पत्रिका 'अपडेट' के 27वें अंक का विमोचन किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने पत्रिका 'अपडेट' के 27वें अंक को प्रकाशित करने के लिए आईएएस एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बधाई दी।

# जून में पड़ी गर्मी के लिए हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां जिम्मेदार : योगी

## मुख्यमंत्री ने ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जून की गर्मी देश-प्रदेशवासियों को लंबे समय तक याद आएगी। तापमान बहुत तेजी से बढ़ रहा था। लोग असहाय और असमंजस की स्थिति में थे। इसके लिए उत्तरदायी हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां ही हैं। स्वयं के स्वार्थ के लिए प्रकृति के दोहन की प्रवृत्ति के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई। इस क्रम में उन्होंने राजधानी में कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों के अवैध निर्माण कर लेने का उदाहरण दिया जिसे हाल ही में हटाया गया है। मुख्यमंत्री बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

यहां उन्होंने कहा कि कभी कुकरैल आदि गंगा गोमती की सहायक नदी थी। गर्मी में जब नदियों और जल के स्रोत सूख रहे थे तो कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे। मुख्यमंत्री के मुताबिक्र उप्र. में पौराणिक काल के वन हैं। राज्य के तराई क्षेत्र (बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर, पीलीभीत) में वन सुरक्षित हैं, जबकि उस पार नेपाल में वन समाप्त हो गए हैं। चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अब चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाएं भी मौजूद हैं। उन्हीं संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने लाने, लोगों का आकर्षण बढ़े,, इस दृष्टि से उप्र. ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया गया है।



प्रदर्शनी के दौरान चाक कला के प्रदर्शक से बात करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

▸▸ कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों ने कर लिया था अवैध निर्माण, हम इसे पुनर्जीवित करेंगे

### उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण

सोनभद्र में सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की मान्यता मिले, इसके लिए ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान लखनऊ के मध्य एमओयू भी किया गया। नई ईको पर्यटन इकाई स्थापित करने वाले जालौन के केशवेंद्र सिंह, मनीष मल्होत्रा समेत तीन लोगों को योगी ने सम्मानित भी किया और यहां लगी प्रदर्शनी भी देखी। कार्यक्रम में ईको पर्यटन पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव (वन-पर्यावरण) मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) मुकेश कुमार मेश्राम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जेल भेजा गया दरोगा निलंबित, एसएचओ फरार

**अमृत विचार, लखनऊः** आगरा में दो भाइयों के आत्महत्या करने के मामले में आरोपी दरोगा को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। होमगार्ड ने पुलिस पर उत्पीड़न की सुसाइड नोट पर लिखी थी। वहीं सादाबाद के निलंबित एसएचओ फरार हैं।

मालूम हो कि बरहन थाना क्षेत्र के रूपधनू गांव निवासी होमगार्ड प्रमोद सिंह और उनके सगे भाई संजय सिंह ने हाथरस के सादाबाद थाने की पुलिस उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। यह मामला इतना बढ़ गया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। इसके बाद आरोपी दरोगा को देर रात गिरफ्तार किया गया जबकि सादाबाद थाने के एसएचओ मुकेश कुमार को भी निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया। दरोगा हरिओम को बुधवार को कोर्ट ने जेल भेज दिया । बताते चलें कि हाथरस के सादाबाद थाने के इंस्पेक्टर मुकेश कुमार और दरोगा हरिओम पर सगे भाइयों का उत्पीड़न करने का आरोप है। संजय सिंह ने शनिवार और होमगार्ड प्रमोद सिंह ने सोमवार को आत्महत्या कर ली थी।

## प्रश्नपत्र लीक मामले के अभियुक्तों पर नहीं पड़ेगा अध्यादेश का प्रभाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रश्नपत्र लीक मामले में 300 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

▸▸ आगामी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक कराने पर अब गंभीर सजा

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अध्यादेश-2024 को प्रदेश सरकार ने मंजूरी तो दे दी, लेकिन इसका प्रभाव पूर्व की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों को लीक करने वाले अभियुक्तों पर नहीं पड़ेगा। आरओ-एआरओ एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने वाले सभी 300 अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व के कानूनों की तहत की कार्रवाई होगी। कानूनविदों का कहना है कि आने वाले दिनों में जो परीक्षाएं होंगी उसमें अपराध कारित करने पर अध्यादेश के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि प्रदेश में आयोजित होने वाली सार्वजनिक परीक्षाओं को कराना राज्य सरकार के लिए चुनौती बनती जा रही थी। प्रश्न पत्र लीक होने के कारण सरकार को कई परीक्षाओं को निरस्त करना पड़ा। अब प्रश्न उठता है कि अध्यादेश लागू होने के बाद क्या आरओ-एआरओ परीक्षा एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को लीक कराने वाले इस कानून के तहत सजा पाएंगे? इस पर सरकारी कार्यालयों में पूरे दिन मंथन होता रहा। हालांकि इस प्रकरण पर कानूनविदों का कहना है कि इस अध्यादेश से उन अभियुक्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्हें पूर्व के कानूनों के तहत ही सजा दी जाएगी।

### अध्यादेश के तहत होगी सजा

हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने बताया कि आगामी जो भी परीक्षाएं होंगी इसमें किसी भी प्रकार का अपराध कारित होने पर अध्यादेश के मुताबिक सुनवाई होगी और सजाएं होंगी। उन्होंने बताया कि सरकार का यह फैसला बहुत ही दूरगामी और सराहनीय है। बताते चलें कि आरओ-एआरओ परीक्षा और सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने वालों में अब तक 300 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जिसमें 17 आरोपी मास्टरमाइंड की श्रेणी में हैं। हालांकि पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# आंदोलन के दौरान निलंबित अभियंता जल्द बहाल होंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मार्च 2023 में हुए आंदोलन में शामिल अभियंताओं के खिलाफ हुई कार्रवाईयां विभाग वापस लेगा। बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के 39वें वार्षिक अधिवेशन में पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने यह आश्वासन दिया है।

अधिवेशन में बोलते हुए अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने निलंबित किए गए अभियंताओं को बहाल करने की मांग की। कैशलेस चिकित्सा, इंजीनियर प्रोटेक्शन एक्ट, उत्पादन भत्ता, सस्ती बिजली दिए जाने की मांग भी रखी।

बिजली के सस्ते उत्पादन के लिए ओबरा- डी, अनपरा-ई समेत अन्य परियोजनाओं को उत्पादन निगम के पूर्ण स्वामित्व में लाने की बात रखी। अन्य विभागों की तरह ही मार्च 2005 तक नियुक्त सभी अभियन्ताओं को पुरानी पेंशन दिए जाने की मांग की। इसके अलावा बिजली अभियंताओं ने मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार प्रदेश की जनता को 24घंटे निर्बाध बिजली मुहैया कराने के लिए रात दिन काम करने का संकल्प लिया।



महाधिवेशन की दीप जलाकर शुरुआत करते कार्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल।

▸▸ पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

महाधिवेशन में महासभा की ओर से पारित किए गए प्रस्ताव में कार्रवाई पर कोई फैसला न लेने की स्थिति में विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव को कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। जिसका प्रदेश के सभी अभियंता समर्थन करेंगे। महाधिवेशन में अध्यक्ष राजीव सिंह ने उच्च प्रबंधन स्तर पर विभागीय अभियंताओं की तैनाती किए जाने और सेवा शर्तों में हुए परिवर्तन को वापस लेने के साथ अन्य मुद्दों को भी उठाया।

इस मौके पर उप्र इंजीनियर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एस एस निरंजन, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अभियंता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात सिंह की ओर किया गया।

इस अवसर पर महाधिवेशन विशेषांक 2024 का विमोचन भी मुख्य अतिथि की ओर से किया गया। कार्यक्रम में शार्ट फ़िल्म के माध्यम से प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र स्थापित किए गए कीर्तिमानों और अभियन्ताओं के कार्यों को सराहा गया। महाधिवेशन में विशेष अतिथि के रूप में विभिन्न श्रम संघों, सेवा संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी डॉ.सचिन वैश्य, डॉ.अमित सिंह, महेंद्र राय, पीके दीक्षित, डी के मिश्रा, सरजू त्रिवेदी, सुहैल आबिद, दीपक चक्रवर्ती, रीना त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रही।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए चुन सकेंगे विकल्प

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विकल्प चुनने की खुली छूट दी है।

2024-25 के साथ आगामी अन्य सत्रों के लिए आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया को संशोधन के साथ निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार अब अभ्यर्थी अपनी स्वेच्छा से ग्रुप ए एवं बी राजकीय व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जिला, संस्थान एवं पाठ्यक्रम का विकल्प दे सकेंगे।

## जानकीपुरम ट्रामा सेंटर का प्रशासन बदला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ साढ़ामऊ अस्पताल के सीएमएस को बनाया गया ट्रामा सेंटर का प्रभारी

**अमृत विचारः** राजधानी में जानकीपुरम विस्तार स्तिथ नवनिर्मित ट्रामा सेंटर का प्रशासन बदल गया है। इस ट्रामा सेंटर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ से हटा कर बीकेटी स्तिथ पं.राम सागर संयुक्त चिकित्सालय, साढ़ामऊ से संबद्ध कर दिया गया है। यह आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार ने साढ़ामऊ अस्पताल के प्रशासक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को ट्रामा सेंटर संचालित करने के निर्देश दिए है। प्रशासन बदलने के साथ ही नवनिर्मित ट्रामा सेंटर में मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं मिलने की संभावनाए बढ़ गईं हैं।

राम सागर संयुक्त अस्पताल (साढ़ामऊ)की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.पुष्पा चौधरी ने बताया कि ट्रामा सेंटर में अभी मेरे ही अस्पताल के दो ईएमओ सेवाएं दे रहे हैं। गुरुवार को ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा और मरीजों की जरूरत को देखते हुए ससांधन उपलब्ध कराए जाएंगे। जरूरत के आधार पर चिकित्सक व अन्य स्टाफ की मांग कर, बेहतर तरीके से ट्रामा सेंटर का संचालन किया जाएगा। दुर्घटनाग्रस्त व अन्य गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का उद्देश्य होगा।

मालूम हो कि लखनऊ मध्य में केजीएमयू का एक मात्र ट्रामा सेंटर है जहां गंभीर मरीजों को इलाज मिलता है। इसके अलावा रायबरेली रोड स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के एपेक्स ट्रामा सेंटर में तत्काल दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को ही इलाज की सुविधा है।

## अग्निकांड में नहीं जले महत्वपूर्ण दस्तावेज

**अमृत विचार, लखनऊः** विगत 08 अप्रैल को राजधानी स्थित खनन निदेशालय में कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं जले हैं। उस समय साजिश की आशंका को लेकर सरकार ने मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी थी। एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्यों जांच के लिए सीएफएसएल एवं फोरेंसिक को भी भेजा था। ढाई महीने हुई जांच में वहां से भी आग से जुड़ी किसी साजिश का खुलासा नहीं हो सका। इस प्रकरण पर अभी अधिकृत बयान किसी का नहीं आया है।

## कल से जुटने लगेंगे कारोबारी होटलों में बुक कराए 200 कमरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए व्यापारी नेता 28 से राजधानी में जुटने लगेंगे। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से करीब 1,000 व्यापारी लखनऊ पहुंच रहे हैं। राजधानी के करीब आधा दर्जन से अधिक होटलों में 200 कमरे बुक कराए गए हैं।प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बताया कि प्रांतीय निर्वाचन 29 और 30 जून को होगा। जिसमें 102 पदों के लिए चुनाव होगा। इसके अलावा 125 पदों पर मनोनयन किया जाएगा। सहायक चुनाव अधिकारी सुनील गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की सूचना प्रांतीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों को संगठन के संविधान के अनुसार पहले एक माह पूर्व भेजी गई थी। इसके बाद पुनः सभी सदस्यों को जानकारी दी जा चुकी है।

# 43 हजार करोड़ से बिजली निगमों के आधुनिकीकरण की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ दक्षिणांचल निगम के लिए 12 हजार करोड़ से अधिक धनराशि

▸▸ पांचों वितरण निगमों का आधुनिकीकरण होगा

**अमृत विचारः** प्रदेश की बिजली व्यवस्था को विस्तार देने और इसके आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने की तैयारी में है। इसके अंतर्गत मीटर से लेकर फीडर तक को अत्याधुनिक स्वरूप देने की कवायद की जाएगी। राज्य में बड़े स्तर पर होने जा रहे औद्योगिकीकरण से पहले सरकार बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त करने में जुट गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस संबंध में एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया था। इसमें राज्य के सभी पांच वितरण निगमों के लिए अलग-अलग धनराशि आवंटन का प्रस्ताव है। सरकार सर्वाधिक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर करेगी।

योजना के तहत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 8,759.87 करोड़ रुपए से कायाकल्प की तैयारी है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 10,146 करोड़ रुपए, दक्षिणांचल के लिए 12,300 करोड़ रुपए, पश्चिमांचल के लिए 10,563 करोड़ रुपए और केस्को के लिए 1198 करोड़ रुपये समेत कुल 42,968.55 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। इसके अलावा 29619 करोड़ रुपए से स्मार्ट मीटर के कार्य को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। साथ ही पूर्वांचल, मध्यांचल और दक्षिणांचल निगमों के अंतर्गत ढाई लाख से अधिक घरों के विद्युतीकरण के लिए 917 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं।

### वाराणसी, नोएडा, अयोध्या व कानपुर पर खास नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 1309 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत स्मार्ट डिस्ट्रिब्यूशन प्रॉसेस पर 307.70 करोड़ रुपए, इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के अंडरग्राउंडिंग प्रॉसेस पर 513.58 करोड़ रुपए और आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण के लिए 488.10 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसके अलावा नोएडा के लिए 1535 करोड़ रुपए, अयोध्या के लिए 1200 करोड़ रुपए और कानपुर के लिए 823 करोड़ रुपए से बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण की तैयारी है। प्रदेश के 33 केवी बिजली उपकेंद्रों में लगे 10 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर को भी 'अपग्रेड' कर 20 एमवीए करने की तैयारी है।

## वर्ग पहेली-113

**बाएं से दाएं**

2. 1. आश्चर्य
3. 1. मन में स्थित या जाग्रत भाव
5. 1. पारिश्रमिक 2. मज़दूरी।
7. शरीर या कपड़े आदि पर जमे मैल को साफ़ करने के लिए प्रयुक्त एक प्रसाधन, (सोप)।

**ऊपर से नीचे**

1. यज्ञ या हवन में आग प्रज्वलित करने तथा हवा करने के लिए प्रयोग में आने वाली बांस की नली।
2. 1. घूंघट 2. परदा 3. बुरका 4. ढकना, घेरना, छिपाना 5. घूंघट निकालना।
4. 1. अनावृत करना, परदा हटाना या उठाना 2. पर्दाफाश करना 3. वस्त्रविहीन करना।
6. 1. प्रशंसा, बड़ाई, बखान 2. विशेषता, गुण, सिफ़त 3. परिचय, पहचान।



### वर्ग पहेली -112 का हल



## सुडोकू-26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | | | 3 | | | 6 |
| | 8 | | | | 9 | | | 1 |
| | | 7 | | 2 | | 4 | | 5 |
| 8 | 3 | | | 6 | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| | | | 3 | 9 | | | 4 | 2 |
| 4 | | 8 | | 1 | | 3 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 9 | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | 8 |

### सुडोकू -25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 6 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 4 | 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 3 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 6 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 18.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 11.36 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।


मेष: आज कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं।


वृष: आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।


मिथुन: आज बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको उधार लेने से बचना चाहिए। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है।


कर्क: आज असंतुलित खानपान के कारण कब्जियत हो सकती है। स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मित्रों से आपको काफी सहायता मिल सकती है।


सिंह: आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ने के योग बन रहे हैं।


कन्या: आज दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।


तुला: आज आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। अधूरा कार्य छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।


वृश्चिक: आज वैवाहिक जीवन में संवादहीनता न होने दें। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए।


धनु: आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।


मकर: आज रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वो शुरू हो सकते हैं।


कुंभ: आज भूमि क्रय-विक्रय संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं।


मीन: आज गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। जल्दबाजी में आपको निर्णय नहीं लेना चाहिए। मन में अनावश्यक विचारों के कारण तनाव हो सकता है। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। आलस्य के कारण आप कुछ अच्छे अवसर चूक सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
एक और एक ग्यारह — सुबह : 10.33
अविनाश — शाम : 06.08

SONY MAX
झुंड — सुबह : 09.55
3 इडिट्यस — रात : 09.08

SONY PIX
सैन एंड्रियास — सुबह : 11.22
घोस्टबस्टर्स — रात : 09.00

ZEE CINEMA
त्रिदेव — दोपहर : 12.00
रांझणा — रात : 10.05

colors CINEPLEX
ब्लू — सुबह : 10.20
गब्बर इज बैक — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर- क्या बात है?
संजू- जी, कुत्ते ने काट लिया है।
डॉक्टर- तुमने बाहर बोर्ड पर लिखा नहीं पढ़ा, मरीज देखने का समय केवल सुबह आठ से 11 बजे तक है और तक है और तुम एक बजे आए हो।
संजू- जी मैंने तो पढ़ लिया था, पर कुत्ते ने नहीं पढ़ा।

जीजा- तुम्हें जीवन में क्या चाहिए?
साली- पैसा
जीजा- पैसे को साइड में रखो, अब बताओ क्या चाहिए?
साली- साइड में रखे पैसे।

